धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, रविवार

28.04.2024

* * नगर संस्करण । पेज : 12

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net बैशाख कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 284

12 फिल्म खेल खेल में छह सितंबर को होगी रिलीज

# प्रचंड गर्मी से झारखंड बेहाल, पारा 45 पार

## येलो अलर्ट जारी, स्कूलों में वाटर बेल शुरू , केंद्र ने सतर्कता की दी सलाह

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची।** झारखंड के लगभग सभी जिलें प्रचंड गर्मी ताप झेल रहे हैं। आम लोगों से ले कर पशुपक्षियों का भी गर्मी से से हाल बेहाल है। गर्मी का आलम यह है कि सरायकेला-खरसावां का 45 डिग्री से अधिक पहुंच गया है। किसी भी जिले का तापमान 40 डिग्री से कम नहीं है। मौसम विभाग ने तेज धूप और गर्म हवाओं को लेकर अलर्ट जारी कर रखा है। मात्र छह जिलों का तामपान 40 डिग्री से थोड़ा कम है। लोगों को पूर्वाह्न दस बजे के बाद से घर से निकलना मुश्किल हो गया है। भीषण गरमी की मार को देखते हुए स्कूली बच्चों को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए राज्य के सरकारी स्कूलों में शनिवार से वाटर बेल की शुरूआत कर दी गयी है। स्कूलों का समय भी बदल दिया गया है। केंद्र सरकार ने झारखंड समेत सभी राज्यों को एहतियाती उपाय और लोगों को गर्मी और लू से बचाने के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। (शेष 11 पर)



### स्कूलों में वाटर बेल शुरू

भीषण गर्मी से स्कूली बच्चों को डिहाइड्रेशन और गर्मी से बचाने के लिए राज्य के सरकारी स्कूलों में शनिवार से वाटर बेल की शुरूआत की गयी है। स्कूल अवधि में कम से कम दो बार (सुबह 8:30 और सुबह 10:30 बजे) बच्चों को स्वच्छ और शीतल पेयजल दिया जा रहा है। बच्चों को मध्याहन भोजन में नींबू पानी, शरबत, सत्तू आदि उपलब्ध कराया जा रहा है। शीतल पेयजल के लिए स्कूलों में मिट्टी का घड़ा भी लगाया गया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने सभी जिलों के डीइओ और डीएसइ को इस संबंध में पत्र लिखा था। यह आदेश सरकारी के साथ निजी स्कूलों में भी लागू है।

### कहां का कितना तापमान

पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान सरायकेला-खरसावां का 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं गोड्डा, बहरागोड़ा का तापमान 44 डिग्री से अधिक रिकॉर्ड किया गया। पश्चिमी सिंहभूम और पाकुड़ का तापमान 43 डिग्री से अधिक है। सिमडेगा, साहेबगंज, पलामू, जामताड़ा का तापमान 42 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बोकारो, गढ़वा, गिरिडीह, रामगढ़ का तापमान 41 डिग्री पार है। सबसे कम तामपान 39.5 डिग्री धनबाद, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा और रांची का रिकॉर्ड किया गया।

### मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी कर दी सलाह

तेज धूप और गर्म हवाओं को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 30 तक राज्य में हीट वेव का असर लगातार बढ़ता रहेगा। आने वाले पांच दिनों हीट वेव का असर लगातार बढ़ेगा। इसमें पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, गुमला और खूंटी में भी कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति बनी रहेगी। विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि दिन के पूर्वाह्न 11:00 बजे से लेकर दोपहर के 04:00 बजे तक बाहर न निकलें। समय-समय पर पानी पीते रहें। साथ ही कॉटन कपड़े का इस्तेमाल करें। बाहर निकलने से पहले शरीर को अच्छी तरह ढक लें।

# गढ़वा: बीडीओ ने सरकारी आवास में कर ली खुदकुशी

## विशुनपुरा में पदस्थापित थे हीरक मन्ना करकेट्टा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** विशुनपुरा प्रखंड के बीडीओ हीरक मन्ना करकेट्टा ने शनिवार की दोपहर सरकारी आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की सूचना मिलते ही उपायुक्त शेखर जमुआर समेत जिले के अधिकारी उनके सरकारी आवास पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस भी जांच में जुट गयी है। बताया जा रहा है कि वे मानसिक रूप से परेशान थे।



### मारपीट का था आरोप

विशुनपुरा प्रखंड के बीडीओ हीरक मन्ना करकेट्टा पर दो दिन पहले राजस्व उपनिरीक्षक जीतेन्द्र कुमार के घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगा था। इस संबंध में राजस्व उपनिरीक्षक ने उपायुक्त को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी। बताया जा रहा है कि इससे वे बेहद परेशान थे। जानकारी के अनुसार श्री केरकेट्टा पहले से ही मानसिक रूप से असामान्य रहते थे। डीसी को आवेदन दिये जाने के बाद वे काफी परेशान दिख रहे थे।

### घर का हाल देख स्टाफ स्तब्ध

बीडीओ की खुदकुशी से उनके स्टाफ भी स्तब्ध है। शनिवार की सुबह प्रखंड का एक स्टाफ सिग्नेचर कराने के लिए उनके आवास में पहुंचा। दरवाजा बंद मिला। फिर तीन बजे गया, तब भी दरवाजा बंद मिला, तो इसकी सूचना विशुनपुरा थाने को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राहुल सिंह बीडीओ आवास पर पहुंचे। खिड़की से देखा गया तो बीडीओ का शव रस्सी से झूल रहा था।

## न्यूज डायरी

### सरायकेला के सत्र न्यायाधीश निलंबित

**रांची।** अनुशासनहीनता को लेकर झारखंड हाइकोर्ट ने सरायकेला के प्रिंसिपल जिला जज विजय कुमार नंबर 3 को निलंबित किया है। इसकी पुष्टि हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने की है। उन्होंने बताया कि निलंबन के बाद अन्य न्यायिक अधिकारी को सरायकेला प्रधान जिला जज का चार्ज दे दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय झारखंड हाइकोर्ट रहेगा।

### हेलीकॉप्टर में फिसल जाने से ममता घायल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम एवं तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी को शनिवार को एक बार फिर घायल हो गयीं। दुगार्पुर में हेलीकॉप्टर के अंदर फिसलकर गिर जाने से मामूली चोटें आयीं। यह घटना तब हुई, जब वह चुनाव प्रचार के लिए आसनसोल जाने के हेलीकॉप्टर के अंदर गयीं। घटना के बाद भी, वह चुनावी सभा में भाग लेने आसनसोल पहुंची। वहां उनका स्वागत पार्टी उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा ने किया।

### कांग्रेस से रामटहल का मोह भंग, इस्तीफा

**रांची।** एक माह में ही रामटहल चौधरी का कांग्रेस से मोह भंग हो गया और उन्होंने इस्तीफे की घोषणा कर दी। श्री चौधरी 28 मार्च को कांग्रेस में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उन्हें रांची से टिकट देने का वादा किया था, पर पूरा नहीं किया।

### मई के पहले सप्ताह झारखंड आयेंगे मोदी

**रांची।** पीएम मोदी मोदी मई के पहले सप्ताह में झारखंड आ सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक वे यहां चाईबासा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। हालांकि अबतक उनका कार्यक्रम फाइनल नहीं है।

### कोडरमा में विनोद सिंह एक को भरेंगे पर्चा

**कोडरमा।** कोडरमा लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी भाकपा माले के विधायक विनोद कुमार सिंह एक मई को नामंकन करेंगे । इस आशय की जानकारी भाकपा माले राज्य कमेटी के सदस्य राजेश यादव ने दी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 69200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 90000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# चाचा के अंतिम संस्कार में भाग नहीं ले सके हेमंत सोरेन

**रांची (खबर मन्त्र ब्यूरो)।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के चाचा और झामुमो प्रमुख शिबु सोरेन के बड़े भाई राजाराम सोरेन का पैतृक गांव नेमरा में पारंपरिक तरीके से अंतिम संस्कार कर दिया गया। सीएम चंपई सोरेन, छोटे भाई शिबू सोरेन व सभी परिजन वहां मौजूद रहे। हेमंत सोरेन को कोर्ट से जमानत नहीं मिलने के कारण वे अपने बड़े पिताजी के दाह संस्कार में भाग नहीं ले सके। उन्होंने कोर्ट से अपने चाचा के दाह संस्कार से लेकर पूरे क्रिया क्रम के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 13 दिन की अग्रिम जमानत की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया। राजाराम सोरेन का लंबी बीमारी के बाद रांची में शनिवार को निधन हो गया था। रांची से पार्थिव शरीर उनके पैतृक आवास नेमरा लाया गया। हेमंत सोरेन को छोड़ कर अंतिम संस्कार कार्यक्रम में परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे। शिबू सोरेन, मंत्री बसंत सोरेन, कल्पना सोरेन सहित सभी सदस्यों ने पारंपरिक तरीके से राजाराम सोरेन को श्रद्धांजलि दी। सीएम चंपई सोरेन भी नेमरा गांव पहुंचे। उन्होंने कहा कि राजाराम सोरेन बड़े भाई की तरह थे। उनके निधन से सभी काफी मर्माहत हैं। हर समय वे साथ रहे हैं।

### बर्ड फ्लू संक्रमित दो डॉ. सहित छह लोग क्वारंटाइन

**रांची।** राजधानी रांची के होटवार इलाके में बर्ड फ्लू फैला हुआ है। प्रशासन ने इससे निपटने की पूरी तैयारी कर ली है। प्रभावित इलाका क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र होटवार में है। एहतियात के तौर पर वहां के दो चिकित्सकों समेत छह लोगों को क्वारंटाइन किया गया है। कुक्कुट प्रक्षेत्र के आसपास के इलाके को कंटोनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है। प्रक्षेत्र के डॉ गणेश ने बताया कि प्रतिबंधित जोन के एक किमी के रेडियस में मुर्गी, बत्तख और अंडों को जब्त कर नष्ट करने का काम किया जा रहा है। साथ ही लोगों को अलर्ट किया गया है। बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद दिल्ली से विशेषज्ञों की टीम रांची आयी थी। टीम ने बर्ड फ्लू के नमूने एकत्र किए हैं। इसकी जांच की जायेगी। जानकारी के मुताबिक, संक्रमण शहर के दूसरे इलाकों में ना फैले इसके लिए जरुरी इंतजाम किए जा रहे हैं।

### कुकी उघवादियों के हमले में दो जवान शहीद

**इंफाल।** मणिपुर के नारानसेना इलाके में शनिवार को संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के हमले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवान शहाद हो गये और चार घायल हैं। उग्रवादियों के धमाके में इंस्पेक्टर जादव दास, एसआइ एन सरकार, एचसी अरूप सैनी और सीटी आफताब हुसैन सहित चार कर्मी घायल हो गये थे। इनमें एसआई/जीडी एन साकार और एचसी/जीडी अरूप सैनी शहीद हो गये। पुलिस ने कहा कि आतंकवादियों ने बिष्णुपुर जिले के मोइरंग पुलिस थाना क्षेत्र में नारायणसेना के एक गांव में सीआरपीएफ कर्मियों पर गोलीबारी करते हुए आधी रात को हमला किया और बम फेंके। एक संयुक्त बल क्षेत्र में पहुंचा और तलाशी अभियान चलाया।


# अमेठी व रायबरेली से राहुल-प्रियंका गांधी की उम्मीदवारी पर सस्पेंस जारी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वायनाड से चुनाव लड़ने के राहुल गांधी के फैसले का बचाव करते हुए अमेठी और रायबरेली में पार्टी उम्मीदवारों पर सस्पेंस बनाये रखा। खड़गे ने कहा, वायनाड के लोग राहुल गांधी को अपने सांसद के रूप में देखना चाहते थे। इसीलिए उन्होंने उस सीट से चुनाव लड़ा।

श्री खड़गे ने कहा कि अमेठी और रायबरेली सीटों के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों के नामों की घोषणा शीघ्र की जायेगी। उन्होंने कहा, कुछ दिन और रुको। हम दोनों सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के दिग्गज नेता अटल बिहारी वाजपेयी और लाल कृष्ण आडवाणी ने भी कई बार अपनी लोकसभा सीटें बदलीं।

### 3 को खूंटी और लोहरदगा में राहुल की रैली



**रांची।** राहुल गांधी तीन मई को खूंटी और लोहरदगा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने खूंटी और गुमला कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। गुमला के बसिया में राहुल की जनसभा को लेकर उन्होंने कार्यकर्ताओं को अहम निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रैली से कार्यकर्ताओं में नयी ऊर्जा का संचार होगा। युवाओं, किसानों, महिलाओं, आदिवासियों में राहुल की रैली को लेकर काफी उत्साह है।


सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,

निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004

E-mail : ceocomputercell1@gmail.com

## आम सूचना

'लोक सभा निर्वाचन-2024' के सफल संचालन के उद्देश्य से राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष 24X7 कार्यरत है। चुनाव से संबंधित किसी भी शिकायत एवं जानकारी हेतु राज्य मुख्यालय, राँची में अवस्थित नियंत्रण कक्ष (Control Room) के टॉलफ्री नं॰ - 1800-331-1950 एवं Voter Helpline Number - 1950 पर आवश्यकतानुसार संपर्क किया जा सकता है।

### जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष

| क्रम सं0 | जिला | | सम्पर्क दूरभाष |
|---|---|---|---|
| 1. | साहेबगंज | - | 06436-356485, 06436-222101 |
| 2. | पाकुड़ | - | 06435-222064, 9262216191 |
| 3. | दुमका | - | 06434-295042 |
| 4. | जामताड़ा | - | 06433-222004, 06433-222006, 06433-222007 |
| 5. | देवघर | - | 06432-275733, 1800-345-0733 |
| 6. | गोड्डा | - | 06422-222002 |
| 7. | कोडरमा | - | 06534-252219 |
| 8. | हजारीबाग | - | 06546-265233 |
| 9. | रामगढ़ | - | 06553-261417, 06553-261427 |
| 10. | चतरा | - | 06541-253219 |
| 11. | गिरिडीह | - | 06532-228829, 9693143157 |
| 12. | बोकारो | - | 06542-242402, 06542-221125 |
| 13. | धनबाद | - | 03262-222045 |
| 14. | पूर्वी सिंहभूम | - | 06572-440111, 0657-2221718, 0657-2221717 |
| 15. | सरायकेला खरसावां | - | 1800-345-6485, 1800-345-6484, 1800-345-6483 |
| 16. | पश्चिमी सिंहभूम | - | 06582-296128 |
| 17. | रांची | - | 8987790664, 9798300836 |
| 18. | खूंटी | - | 06528-221755, 9262998530 |
| 19. | गुमला | - | 06524-223686 |
| 20. | सिमडेगा | - | 06525-299908 |
| 21. | लोहरदगा | - | 06526-224014 |
| 22. | लातेहार | - | 06565-247981 |
| 23. | पलामू | - | 06562-230003, 06562-222295, 06562-230002 |
| 24. | गढ़वा | - | 06201-261084 |

आदर्श आचार संहिता/निर्वाचन व्यय संबंधी उल्लंघन की घटना तथा अन्य शिकायत एवं जानकारी हेतु उपरोक्त दूरभाष नम्बरों का भी आवश्यकतानुसार उपयोग किया जा सकता है।

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें

Voter Helpline cVIGIL Saksham-ECI KYC-ECI

PR NO 324145 (Election) IPRD 24-25

(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव।

# इस बार दिन भर मतदान

प्रवासी मजदूरों को वोट के लिए प्रेरित करना चुनाव आयोग के लिए बड़ी चुनौती

# सरकार को 10.50 लाख प्रवासी श्रमिकों की कोई जानकारी नहीं

## श्रमाधान पोर्टल पर 1,70,832 मजदूरों का ही डेटा उपलब्ध

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** चुनाव आयोग ने झारखंड के प्रवासी मजदूरों से संपर्क कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने का मन बनाया है। इसे लेकर आयोग ने उच्चस्तरीय बैठक भी की थी। राज्य में 25 अप्रैल 2024 तक कुल एक लाख 70 हजार 832 श्रमिकों ने ही प्रवासी श्रमिक के रूप में निबंधन कराया है। कोरोना काल में (वर्ष 2020-21) विभिन्न राज्यों में काम करनेवाले झारखंड लौटे श्रमिकों की संख्या करीब 10.5 लाख से अधिक थी। इसका निबंधन लेबर कंट्रोल रूम झारखंड सरकार ने किया था। लेकिन श्रम विभाग सभी प्रवासी श्रमिकों का निबंधन नहीं करा पाया। विभाग की लापरवाही के कारण प्रवासी श्रमिकों को सरकार से मिलने वाली सुविधाओं से भी वंचित रहना पड़ता है। प्रवासी श्रमिक कंट्रोल रूम के पुराने आंकड़े बताते हैं कि लाखों श्रमिक बाहर काम कर रहे हैं, पर उन लोगों ने निबंधन नहीं कराया है।

**गिरिडीह, पलामू, चतरा, गोड्डा और दुमका के सर्वाधिक प्रवासी श्रमिक :** फिया फाउंडेशन के जॉन्सन टोपनो के अनुसार कोरोना के समय 10 लाख से अधिक प्रवासी मजदूरों का लेबर कंट्रोल रूम ने रजिस्ट्रेशन किया था। महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु, कर्नाटक, दिल्ली, पंजाब, तेलंगाना और केरल में राज्य के सबसे अधिक प्रवासी मजदूर थे। वहीं गिरिडीह, पलामू, गढ़वा, गोड्डा, दुमका जिला के सबसे ज्यादा प्रवासी श्रमिक दूसरे राज्यों में काम कर रहे थे।

**पलायन करने वाले मजदूरों की संख्या 15 लाख से अधिक : बलराम**
खाद्यान मामले में सुप्रीम कोर्ट के सलाहकार रहे बलराम कहते हैं कि राज्य के प्रवासी मजदूरों की संख्या 15 लाख से अधिक है। चुनाव महापर्व में प्रवासी श्रमिकों के मतदान नहीं करने से वोटिंग प्रतिशत में कमी आएगी। उनका कहना है कि हाल के दिनों में आदिवासी इलाके में ज्यादा जा रहा हूं। आदिवासी गांवों में हर दूसरे घर से काम के लिए लोग दूसरे राज्य गये हैं। आदिवासी क्षेत्र से पलायन साइलेंटली होता है। गांव जाकर ही सही स्थिति देखी जा सकती है और पलायन का पता लगाया जा सकता है।

### निबंधन कराने पर सरकार दे रही है कई तरह के लाभ

निबंधन करानेवाले श्रमिकों की मृत्यु होने या दुर्घटना में घायल होने पर आश्रितों को दो लाख रुपये देने का प्रावधान है। वहीं बगैर निबंधन वाले मजदूरों को डेढ़ लाख रुपये देने का प्रावधान है। दुर्घटना में एक अंग या एक आंख का नुकसान होने पर एक लाख रुपये देने का प्रावधान है। वहीं मौत होने पर मजदूर के शव व उसके परिवार को पैतृक आवास तक पहुंचाने का संपूर्ण खर्च राज्य सरकार वहन करती है।

चौथे चरण के चुनाव के लिए वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण

# पारदर्शी और स्वच्छ मतदान के लिए चुनाव आयोग तत्पर : के रवि कुमार

## फेक न्यूज पर लगातार रखी जा रही निगरानी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कहा है कि चौथे चरण के चुनाव के लिए लोहरदगा, खूंटी, पलामू और सिंहभूम लोक सभा क्षेत्र में वोटर इन्फार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू हो चुका है। बीएलओ घर-घर जाकर यह कार्य कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी चाहें, तो वह बीएलओ के साथ वोटर स्लिप वितरण देखने के लिए साथ जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शनिवार को निर्वाचन सदन, रांची, धुर्वा में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि वोटर इन्फार्मेशन स्लिप में मतदाता का नाम, बूथ संख्या और स्थान, मतदाता को मतदान के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना है तथा गूगल मैप के साथ बूथ का लोकेशन भी रहेगा। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग वोटर इन्फार्मेशन स्लिप वितरण के दौरान यह भी सर्वे करेगा कि कितने लोगों के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है। मतदाता को मतदान के लिए इस स्लिप के साथ वोटर आइडी कार्ड ले जाना होगा। मतदाता पहचान पत्र नहीं रहने की स्थिति में आयोग द्वारा मान्य 12 तरह के पहचान पत्र मतदान के लिए ले जाना होगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पारदर्शी मतदान के लिए एएसडी (आफसेंट, शिफ्ट, डेथ) की भी सूची बनाई गई है, ताकि अनुपस्थित, दूसरी जगह जा चुके या जिनका निधन हो चुका है, उनके नाम पर बोगस मतदान की आशंका नहीं रहे। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान बीएलओ भी मतदान केंद्र पर रहेंगे, ताकि स्थानीय होने के कारण मतदाता की सही पहचान सुनिश्चित हो सके। वहीं सभी बूथों पर 14 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों को वालिंटियर के रूप में रखा जायेगा। ये जहां मतदाताओं को गाइड करेंगे वहीं भविष्य के कुशल मतदाता के रूप में तैयार होंगे। ऐसे वालिंटियरों का चयन कर ट्रेनिंग भी दी जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भ्रामक खबरों (फेक न्यूज) के प्रकाशन, प्रसारण सहित सोशल मीडिया पर उसके पोस्ट की लगातार निगरानी की जा रही है। भ्रामक खबर मिलने पर संबंधित संस्थान, व्यक्ति पर कारवाई की प्रक्रिया अपनायी जाएगी।


## AFFDAVIT

I Sangeeta sinha D/o Vinod Kumar Sinha, resident of Flat No.814. Tri venipuram Tower 3 Kaveri, Booty. P.S. Sadar, District Ranchi, Jharkhand-835217, do hereby solemnly affirm and declare as follows :-

1. That I am the deponent of this affidavit,
2. That sangeeta sinha and sangeeta are the name of the same person.
3. That my Matriculation, Intermediate, and Graduation Certificates are in the name of Sangeeta, where as my PAN Card, Aadhar card and Bank Accounts are in the name of Sangeeta sinha,
4. That Sangeeta sinha and Sangeeta both are the name of same and one person, that is I my self,
5. That thestatements as made above on this affidavit is true and correct, if found any irregularity, ten I will be held liable for the same.

1142
31/10/2023


# गवाहों को दी जाती है धमकी और गवाही न देने के लिए किया जाता है विवश : हाइकोर्ट

## झारखंड में सांसदों-विधायकों के मामले लंबित रहने पर हाइकोर्ट की टिप्पणी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य के सांसदों-विधायकों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों के निष्पादन में देरी होने पर सीबीआइ पर असंतोष जताते हुए टिप्पणी की है। सीबीआइ ने शपथ पत्र में सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों के लंबित रहने का सटीक कारण नहीं बताया था।

**देरी होने से गवाह अभियोजन पक्ष का समर्थन नहीं कर पाते :** हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षतावाली खंडपीठ ने ऑब्जर्व किया कि यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि मुकदमे के दौरान लंबे स्थगन के कारण गवाहों को धमकी दी जाती है और आरोपियों के खिलाफ गवाही न देने के लिए मजबूर किया जाता है। यह भी स्थिति दिखती है कि लंबे अंतराल के कारण गवाह, भले ही ईमानदार हों, स्मृति हानि या इसी तरह के किसी अन्य कारण से अभियोजन पक्ष का समर्थन नहीं कर पाते हैं।

**अभियोजन एजेंसी की ओर से ढिलाई पर शुरूआत में ही अंकुश लगे :** खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि अभियोजन एजेंसी एक वैधानिक कर्तव्य के तहत है और भारत का संविधान भी इसे मामलों के शीघ्र और शीघ्र निस्तारण के लिए त्वरित और आवश्यक कदम उठाने का आदेश देता है। खंडपीठ की राय में गलती करनेवाले अधिकारी की पहचान करने का समय आ गया है ताकि अभियोजन एजेंसी की ओर से ढिलाई पर शुरुआत में ही अंकुश लगाया जा सके।

**सीबीआइ ने दी थी सफाई :** सीबीआइ ने सांसदों-विधायकों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों के निष्पादन में देरी के संबंध में सफाई देते हुए सीमित अदालती संसाधनों, कानून अधिकारियों की कमी, मामलों की जटिलता और संवैधानिक अदालतों के स्थगन आदेश जैसे कारणों को गिनाया था। उस पर हाइकोर्ट ने नाराजगी व्यक्त की और कहा कि ये ट्रायल में विलंब के लिए अपर्याप्त स्पष्टीकरण हैं। कोर्ट ने सीबीआइ की ओर से दी गई सफाई पर असंतोष भी व्यक्त किया।

# रामटहल चौधरी ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा बोले- झंडा लेकर समर्थन करने कांग्रेस में नहीं आया था

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पिछले दिनों कांग्रेस में शामिल हुए रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने रांची से टिकट नहीं दिए जाने को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पार्टी में शामिल कराने के लिए सभी प्रक्रिया पूरी की। बायोडाटा मांगा गया। इसके बाद झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने उन्हें कांग्रेस में शामिल कराया। इसके बाद उम्मीदवार की घोषणा के लिए भी लंबा समय लिया। जब टिकट की घोषणा हुई तो वह सबके सामने है। मैं कोई झंडा लेकर समर्थन करने नहीं आया हूं, इसलिए मैंने पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 5 सालों में बीजेपी का दरवाजा नहीं खटखटाया है। उन्होंने फिलहाल निर्दलीय या किसी अन्य पार्टी से चुनाव लड़ने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि सर्वसम्मति से अपने करीबियों से निर्णय के बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी।

**नीतीश कुमार ने दिया था ऑफर**
उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने उन्हें ऑफर दिया था। उस समय वह भी इंडिया गठबंधन में थे। रांची से सीट देने की भी बात भी कही थी। वहीं रामटहल चौधरी ने बीजेपी को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि जब भाजपा से जीता था तो पार्टी को केवल दिया, उनसे कुछ लिया नहीं।

# जब्त नशीले पदार्थों के लिए अलग से बनेगा मालखाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जब्त नशीले पदार्थ को रखने के लिए अलग से मालखाना बनेगा। झारखंड के सभी जिले में मालखाना बनाया जायेगा। जिनमें रांची, जमशेदपुर, सराइकेला, गढ़वा, चतरा, धनबाद, दुमका, जामताड़ा, देवघर, साहेबगंज और गोड्डा में जब्त नशीले पदार्थ के मालखाना बनेगा। जबकि गुमला, खूंटी, लोहरदगा, कोडरमा, सिमडेगा, लातेहार, पलामू, हजारीबाग, रामगढ़, गिरिडीह, चाईबासा,



बोकारो और पाकुड़ जिले में पहले से भवन का जीर्णोद्वार कर मालखाना बनाया जायेगा।

**नशा कारोबारी खिलाफ बढ़ायी जा रही निगरानी :** नौ जिलों की पुलिस ने मिलकर 205 नशे के सौदागरों के खिलाफ डोसियर तैयार किया है। चतरा जिला की पुलिस ने सबसे अधिक 177 नशे के सौदागरों के खिलाफ डोजियर खोला है। संबंधित जिलों के एसपी ने इससे संबंधित आंकड़ा तैयार कर पुलिस मुख्यालय को भेज दिया है। दूसरी ओर 29 नशे के सौदागरों के खिलाफ पिट अधिनियम के तहत जिला बदर की कार्रवाई के लिए नया प्रस्ताव तैयार किया गया है।

**पिछले पांच साल में सबसे अधिक मामले हुए दर्ज :** पिछले पांच साल के दौरान झारखंड सात जिले के 15 थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत सबसे अधिक मामले दर्ज हुए हैं।

## खबर एक नजर में

### पलामू व लोहरदगा में आज गरजेंगे बाबूलाल



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी 28 अप्रैल को पलामू और लोहरदगा में जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री मरांडी छतरपुर विधानसभा के किशनपुर मध्य विद्यालय मैदान में आयोजित जनसभा को 11 बजे संबोधित करेंगे। वहीं, लोहरदगा के भंडरा में ठाकुरबाड़ी के सामने आयोजित जनसभा को 3 बजे संबोधित करेंगे।

### राज्य के सरकारी स्कूलों में वाटर बेल शुरू



रांची। झारखंड में भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में राज्य के सरकारी स्कलों में स्कूली बच्चों को डिहाइड्रेशन और गर्मी से बचाने के लिए शनिवार से वाटर बेल की शुरूआत की गयी है। स्कूल अवधि में कम से कम दो बार (सुबह 8:30 और सुबह 10:30 बजे) बच्चों को स्वच्छ और शीतल पेयजल दिया जा रहा है। बच्चों को मध्याहन भोजन में नींबू पानी, शरबत, सत्तू आदि उपलब्ध कराया जा रहा है। शीतल पेयजल के लिए स्कूलों में मिट्टी का घड़ा भी लगाया गया है।

### अफसर अली की और दो दिनों की रिमांड बढ़ी

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े 8.46 एकड़ जमीन की फजीर्वाड़ा मामले में सोमवार को 12 दिनों की रिमांड पूरी होने के बाद अफसर अली को ईडी की विशेष अदालत में आज पेश किया गया। ईडी ने अफसर अली से और पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए 2 दिनों की और रिमांड देने का आग्रह किया। इस पर कोर्ट ने 29 अप्रैल तक के लिए रिमांड प्रदान की है। बताते ईडी ने अफसर अली को 8.46 एकड़ जमीन के फजीर्वाड़ा मामले में प्रोडक्शन रिमांड पर लिया था। मामले में अबतक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भानु प्रताप प्रसाद समेत 5 को चार्जशिटेट आरोपी बनाया गया है। अबतक 8 लोगों की गिरफ्तारी हुई है।


## कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, राँची

शिक्षा विभाग परिसर, पो०-कोर्ट कम्पाउण्ड, रांची – 834001,
फोन/फैक्स–0651–2215544 email- rmsaranchi0651@gmail.com

### प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री सैकत बनर्जी, सहायक शिक्षक, एस0एस0 +2 उच्च विद्यालय ककरिया, लापुंग, रांची बिना सूचना के अनाधिकृत रूप से दिनांक–29.02.2020 से लगातार विद्यालय से अनुपस्थित हैं।

श्री सैकत बनर्जी को इस विज्ञप्ति के माध्यम से निदेश दिया जाता है कि विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि के तीन (07) दिनों के अन्दर जिला शिक्षा पदाधिकारी, रांची के समक्ष सशरीर उपस्थित होकर अपना योगदान करना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित समय सीमा के अन्दर योगदान नहीं करने पर यह समझा जायेगा कि श्री बनर्जी को इस सेवा में कोई रूचि नहीं है तत्पश्चात् इनकी सेवा समाप्त करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जायगी। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही श्री बनर्जी की होगी।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
रांची

PR.NO.324149Human Resource Developement(24-25):D


# झामुमो ने चुनाव प्रचार के लिए स्टार प्रचारकों की सूची बनायी

## शिबू सोरेन, सीएम चंपाई, कल्पना और हेमंत सोरेन होंगे मुख्य स्टार प्रचारक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में चार चरणों में लोकसभा का चुनाव होना है। नामांकन की प्रकिया शुरू हो गयी है। इस बीच जेएमएम ने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की है। जिसमें पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व सीएम और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन को मुख्य प्रचारक बनाया गया है। वहीं सीएम चंपाई सोरेन के साथ पूर्व सीएम हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन के अलावा नलिन सोरेन, प्रो. स्टीफन मरांडी, मथुरा प्रसाद महतो, सविता महतो, सरफराज अहमद, बैजनाथ राम, विनोद कुमार पाण्डेय, फागु बेसरा, सुप्रियो भट्टाचार्य, दीपक बिरुआ, सुदिव्य कुमार सोनु, मिथिलेश कुमार ठाकुर, चमरा लिंडा, योगेंद्र महतो, अभिषेक कुमार पिंटु, नंदकिशोर मेहता, जोबा मांझी, समीर मोहंती, विजय हांसदा, महुआ माजी, निरल पूर्ति, रामदास सोरेन, हिदायतुल्लाह खान, दशरथ गगराई, बसंत सोरेन, हफिजुल हसन, बेबी महतो, निजामुद्दीन अंसारी, सुखराम उरांव, भुषण तिर्की, मंगल कालिंदी, जिगा सुसरण होरो, विकाश सिंह मुंडा, संजीव सरदार, दिनेश विलियम मरांडी और हेमलाल मुर्मू को लिस्ट में शामिल किया गया है।

हाइकोर्ट के जज और झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष की पहल पर लगी लोक अदालत

# चेक बाउंस व बिजली से संबंधित लोक अदालत में 3250 मामलों का निष्पादन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जज और झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद की पहल पर पूरे राज्य में चेक बाउंस एवं बिजली से संबंधित मामलों को लेकर झालसा के द्वारा विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें कुल 24727 प्री. लिटिगेशन एवं कुल 3250 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया। साथ ही कुल ₹27,05,28,545 का सेटलमेंट किया गया।

आपको बता दें कि झालसा की ओर से इस विशेष लोक अदालत के आयोजन की तैयारी एक माह से की जा रही थी। झालसा द्वारा सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकारों को पत्र के माध्यम से उक्त विशेष लोक अदालत आयोजित करने का निर्देश दिया गया था। झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना ने 22 अप्रैल को सभी जिलों के संबंधित न्यायिक पदाधिकारियों एवं विभागों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की थी।

**चेक बाउंस के 1860 एवं विद्युत अधिनियम के 738 वादें निष्पादित :** चेक बाउंस एवं विद्युत अधिनियम से संबंधित विशेष लोक अदालत का शनिवार को समापन हो गया। विशेष लोक अदालत को सफल बनाने के लिए कुल 27 बेंचों का गठन किया गया था। इसमें एनआई एक्ट के लिए -23 एवं विद्युत अधिनियम के लिए -4 बेंचों का गठन किया गया था। मालूम हो कि विशेष लोक अदालत में चेक बाउंस के 1860 वाद एवं विद्युत अधिनियम के 738 वादों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया। पूर्व में ही चेक बाउंस के लिए 6000 मामलों को चिन्हित कर नोटिस एवं विद्युत अधिनियम के 1100 मामलों को चिन्हित कर पक्षकारों को विभिन्न न्यायालय के माध्यम से नोटिस भेजा गया था।

**मासिक लोक अदालत का सफल आयोजन :** बताते चलें कि शनिवार को ही मासिक लोक अदालत का भी आयोजन किया गया। इसके लिए भी 7 बेंच का गठन किया गया था। इस मासिक लोक अदालत में कुल 361 वादों का निष्पादन किया गया, वहीं 34,41,156/- (चौतिस लाख ईकतालिस हजार एक सौ छप्पन) रुपयों वूसली की गई।


## कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, हजारीबाग (प्रेक्षक कोषांग)

### प्रेस विज्ञप्ति

आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन–2024 के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 14–हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निम्नवत् व्यय प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है, जिनके साथ विवरणी अनुसार सम्पर्क पदाधिकारी को संबद्ध किया गया है।

| Sl. | Name of Observer | Name of Constituancy | Name of Room | Name of Lision Officer |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Sri. Tangirala Muralidhar (IRS) **Expenditure Observer** **Mob. No.-8092559737** | 23- Ramgarh 24-Mandu | New Circuit House **(Koel)** | Mr. Tipu Sultan, Project Manager (PMU) DMFT, Hazaribag. Mob. No.-**8860587182** |
| 02 | Sri. Rajesh Vithalrao Shelke (IRS) **Expenditure Observer** **Mob. No.8987833278** | 21-Barhi 22-Barkagaon 25-Hazaribag. | New Circuit House **(Bhairvi)** | Mr. Sajjad Ansari, Project Manager, (PMU) DMFT, Hazaribag. Mob. No.-**8789639390** |

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं सभी राजनैतिक दल संबंधित विधानसभावार प्रतिनियुक्त व्यय प्रेक्षक से अपनी शिकायतों एवं समस्या के निराकरण हेतु मिलकर अथवा उपरोक्त अंकित मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर सकते है।
(मिलने का समय – 06:00 PM से 07:00 PM तक)

निदेशानुसार।
नोडल पदाधिकारी,
प्रेक्षक कोषांग–सह–नजारत उपसमाहर्ता
हजारीबाग।

PR.NO. 324142Election (24-25):D


# रामटहल को पंजा ने ठुकराया तो पार्टी को कह दिया टाटा

**कुबेर सिंह**

**रांची।** कुछ दिन पूर्व झारखंड की सियासत में बड़ा उलटफेर हुआ था। झारखंड के बीजेपी के पूर्व सीनियर नेता राम टहल चौधरी कांग्रेस में शामिल हुए थे। रांची सीट से दो बार विधायक और पांच बार सांसद रह चुके राम टहल की कांग्रेस की सदस्यता लेने के बाद कांग्रेस के नेता पवन खेड़ा ने कहा था कि " जैसा कि वादा किया था कि हर दो चार दिन में कुछ लोगों की नींद हराम करनी है। उसी वादे को आगे बढ़ाते हुए बीजेपी के पूर्व सांसद, दो बार के विधायक राम टहल का हम स्वागत करेंगे।" पर, जब रामटहल चौधरी को कांग्रेस से रांची सीट पर टिकट नहीं मिला तो उन्होंने कांग्रेस को ठुकरा दिया।

राम टहल ने भी कांग्रेस ज्वाइन करने के बाद बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाये थे। राम टहल ने कहा था, "मैं आज कांग्रेस में इनकी नीतियों से प्रभावित होकर शामिल हो रहा हूं। मैं पांच बार सांसद रहा। पिछले चुनाव से दो महीने पहले हमसे कहा गया कि हम लिखकर दें कि हम चुनाव नहीं लड़ेंगे। हमने तो कहा कि यह तानाशाही है। कहना था तो पहले कहते। हमने उसी वक्त इस्तीफा दिया और निर्दलीय चुनाव भी लड़ा।"

**राहुल गांधी से थे प्रभावित :** राम टहल ने कहा था- पूरे देश में राहुल जी का दौरा हुआ। हमारे यहां झारखंड पांच दिन दौरा हुआ जिससे मैं प्रभावित रहा। भारत जोड़ो आंदोलन में लंबी यात्रा की। आम लोगों लगता था कि बहुत कष्ट में हैं। उन्होंने जिसकी जितनी भागीदारी उतनी हिस्सेदारी का नारा दिया था।

**2019 में लड़ा था निर्दलीय चुनाव :** 82 वर्षीय राम टहल चौधरी 1991 से 2004 तक झारखंड की रांची सीट से बीजेपी के लोकसभा सदस्य रहे हैं। इसके पहले वह अविभाजित बिहार विधानसभा के सदस्य भी रहे हैं। हालांकि 2019 में उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा था। रामटहल चौधरी ने 1967-72 में ओरमांझी के पंचायत समिति के प्रमुख, 1967-90 से कुच्चू गांव का मुखिया, 1969-71 और 1972-1977 में सदस्य, बिहार विधान सभा (दो कार्यकाल) सदस्य, सार्वजनिक उपक्रम समिति सदस्य, सरकारी आश्वासन समिति,1977-96 फिर प्रमुख बने। 1988 में भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष बने। 1991 में दसवीं लोकसभा के लिये निर्वाचित हुए। 1991-96 सदस्य, सलाहकार समिति, कोयला मंत्रालय बने। 1995-96 सदस्य, ऊर्जा समिति सदस्य, कृषि समिति सदस्य, प्राक्कलन समिति, 1996

11 वीं लोकसभा के लिए पुनः निर्वाचित (दूसरा कार्यकाल), 1996-97 सदस्य, प्राक्कलन समिति सदस्य, सलाहकार समिति, कोयला मंत्रालय सदस्य, परिवहन और पर्यटन पर स्थायी समिति, 1998 12वीं लोकसभा के लिए पुनः निर्वाचित (तीसरा कार्यकाल), 1998-99 सदस्य, लोक लेखा समिति सदस्य, परिवहन और पर्यटन संबंधी स्थायी समिति सदस्य, सलाहकार समिति, कोयला मंत्रालय, 1999 में 13 वीं लोकसभा के लिए पुनः निर्वाचित ( चौथा कार्यकाल), 1999-2000 सदस्य, प्राक्कलन समिति सदस्य, कृषि संबंधी स्थायी समिति, 2000-2004 सदस्य, सलाहकार समिति, खान और खनिज मंत्रालय, मई, 2014 16 वीं लोकसभा के लिए पुनः निर्वाचित (5वीं बार), 1 सितंबर 2014 में सदस्य, याचिका समिति सदस्य, रेलवे संबंधी स्थायी समिति सदस्य, सलाहकार समिति, कोयला मंत्रालय, 1 मई 2015 में सदस्य, प्राक्कलन समिति, 3 जुलाई 2015 सदस्य, उप समिति-क अनुशासन समिति तथा 25 अगस्त 2015 में सदस्य, 'पंचायती राज' विषय पर प्राक्कलन समिति की उप-समिति में रहे।

# हेलिकॉप्टर पार्किंग की जांच का चुनाव आयोग का आदेश

## झामुमो ने खेलगांव में बनाया हेलिकॉप्टर पार्किंग

### भाजपा पहुंची चुनाव आयोग

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग पहुंच कर झामुमो द्वारा खेलगांव में हेलिकॉप्टर पार्किंग बनाने पर राज्य के मुख्य चुनाव पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल मे विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, न्यायिक मामलों के उप प्रमुख प्रकाश झा और अधिवक्ता शिव कुमार शर्मा शामिल थे। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि झामुमो द्वारा जो खेलगाव को हेलिकॉप्टर पार्किंग बनाया गया है। वह किसके आदेश पर बना है। हेलिकॉप्टर से भारी मात्रा में चुनाव में पैसे के भी आवागमन की संभावना है। झामुमो कितना पैसा पार्किंग का दे रही है और किसको दे रही है। ये सब जांच का विषय है।

खेलगाव में हेलिकॉप्टर पार्किंग रखने से झामुमो नेता बिना जांच के सीधा उड़ान भर रहे हैं। वहां कोई सीआईएसएफ की प्रतिनियुक्ति नहीं है, जो जाने वाले व्यक्ति की जांच करे। पूरे प्रकरण में कौन कौन पदाधिकारी शामिल हैं। भाजपा की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए फिलहाल मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने जांच के आदेश दे दिये हैं।

## बर्ड फ्लू : केन्द्रीय टीम के साथ जिला प्रशासन की बैठक आयोजित

# रोकथाम और संक्रमण से बचाव के लिए किये जा रहे कार्यों से केंद्रीय टीम संतुष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए केन्द्रीय टीम के साथ डीसी राहुल कुमार सिन्हा की बैठक हुई। क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों के जांच किये गये नमूनों में एच5एन1 एवियन इंफ्लुएंजा की पुष्टि के बाद प्रभावित क्षेत्र के 01-10 किलोमीटर के दायरे में शेष बचे कुक्कुटों की किलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण डिसइन्फेक्शन का कार्य को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

डीसी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा द्वारा बर्ड फ्लू के प्रसार की रोकथाम एक्शन प्लान के तहत कार्य के लिए बनाए गए रैपिड रिस्पांस टीम द्वारा संक्रमित क्षेत्र के 01-10 किलोमीटर के दायरे में कुक्कुट की कलिंग वैज्ञानिक विधि से निस्तारण और संक्रमित क्षेत्र का क्लीजिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जा रहा है। साथ ही संक्रमित क्षेत्र के 1 किलोमीटर के दायरे में टीम द्वारा चिकन/ऐग शॉप एवं आसपास के क्षेत्र में मुर्गियों, अंडे आदि की उपलब्धता की जांच की जा रही है एवं बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है एवं लोगों को विभिन्न माध्यमों से जागरुक भी किया जा रहा है।

केन्द्रीय टीम द्वारा बर्ड फ्लू के रोकथाम के लिए किये जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया गया। बताते चलें कि क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों के जांच के क्रम में एच5एन1 एवियन इंफ्लुएंजा की पुष्टि हुई है, इसके बाद से ही एहतियात के तौर पर क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची (संक्रमित क्षेत्र) से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा/मृत कुक्कुटों/कुक्कुट उत्पाद एवं अण्डा की खरीद-बिक्री एवं परिवहन पर अगले आदेश तक रोक है।

## खबर एक नजर में

### बैसाखी के उपलक्ष में विशेष दीवान सजा



**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी में शनिवार को बैसाखी के उपलक्ष में विशेष दीवान सजाया गया। दीवान की शुरूआत रात 8:00 बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा शबद गायन से हुई। दीवान में शिरकत करने विशेष तौर से टांडा, जालंधर से पहुंचे सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई नवप्रीत सिंह एवं बीवी तरणप्रीत कौर ने श्रद्धालुओं को गुरबाणी से जोड़ा।

### मतदाता जागरूकता कैनवॉस बॉल टूर्नामेंट 1 मई को

**रांची।** आगामी एक मई को स्वीप रांची तथा क्रिक जर्नो ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता के लिये कैनवॉस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में पत्रकारों की आठ और स्वीप रांची की एक टीम भाग ले रही है। ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि उक्त सभी मैच दूधिया रोशनी में खेले जायेंगे। अबतक मैच में 138 पत्रकारों ने भाग लिया है।

### राहत सोसाइटी ने हज ट्रेनिंग कैंप लगाया

**रांची।** राहत सोसाइटी के द्वारा डोंरंडा परास्टोली निर्मला कॉलेज के समीप हज ट्रेनिंग कैंप का आयोजन शनिवार को किया गया। इस कैंप में 175 आजमीने हज को मशहूर ट्रेनर हाजी कैसर ने प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में गर्मी और भीड़ को देखते हुए हाजी हज के सभी अरकान को सफलता पूर्वक कैसे पूरा करें इस की पूरी जानकारी दी गई।

### ब्राउन शुगर और गांजा के साथ तीन गिरफ्तार

**रांची।** नशा कारोबार के खिलाफ रांची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र में मारवाड़ी कॉलेज के पासतीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगरा उर्फ मो. गुड्डू नाम के युवक को पकड़ा गया। पुलिस ने उसके पास से लूटी गयी सोने की एक चेन, तीन पीस मंगलसूत्र, 85 ग्राम गांजा और कान की बाली बरामद की। वहीं सिटी डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए लोअर बाजार थाना क्षेत्र से 37 .50 ग्राम अफीम और 10 .66 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ नजरूल आलम और अरशद अयूब को गिरफ्तार किया।

### डबलू कुजूर की पत्नी ने दायर की जमानत अर्जी

**रांची।** जमीन कारोबारी रहे कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले के मुख्य आरोपी डबलू कुजूर की पत्नी सुशीला कुजूर ने अपर न्यायायुक्त एमसी झा की कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। इसपर 29 अप्रैल को सुनवाई होगी। मामले के आरोपी डबलू कुजूर, भाई छोटू कुजूर और बेटा राहुल कुजूर की जमानत याचिका अदालत से खारिज हो चुकी है। आरोप है कि डबलू कुजूर और राहुल कुजूर के इशारे पर षड्यंत्र रचकर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या 5 जुलाई 2023 को ऑफिस से अपने घर लौटने के दौरान पेशेवर शूटरों ने कर दी थी।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**रांची।** झारखंड स्वास्थ्य मिशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को नि:शुल्क दंत रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में स्कूल के सभी छात्र छात्राओं का दांत एवम मुंह से संबंधित रोगों की जांच की गयी। इस मिशन का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक सभी जगहों पर स्वास्थ्य जांच शिविर एवम रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाए। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची के अध्यक्ष संतोष सोनी, सचिव अश्वनी, राधे का योगदान रहा।

### लंबित मांगें पूरा नहीं हुईं तो आंदोलन

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ कार्यकारिणी की बैठक ध्रुव प्रसाद की अध्यक्षता में नेपाल हाउस में हुई। इसमें झारखंड सचिवालय सेवा संघ की दीर्घकालीन लम्बित मांगों के प्रति सरकार के अन्याय पूर्ण, संवेदनहीन तथा उदासीन रवैये के विरुद्ध रोष प्रकट किया गया। इसके विरुद्ध प्रस्तावित आन्दोलन की रूपरेखा पर चर्चा की गई तथा विभागीय प्रतिनिधियों के साथ अगले सप्ताह निर्धारित बैठक में इस पर मुहर लगाये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सिद्धार्थ शंकर बेसरा, इरशाद आलम, बिनय बर्णवाल, हेम नारायण सिंह, मनोज कुमार, देबाशीष, राजा हंसदा, रितेश, धर्मेंद्र थे।

### दुष्कर्म का प्रयास : दोषी को सात साल सजा

**रांची।** नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास करने के मामले में जेल में बंद दोषी नाबालिग को स्पेशल चिल्ड्रेन कोर्ट (जुबेनाईल कोर्ट) ने सात साल की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर 6 माह की अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। बताते चलें कि अभियुक्त पर नाबालिग को बहला-फुसला कर दुष्कर्म की कोशिश करने का आरोप है। घटना को लेकर पीड़िता के परिजन ने सदर थाने में 9 जून 2020 को केस दर्ज कराई थी। यह भी बताना जरूरी है कि जिस वक्त आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया था, उस समय उसने अपनी उम्र 15 साल बतायी थी। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपी को डुमरदगा स्थित रिमांड होम भेज दिया था। साथ ही मामले की सुनवाई के लिए जुवेनाइल बोर्ड भेज दिया गया था। बाद में आरोपी की उम्र 16 साल से अधिक निकली।

### युवाओं की चुनाव में अहम भूमिका : आदित्य



**रांची।** कांग्रेस नेता आदित्य विक्रम जायसवाल के नेतृत्व में शनिवार को करमटोली चौक स्थित प्रेस क्लब में असली चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आदित्य विक्रम ने कांग्रेस पार्टी द्वारा लायी गई मैनिफेस्टो पर कहा कि पार्टी ने सबसे बेहतरीन मैनिफेस्टो प्रस्तुत कर हर वर्ग के लिए सोचा है और सभी के लिए न्याय किया है। उन्होंने कहा कि अगर हम सत्ता में आये तो देश हित में एक नया कदम बढ़ायेंगे। मौके पर स्पीकर्स में मीनाक्षी सिंह, डॉ रीमा खलखो, रवि खलखो, अभ्युदय एनजीओ के फाउंडर हरनयन नदीम, भानु प्रताप सिंह, अनुष्का चौधरी, विद्याकर कुँवर, जैनेट एंड्रयू, ऐलन एंड्रयू, प्रखर मोदी आदि लोगो ने अपनी प्रतिक्रिया दी।

### बीजेएम का रांची में जन संपर्क अभियान शुरू

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा (बीजेएम) के रांची लोकसभा के संभावित प्रत्याशी धर्मेंद्र तिवारी ने शनिवार को रांची लोकसभा क्षेत्र में जनसम्पर्क कर अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की। अभियान की शुरूआत उन्होंने सुबह 6 बजे से कृष्णापुरी और न्यू अमरावती कॉलोनी चुटिया स किया। वहीं, 10 बजे बजे काली मंदिर रांची रेलवे कॉलोनी एरिया में जनसम्पर्क अभियान चलाया। इसके बाद तपोवन मंदिर प्रांगण निवारणपुर गये। इसके बाद पूर्व सांसद रामटहल चैधरी से आशीर्वाद लिया और उनसे समर्थन मांगा। 3 .30 बजे बजे देवी मंदिर, रातु रोड़ एवं आसपास के लोगों से जनसर्म्पक अभियान चालाया। शाम चार बजे बजे साई मंदिर, रातु रोड़, रांची जनसर्म्पक अभियान और श्रद्धलुओं को शर्बत, खिचड़ी और हलवा वितरण किया गया।

# अपील : पुलिस को जारी व्हाट्सएप नंबर पर नशा कारोबार की सूचना दें, होगी कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नशे के जाल से युवाओं को बचाने के लिए रांची पुलिस ने एक सार्थक पहल शुरू की है। नशा मुक्त समाज बनाने में पुलिस ने समाज के लोगों से सहयोग मांगा है। इसे एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने एक वीडियो संदेश जारी किया है। इसमें उन्होंने नशे के विरुद्ध युद्ध में समाज को सजग भूमिका निभाने एवं जड़ से इस समस्या का समाधान करने के लिए प्रेरित करते हुए तकनीक का उपयोग करने का अनुरोध किया है। उन्होंने व्हाट्सएप के माध्यम इस तरह की गतिविधियों की सूचना रांची पुलिस को नंबर-9153886238 पर देने की अपील की है।

एसएसपी ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि अगर किसी को भी इस तरह की गतिविधियों के अड्डे या स्थान का पता है तो उस स्थान पर जाकर उसका करेंट लोकेशन उपरोक्त नंबर पर भेज कर पुलिस की मदद कर सकते हैं। एसएसपी ने कहा कि यदि किसी के पास किसी नशे के सौदागर का फोटो, नाम, पता है तो उसे भी शेयर करें। एसएसपी ने आश्वस्त किया है कि सूचना देने वाले की गोपनीयता का ख़्याल रखा जाएगा।

एसएसपी ने इस दौरान लोगों से सावधानी बरतने की भी बात कही है। कहा कि लोकेशन भेजने के लिए उस स्थान पर तब जाएं, जब वहां इस तरह की असामाजिक गतिविधियां न हो रही हो।

**वीडियो में नशे के दुष्प्रभाव को भी दर्शाया गया** : रांची पुलिस द्वारा जारी इस वीडियो में नशे के हानिकारक प्रभावों को भी दर्शाया गया है। युवाओं को इस खतरनाक लत से बचाने के लिए समाज के हर वर्ग से सहयोग करने का आग्रह किया है।

गौरतलब हो कि रांची पुलिस के विशेष अभियान में 50 से भी अधिक नशा कारोबारी जेल की सलाखों के पीछे भेजे जा चुके हैं। वहीं लगभग 15 करोड़ मूल्य के नशे का सामान जब्त किया जा चुका है। एसएसपी ने कहा कि इस अभियान को और धार देने की आवश्यकता है। पुलिस और समाज के संयुक्त प्रयासों से नशे के खिलाफ निरोधात्मक एवं दंडात्मक कार्रवाई करते हुए एक प्रभावी वातावरण का निर्माण कर युवा पीढ़ी को स्वस्थ और सकारात्मक दिशा में अग्रसर किया जा सकता है। जिसमें हम सभी का सहयोग आवश्यक है।

# मातृभाषा की प्राथमिकता राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मूल उद्देश्य :डॉ टीके शांडिल्य



### डीएसपीएमयू के यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट ऑफ टीआरएल में सेमिनार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में मातृभाषा की भूमिका विषय पर शनिवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के टीआरएल विभाग में व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार की यह अति महत्वपूर्ण और प्रासंगिक नई शिक्षा नीति -2020 पूरी शिक्षा व्यवस्था में सुधार और पुनर्गठन का प्रस्ताव करती है। इस शिक्षा नीति में मातृभाषा की अनिवार्यता इसे और अधिक प्रासंगिक और उद्देश्यपूर्ण बनाती है। मुख्य वक्ता के तौर पर शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली में सहायक निदेशक दीपक कुमार ने मातृभाषा की भूमिका पर प्रकाश डाला। मौके पर डीन डॉ अयूब, प्रो. (डॉ.) बिनोद कुमार, जयकिशोर मंगल और पीपी महतो ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ जेपी शर्मा, डॉ शुचि संतोष बरवार, डॉ पीयूष बाला, डॉ जिंदर सिंह मुंडा आदि थे।

## सीआइडी ने ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को दबोचा

**रांची।** सीआईडी ने मीशो एप का कस्टमर केयर एग्जिक्यूटिव बनकर ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों दुमका का साजिद अंसारी और देवघर का जमालुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार किया है। सीआइडी ने इनके पास से पांच मोबाइल, छह सिम, तीन पासबुक समेत कई अन्य सामान बरामद किया है। ये मीशो एप का कस्टमर केयर बन एनी डेस्क एप्लीकेशन डाउनलोड करा कर ₹2.06 लाख ठग लिये थे। जिसके बाद साइबर थाना में इससे संबंधित मामला दर्ज कराया गया था। गिरफ्तार साइबर अपराधियों द्वारा वेबसाइट पेज बनाने वाले वेबसाइट सर्विस का प्रयोग कर कस्टमर केयर कंप्लेन के नाम पर वेब पेज बनाते थे, जिसमें वह अपना फर्जी नंबर डाल देते हैं। इन वेब पेज को गूगल ऐड के माध्यम से गूगल में डाल देते थे।

# पीजी एग्जाम फीस बढ़ोतरी को वापस ले आरयू : आजसू

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू के सदस्यों ने शनिवार को पीजी परीक्षा शुल्क बढ़ोतरी को लेकर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति का घेराव किया। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा कि पिछले 5 मार्च छात्र आजसू के विरोध के बाद रांची विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा शुल्क काम करने का नोटिफिकेशन निकाला गया था, लेकिन परीक्षा शुल्क कम होने के जगह बढ़ा दिया गया जो छात्र छात्राओं के हित मे किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। यह निर्णय गरीब एवं गरीबी रेखा से नीचे तबके के छात्र छात्राओं पर आर्थिक बोझ बढ़ाने वाला है। मौके पर मौजूद छात्र आजसू के प्रियांशु शर्मा ने कहा की अगर छात्र हित मे अगर परीक्षा शुल्क कम नहीं किया गया तो छात्र आजसू आंदोलन एवं तालेबंदी करेगी।

मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने कहा की इस मामले पर घमबीरता से विचार करते हुए छात्र हित मे उचित निर्णय लिया जाएगा। घेराव में मुख्य रूप से रोहित चौधरी, मनजीत, प्रियांशु, विशाल कुमार यादव, अकाश अनमोल, विशाल कुमार यादव, साहिल अनमोल, सैफ, दानिश, प्रभात के अलावा कोई सदस्य मौजूद थे।

# डीएसपीएमयू में एनएसयूआई ने बांटे कांग्रेस की युवा न्याय मेनिफेस्टो



**रांची।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय कैंपस में मोहब्बत की दुकान कैंपेन चलाकर छात्र छात्राओं के बीच में कांग्रेस की युवा न्याय मेनिफेस्टो का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी, प्रदेश सचिव अभिजीत प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष अमन अहमद, हुसैन अंसारी, चंदन सिंह, चंदन कुमार, अनुज शर्मा, अंकिता कुमारी, सरफराज अहमद, शमी हैदर, पवन साहू, शम्स बिलाल एवं अन्य एनएसयूआई के जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रांची शहर में सबसे सस्ते दर पर सोना टीबीजेड स्टोर में उपलब्ध



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अक्षय तृतीया और लगन के मौके पर बाजारों में भीड़ देखने को मिल रही है। इस संदर्भ में चर्च कॉम्प्लेक्स स्थित टीबीजेड दी ओरिजिनल के स्टोर मैनेजर निधि शरण ने बताया कि अभी पूरे रांची शहर में सबसे सस्ते दर पर सोने टीबीजेड स्टोर में उपलब्ध है। हीरे और सोने की आभूषण की बनवाई पर 50% की छूट दी जा रही है जिससे लोगों ने काफी सराहा और अभी के भाव पर अक्षय तृतीया के लिए आभूषणों की बुकिंग करा रहे हैं। एंटीक और टेंपल आभूषण का काफी खास कलेक्शन स्टोर में है। सोने की बढ़ती कीमत को लेकर अब जल्द 18 कैरेट में भी सोने के आभूषण उपलब्ध होंगे।

# अतिक्रमण पर प्रहार: कोकर से बूटी मोड तक सड़क पर सब्जी दुकान लगाने वालों पर प्रशासन का कहर

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** हाईकोर्ट के सख्त आदेश के बाद रांची जिला प्रशासन ने सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाने का काम तेज कर दिया है। शनिवार को प्रशासन की टीम ने कोकर चौक से बुटी मोड़ तक अतिक्रमण हटाया। अतिक्रमण हटाओ अभियान में निशाने पर सब्जी और फल विक्रेता रहे। प्रशासन ने न सिर्फ दुकानदारों को हटाया, बल्कि जिस जगह पर बैठ कर वो सब्जी बेचते थे, उस जगह पर जेसीबी से गड्ढे बना दिया। अभियान की वजह से सब्जी विक्रेताओं को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

बता दें कि कोकर से बुटी मोड़ के बीच सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल से लेकर खेलगांव मोड़ तक फुटपाथ पर सब्जी की दुकानें लगती थी। लोग सड़क पर ही वाहन खड़ा करके सब्जी खरीदते थे। इससे न सिर्फ जाम लगता था, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती थी।

### बिना परमिट वाले ऑटो भी हटाए गए

शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए प्रशासन ने पिछले एक हफ्ते से अभियान चला रखा है। पहले चरण में बिना परमिट के शहर में चलने वाले ऑटो को मुख्य सड़कों से हटाया गया। इसका असर ट्रैफिक पर भी पड़ा।अब, मुख्य सड़कों पर पहले की अपेक्षा कम जाम लग रहा है., क्योंकि करीब 15 हजार ऑटो शहर से गायब हो गए हैं। हालांकि इस अभियान का दूसरा पहलू यह है कि 15 हजार घरों को अब आर्थिक संकट झेलना होगा।

## तीन दिनों तक एनक्यूएएस की टीम करेगी स्वास्थ्य सुविधाओं का आकलन

# सदर अस्पताल रांची का होगा एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन

### सर्टिफिकेट मिलते ही अगले तीन साल तक प्रति बेड मिलेंगे 10 हजार रुपये

सुधीर




**रांची।** राज्य के सबसे बड़े जिला अस्पताल रांची सदर अस्पताल में रोगियों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं का क्वालिटी एश्योरेंस का भरोसा भी अब मरीजों को मिलेगा। 500 बेड वाले रांची सदर अस्पताल की गुणवत्ता को विभिन्न पैमाने पर परखने के लिए भारत सरकार की एक टीम एक से तीन मई तक रांची में रहेगी। भारत सरकार की ये टीम रांची सदर अस्पताल में लोगों को मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का आकलन करेगी। इसके साथ नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड को पूरा करने की स्थिति में सदर अस्पताल को अगले तीन साल के लिए एनक्यूएएस सर्टिफाइड होने का प्रमाण पत्र मिल जाएगा।

### अस्पताल के साथ-साथ रोगियों को भी मिलेगा फायदा

अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. बिमलेश सिंह ने कहा कि नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड की टीम तीन दिनों तक रांची में रहकर जिला अस्पताल में मिल रही सुविधाओं का आकलन करेगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रबंधन एनक्यूएएस की मानक पर अच्छे मार्क्स के साथ खरा उतरे, इसके लिए सभी छोटी-मोटी कमियों को दूर किया जा रहा है। डॉ. बिमलेश सिंह ने कहा कि एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन मिलते ही अगले तीन साल तक प्रति बेड 10 हजार रुपये प्रति वर्ष एनक्यूएएस से मिलेगा। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल 500 बेडेड हैं। इस तरह सर्टिफिकेट मिलने के बाद जो राशि उपलब्ध होगी, उससे अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### 13 विभागों में मिल रही सुविधाओं का आकलन करेगी टीम

डॉ. बिमलेश कुमार सिंह ने बताया कि एनक्यूएएस की टीम अस्पताल में तीन दिनों तक इमरजेंसी वार्ड, लेबर रूम, मैटरनिटी वार्ड, पेडियाट्रिक वार्ड, एसएनसीयू, मैटरनिटी यूनिट, पीपी यूनिट, आईसीयू, आईपीडी, ब्लड बैंक, लैबोरेटरी, फार्मेसी और सामान्य प्रशासन विभाग का निरीक्षण करेगी। उसके बाद उसे मानक की कसौटी पर कसेगी। अस्पताल उपाधीक्षक ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही अस्पताल एनक्यूएएस सर्टिफाइड हो जाएगा।

**अस्पताल कर्मियों में आायेगा उत्साह** : डॉ. बिमलेश सिंह ने कहा कि एनक्यूएएस सर्टिफाइड होने का एक लाभ यह भी होगा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत दी जा रही सेवाओं के बदले में जो इंसेंटिव डॉक्टर्स, नर्स और अन्य स्टाफ को मिलते हैं, उनमें 15 फीसदी की बढ़ोतरी हो जाएगी। इससे अस्पताल कर्मियों में उत्साह आएगा और कार्य बेहतर होंगे। उन्होंने बताया कि एनक्यूएएस सर्टिफाइड होने का सबसे बड़ा फायदा मरीजों और उनके परिजनों को होगा। जिन लोगों का सदर अस्पताल में इलाज होगा, उनको और उनके परिजनों को इस बात की तसल्ली रहेगी कि जो भी इलाज उनके मरीज का हो रहा है, वह हाई स्टैंडर्ड का है।

स्पीड न्यूज

## सड़क पर गिरा मिला घायल युवक



**ओरमांझी।** रांची रामगढ़ मार्ग थाना क्षेत्र के चायबागान ओरमांझी के पास ओरमांझी पुलिस द्वारा सड़क किनारे एक गंभीर रूप से घायल युवक बरामद किया गया। शुक्रवार रात दो बजे के करीब ओरमांझी थाना पेट्रोलिंग पुलिस जब चायबागान के पास पहुंची। लगभग 40 वर्षीय युवक जख्मी हालत में गिरा पड़ा था। पुलिस द्वारा उसे उठाकर उपचार के लिए रिम्स में भर्ती करा दिया गया है। काली रंग का पैंट व चेक सर्ट पहने युवक के गला व चहरे में गंभीर चोट का निषान है। किसी ने मारकर मृत समझ कर रास्ते में फेंक दिया गया, या किसी वाहन से गिर गया है। पुलिस द्वारा मामले व घायल युवक की पहचान करने का प्रयास की जा रही है।

## गेतलसूद डैम में डूबने से युवक की मौत

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत सिमलिया ग्राम निवासी मोहन पहान 35 वर्ष का शव अनगड़ा पुलिस ने शनिवार को दोपहर में सिमलिया गांव के पास गेतलसूद डैम से बरामद किया। बताया गया कि मृतक शनिवार को अपना गांव सिमलिया में डैम के किनारे स्नान करने गया था गहरा पानी में वह नहाने के क्रम में वह गहरे पानी मे चला गया जहां डूबने से उसकी मौत हो गयी पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्ट मार्टम हेतु उसे रिम्स भेज दिया।

## थाना के सामने के दुकान से 15 हजार की ठगी

**नामकुम।** थाना से महज पचास कदम की दुरी पर स्थित सीएचसी सेन्टर से ठगो ने पंद्रह हजार रुपए की ठगी कर ली। पीडिता ने बताया कि थाना के सामने ही उनका एके सर्विस सेन्टर नाम से केन्द्र है। जहां आन लाईन सर्टिफिकेट, पैसा ट्रांस्फर, बिल जमा करने का काम होता है। शुक्रवार शाम लगभग छह बजे बाईक सवार तीन युवक उनके केन्द्र पर पहुंचे और एक खाते में आन लाईन पैसा ट्रांस्फर करने की बात कही। लडको ने कहा कि आप पैसा ट्रांस्फर कर दिजीए हम आपकों नगद पैसा दे रहे है। इसपर उन्होने उनके दिए खाते में पैसा ट्रांस्फर कर दिया खाते में पैसा ट्रांस्फर होते ही तीनों बाईक स्टाट कर सिदरौल की ओर भाग निकले। घटना के संबंध में पीडिता ऐनी कुमारी ने नामकुम थाने में अज्ञात लडको पर प्राथमिकी दर्ज करा दी है। ज्ञात हो की राजधानी रांची में ठगी और चोरी सहित लूट के मामले काफी बढ़ गये हैं। इससे रांची शहर के सभी क्षेत्र के लोग काफी परेशान रहते हैं।

# कांग्रेस पार्टी ही आदिवासियों की पहचान रख सकती है बरकरार

### मांडर प्रखंड के बूढ़ाखुखरा मैदान में प्रखंड कोंग्रेस कमेटी की चुनावी सभा

खबर मन्त्र संवाददाता




**मांडर।** प्रखंड के बूढ़ाखुखरा मैदान में शनिवार को प्रखंड कोंग्रेस कमेटी द्वारा चुनावी सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लोहरदागा लोकसभा इण्डिया प्रत्यासी सुखदेव भगत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की शहजादा अनवर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की जिला कांग्रेस प्रवक्ता मो तौसीफ उपस्थित हुए। सभा को संबोधित करते हुए बंधू तिर्की ने कहा कि कांग्रेसी ही आदिवासी पहचान सम्मान और सही अर्थो में विकास को बरकरार रख सकती है। और उन्होंने ने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी से नेतृत्व में काम कर रही सरकार केवल आपसी भेदभाव महंगाई बेरोजगारी आदि को बढ़ावा देकर देश में एक वैसा वातावरण कायम करना चाहती है। जिसका फायदा केवल और केवल प्रधानमंत्री के कुछेक उद्योगपति मित्रों को हो रही है। आज यह देश की जरूरत है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त करते हुए कांग्रेस को विजय दिलायी जाये क्योंकि आज की लड़ाई केवल राजनीतिक नहीं बल्कि सामाजिक भी है। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुखदेव भगत ने कहा कि आदिवासियों के स्वभाव में सच के लिये लड़ना है और उनके लिये यह चुनौती के साथ-साथ जीवन-मरण का प्रश्न भी है। भगत ने कहा कि आज मांडर के साथ ही लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में सभी लोग सच्चे मन से लड़ने को तैयार हैं भले ही वह भाजपा का प्रत्याशी हो या उसके द्वारा खड़ा किया गया कोई नकली उम्मीदवार। और उन्होने कहा वैसी शक्तियों को पहचानने की जरूरत है जो आदिवासियों के साथ ही अनुसूचित जाति अन्य पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यकों के साथ ही सभी लोगों के बीच दीवार खड़ी करता है। वहीं मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव न केवल झारखण्ड बल्कि देश के ख्याल से भी बहुत चुनौतीपूर्ण और महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वैसी धर्मनिरपेक्ष सरकार की जरूरत है जो सभी को समान नजरिये से देखे। श्रीमती तिर्की ने कहा कि पिछले 10 साल में सभी ने वैसी जुमलेबाजी वाली सरकार देखी है।

### महंगाई और बेरोजगारी से जनता कर रही त्राहिमाम

महंगाई और बेरोजगारी से जनता त्रस्त है और आज जब प्रधानमंत्री खुद कहते हैं कि यह केवल टेलर है और आगे फिल्म आना बाकी है तो आप समझ सकते हैं कि हमारे संविधान के साथ ही देश पर भी खतरा है और आरक्षण खत्म करने की साजिश है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में अपनी जबरदस्ती और मयार्दा विहीन राजनीतिक गुंडागर्दी का परिचय दे रही है। कभी चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में उसने छल.प्रपंच की चर्चा होती है तो कभी वह कुछ और साजिश रचती है। प्रमुख फिलिप सहाय एक्का मंगा उरांव समीम अख्तर नेशार अहमद जमील मालिक बेलस तिर्की हाजी इस्लाम आबिद अंसारी अमानत अंसारी सेरोफिना मिंज सरिता तिग्गा नशीम अंसारी संजय तिर्की सुकुमार भगत होसे उरांव सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

## झारखंड से कांग्रेस का हो जाएगा संपूर्ण सफाया : बाबूलाल मरांडी




खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** प्रखंड स्थित सोसई आश्रम मैदान में शनिवार को भाजपा ने चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड से कांग्रेस का सफाया होने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शिता के कारण भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है। भाजपा सभी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। मोदी सरकार ने ग्रामीण जीवन को उन्नत बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना शौचालय की व्यवस्था समेत अन्य कल्याणकारी योजनाएं दी है। वहीं लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी समीर उरांव ने भी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं राजनीति में सेवा के चलते आया हूं। पहली बार ऐसे प्रधान मंत्री मिले हैं जो समाज के लिए करता है। अगर हमको आप अवसर देते है तो आपके आवाज को दिल्ली में उठा सकूं और आपका हित में कार्य कर सकूं। आप लोग मुझे एक बार सेवा का मौका दें। सभा को लोहारदगा लोकसभा के सह संयोजक सन्नी टोप्पो ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारा देश कितना आगे बढ़ गया है। इसे हमे सोचने समझने की जरूरत है। उन्हें जिताने के लिए अभी कार्यकर्त्ता को एकजुट होकर मोदी जी के बारे बताना होगा ।उनकी उपलब्धि को गिनाना होगा। पूर्व विधायक गंगोत्री को जोर ने भी संबोधित किया। मौके पर खदी उरांवए अशोक साहूए सतन्नाद सिंह विजय महतो राम बालक ठाकुर अरविंद सिंह मुकेश प्रसाद राजनाथ सिंह अविनाश गुप्ता कैलाश साहू अमरनाथ महतो पवन साहू भोगेन सोरेन सोनी तबस्सुम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## मासिक लोक अदालत में 46 मामलों का निष्पादन, 32.39 लाख का सेटलमेंट




खबर मन्त्र संवाददाता

**खूंटी।** व्यवहार न्यायालय परिसर खूंटी में शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार की अध्यक्षता में मासिक लोक अदालत एवं बिजली और एनआई एक्ट से संबंधित वादों के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए कुल पांच बैंचों का गठन किया गया। इनमें दिवानी एवं फौजदारी न्यायालय के सुलहनीय प्रकृति के मामले, एनआई एक्ट और बिजली संबंधित मामले प्रस्तुत किये गये। डालसा की सचिव राजश्री अपर्ना कुजूर ने बताया कि लोक अदालत में उक्त पांच बैंचों के माध्यम से न्यायालय में लंबित 46 मामले का निष्पादन किया गया तथा 32 लाख 39 हजार 400 रुपये राशि का सेटलमेंट किया गया। विशेष लोक अदालत में बिजली संबंधित 23 मामले और एनआई एक्ट के चार मामलों का निष्पादन किया गया। मौके पर जिला जज प्रथम संजय कुमार, जिला जज द्वितीय आरके मिश्रा, जिला जज तृतीय प्राची मिश्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, डालसा सचिव राजश्री अपर्ना कुजूर, एसडीजेएम दिनेश बाउरी, न्यायिक दंडाधिकारी तुषार

## मांडर : स्कूल बस पलटने से खलासी सहित 16 बच्चे घायल, एक रिम्स रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर।** प्रखंड के चुंद गांव में एक स्कूल बस के पलटने से खलासी समेत 16 विद्यार्थी जख्मी हो गए हैं। घटना शनिवार सुबह लगभग आठ बजे की है। बताया जा रहा है कि एक बच्ची को सर में चोट लगी है। उसे बेहतर ईलाज के लिए रिम्स भेजा गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सेंट मारिया स्कूल की बस बच्चों को लेकर स्कूल की ओर जा रही थीए इसी दौरान एक तीखे मोड़ पर बस अनियंत्रित हो गयी और सड़क किनारे एक खेत में पलट गयी। बस पलटते ही बच्चे चिल्लाने लगे। बस दरवाजे से दाहिनी ओर मुड़ गई थी इसलिए कोई भी बच्चा चाहकर भी बस से बाहर नहीं निकल पा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही एंबुलेंस भी तुरंत मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद मांडर थाना प्रभारी राहुल कुमार व स्थानीय लोगों ने बस का शीशा तोड़कर सभी घायल बच्चों को बस से बाहर निकाला और एंबुलेंस और पुलिस वाहन में डालकर तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। सभी बच्चे खतरा से बाहर है। मामले की जानकारी मिलते ही खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी भी अस्पताल पहुंचे। खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी ने बताया कि ़ बस में 16 बच्चे सवार थेए जिनमें से 15 बच्चे पूरी तरह खतरे से बाहर हैं। एक बच्चे के सिर में चोट लगी हैए इसलिए एहतियात के तौर पर उसका सीटी स्कैन कराया जा रहा हैए ताकि अगर कुछ गंभीर हो तो दूसरे अस्पताल में इलाज कराया जा सके। वहीं इस दुघर्टना से अभिभावकों का गुस्सा स्कूल प्रबन्धन के खिलाफ फूट पड़ा है। अभिभावकों ने प्रबन्धन पर क्षमता से ज्यादा बच्चे बैठाने का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने कहा कि काफी कबाड़ी बस में बच्चों को स्कूल ले जाया जाता है।

एक नजर में

## जामुन दोहर बस्ती पैच का विधिवत पूजन कर ओबी हटाने का काम शुरू



**खलारी।** सीसीएल के एनके एरिया में इतिहास रचने वाली विश्व बैंक संपोषित केडीएच परियोजना बड़ी अड़चनों से झेल कर रैयतों विस्थापित के जोरदार आंदोलन के बाद सीसीएल प्रबंधन व परियोजना पदाधिकारी के आश्वाशन देने के पर पुन: केडीएच परियोजना का विस्तारीकरण कार्य चालू किया गया। वर्षो अथवा व महीनों तक लगातार आंदोलनरत रहे जामुन दोहर बस्ती पैच का विधिवत पूजन कर ओबी हटाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस दौरान स्थानीय ग्रामीण व मोर्चा व संगठन के नेता में पाहन दुलार गंझूए रतीया गंझूए विगन सिंह भोक्ताए विनय खालकोए जालिम सिंहए रामलखन गंझूए रवी गंझूए सोमरा गंझू ग्रामीणों ने नारियल फोड़ व पूजा अर्चना कर परियोजना कि प्रगतिए व श्रमिको कि सुरक्षा कि कामना किया। वही केडीएच परियोजना पदाधिकारी अनिल सिंह ने बताया कि के डी एच परियोजना सीसीएल का महत्वपूर्ण परियोजना हैए विगत कुछ वर्षों से जमीन अभाव के कारण क्षमता अनुसार उत्पादन नहीं कर पा रहा था। स्थानीय ग्रामीणोंए रैयत का सकारात्मक सहयोग के कारण पैच मै कार्य करना संभव हो पाया हैए इस क्षेत्र में कार्य करने से परियोजना के कर्मचारीयों में काफी उत्साहित है विजय वर्ष 2024 .24 मे अपने निरधारित लक्षय 10 लाख टन कोयले को आसानी से प्राप्त कर सकेगा। इसके साथ परियोजना पदाधिकारी ने सभी को धन्यवाद किया और आभार प्रकट किए। मौके पर राघवेंद्र गांधीए लमुकेश कुमार ए प्रेम कुमारए सुनिल कुमार सिंहए गोल्टेन यादवए परमानंद बेहराए प्रभाकर गंझूए दामोदर गंझूए सोनूए सहित कई कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## संजय सेठ के नामांकन में हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे




कार्यक्रम में उपस्थित राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ओरमांझी में भाजपा की एक बैठक मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता कि अध्यक्षता में हुई। जिसमें दो मई को लोकसभा प्रत्यासी सासंद संजय सेठ के होने वाले नामांकण के दौरान ओरमांझी प्रखंड से हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री आदित्य प्रसाद साहू व चुनाव प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने उपस्थित कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करते हुए अगामी लोकसभा चुनाव में संजय सेठ को भारी मतो से विजय दिलाने की दिषा में कार्य करने का अहवान किया। कहा भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रसेवा की भावना से कार्य करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की येजना व नितियों को लेकर गांव-गांव तक जाए और जनता को मदनान करने को जागरूक करें। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रमुख अनुपमा देवी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, मुखिया समुंदर पाहन, रमेश बेदिया, मानकी राजेंद्र साही, प्रवेज आलम, राजधाम साहू, राजकिशोर साहू, शशि मेहता, अमरनाथ चौधरी, अजय साहू, लक्ष्मण साहू, अलखनाथ महतो, शशिभूषण कुमार, बालक पाहन, अरविंद बबलू, रामकिंकर पाहन, रामकुमार मुंडा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जल, जंगल, जमीन और संविधान बचाने के लिए है यह चुनाव: दयामनी बारला

खबर मन्त्र संवाददाता

**खूंटी।** कांग्रेस नेत्री दयामनी बारला ने लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के पक्ष मे शनिवार को कर्रा प्रखंड के जबड़ा गांव सहित कई अन्य गांवों में ग्रामीणों के साथ बैठक कर इंडी गठबंधन के कांग्रेस के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह चुनाव जल, जंगल जमीन के साथ ही संविधान बचाने के लिए है। दयामनी बारला ने कहा कि केंद्र की निरंकुश सरकार पुनः अगर केंद्र की सत्त में आती है तो यूसीसी कानून लागू करेगा। इससे आदिवासी समाज का अधिकार, पहचान, भाषा, संस्कृति, सीएनटी एक्ट सभी खत्म हो जाएंगे, इसी लिए भाजपा को रोकना होगा। मौके पर सुगनगी के मुखिया विनोद भेंगरा, पंचायत समिति सदस्य बसंत धान, सुनील होरो, रीता तिडू सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।



## एसीसी उवि खलारी में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सफल प्रतियोगियों को मिला पुरस्कार



**खलारी।** गायत्री पीठ परिवार डकरा के सौजन्य से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2023-24 के सफल प्रतियोगियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया स पुरस्कार प्राप्त करने में पंचम वर्ग के रितिका कुमारी एवं शुभराज गुप्ता को प्रथमए सोनू कुमार गुप्ता को द्वितीयए एवं लक्ष्मी कुमारी को तृतीय पुरस्कारए छठे वर्ग के अर्चना कुमारी को प्रथम आरोही प्रिया को द्वितीय एवं जयकुमार तिवारी को तृतीय पुरस्कार एसप्तम वर्ग में आदित्य कुमार चौहान को प्रथम मानव राम को द्वितीय एवं नैना कुमारी को तृतीय पुरस्कारएअष्टम वर्ग के आदित्य पासवान को प्रथम नौशीन फिरदौस को द्वितीय और रेंसी कुमारी को तृतीय पुरस्कारएनवम वर्ग के नैंसी कुमारी एवं सतीश कुमार चौहान प्रथमए प्रीति कुसुम गंझू द्वितीय एवं शुभम कुमार यादव को तृतीय पुरस्कारएदशम वर्ग के संजना कुमारी को प्रथम एनीलम कुमारी को द्वितीय और गजला प्रवीण को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार देने वालों में गायत्री पीठ परिवार के नव कुमार बनर्जीएमिथिलेश प्रजापति और राजकुमार यादव उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने गायत्री पीठ परिवार के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के माध्यम से बच्चों में संस्कार दिए जाने की जो बीड़ा आपने उठाया है वह सराहनीय है क्योंकि वर्तमान समय में बच्चों में संस्कार धीरे .धीरे कम होती जा रही है स विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह ने कहा कि संस्कारों के द्वारा मनुष्य अपनी सहज प्रवृत्तियो का पूर्ण विकास करके अपना और समाज दोनों का कल्याण करता है स शिक्षक समर सेन ने कहा कि संस्कार इस जीवन में ही मनुष्य को पवित्र नहीं करते हैं बल्कि उसके पारलौकिक जीवन को भी पवित्र बनाते हैं स गायत्रीपीठ परिवार की ओर से अपनी कार्य कुशलता के कारण प्रधानाध्यापकए शिक्षक समर सेन एवं रेणुका सिंह को मोमेंटो देखकर सम्मानित किया गया स मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे।

# विकसित राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका महत्वपूर्ण

### भारत 2047 तक बनेगा विकसित राष्ट्र, तैयारी करें

### उदय मेमोरियल कॉलेज में अंतरर्राष्ट्रीय सेमिनार




सेमीनार का उद्घाटन करते कुलपति रंजीत कुमार सिन्हा।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** उदय मेमोरियल बीएड कॉलेज केदल रांची में शनिवार को रांची विश्वविद्यालय रांची के कुलपति रंजीत कुमार सिन्हा द्वारा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसित है। विकसित भारत का निर्माण में छात्रों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। हमें इसकी तैयारी अभी से करना है। उन्होंने पेपर लेस वर्क के लिए डिजिटलाईजेशन पद्यति को महत्व देना जरूरी बताया, कहा आज हम पूरी तरह पेपर लेस नही हो सके हैं। छोटे संथान में पूरी तरह पेपर लेस वर्क संभव तो है, लेकिन बड़े स्तर पर पूरी तरह डिजिटलाईजेशन करने में थोड़ी परेषानियां है। शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटलाइजेश को जरूरी बताते हुए कहा विश्व में आ रही डिजिटल बदलाव में भारत की विकास में इसी जनरेशन के छात्रों की जिमेदारी होगी। डिजिटल युग में जाने में छात्रों को व्हाट्षएप व गुगल इनिर्वसिटी से बाहर आना होगा। इसमें प्रशिक्षुओं को जानकारी रखना व शिक्षकों की योगदान महत्वपूर्ण होगी। वहीं एनआईइ एनसीआरटी दिल्ली के प्रोफेषर सरयुग यादव ने डिजिटल विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमीनार आयोजन करने पर सरहाना की और कहा कोविड काल में हमें डिजिटल का महत्व पता चला था। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र के साथ अन्य वर्क में भी डिजिटलाईजेषन को जरूरी बताया और कहा आने वाला समय डिजिटल का होगा। ऑनलाइन व ऑफलाइन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ सलाहकार सह आईएओ व यूएसए (भारत चैप्टर) के उपाध्यक्ष दिलीप मांगराजा, हेलसिंकी यूनिर्वसिटी फिनलैंड के प्रो डॉ हैंनले नेईमी, पूर्वांजच यूनिर्वसिटी नेपाल के डीन बिजु कुमार थमालिया सहित कई लोगों ने अपने विचार में शैक्षणिक और बौद्धिक वातावरण बढ़ाने और कालेज के विद्यर्थियों को बौद्धिक षिक्षा देने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी और कालेज के षिक्षकों को विभिन्न प्रकार के सेमिनार, सम्मेलन व कार्यशाला का आयोजन करने व इसके महत्व बताया। इस अवसर पर बुकलेट का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज छात्राओं द्वारा गणेषवंदना नृत्य के साथ किया गया। इससे पूर्व सभी अतिथियों का स्वागत झारखंड की पारंपरिक संस्कृति से किया गया।

### मौके पर ये लोग थे मौजूद

कॉलेज के सचिव संतोष महतो, निदेशक राजेश कुमार कण्डरवार, प्राचार्य डा चन्दन कुमार पंकज, उपप्राचार्य दयामनी कुमारी, जनसूचना पदाधिकारी मुकेश कुमार कण्डरवार, कार्यालय प्रशासक रूपेश करवार, डीएलएड विभागाध्यक्ष स्वामी अंजना टोप्पो, सुनिता किस्पोट्टा, संदीप कुमार महतो, जन्मजय महतो, निर्मला कुमारी, राखी कुमारी, सलमा मनोज कुमार राणा, नित्यानन्द कोईरी व बीएड व अरूण कुमार पाहन, रंजु कुमारी, शालिनी कुमारी, मेघा महली, डीएलएड के बंगाल उड़िसा, झारंखड के विभिन्न कॉलेज के व्याख्यातागण व प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# किसान और मजदूर की स्थिति और व्यापार

**समय संवाद**

कृषि वस्तुओं की कीमतें भी ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान प्राथमिक खाद्य वस्तुओं के लिए थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) समग्र डब्ल्यूपीआई की तुलना में 25-30 प्रतिशत अधिक रहा। अपनी फसलों की ऊंची कीमतें मिलने से किसानों को लाभ हुआ है और व्यापार की अनुकूल शर्तों का भी उन्हें फायदा मिला है। इन बातों की पृष्ठभूमि में कृषि क्षेत्र की ओर कामगारों का झुकाव तर्कसंगत लगता है।हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि हमने देश में कृषि क्षेत्र से जुड? वाले लोगों की संख्या को छिपी बेरोजगारी बता कर इसका उपहास किया है।

**महेश व्यास**

कोरोना काल के बाद हाल के वर्षों में बड़ी संख्या में कामगार रोजगार के सिलसिले में कृषि क्षेत्र से जुड़े हैं। सीएमआईई के कंज्यूमर पिरामिड्स हाउसहोल्ड सर्वे में यह बात सामने आई है। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान कृषि क्षेत्र में अनुमानित 45 लाख रोजगार बढ़े। कोविड-19 महामारी से प्रभावित वर्ष 2020-21 में देश में रोजगार के अवसरों में 2.17 करोड़ की कमी आई थी मगर कृषि क्षेत्र में 34 लाख नए रोजगार सृजित हुए। वर्ष 2019-20 में भी कृषि क्षेत्र में रोजगार में लगे लोगों की संख्या में 31 लाख की वृद्धि हुई। पिछले तीन वर्षों के दौरान कृषि क्षेत्र में 1.1 करोड़ रोजगार सृजित हुए हैं। दूसरी तरफ शेष अर्थव्यवस्था में रोजगार में 1.5 करोड़ की कमी दर्ज हुई।



कृषि क्षेत्र में रोजगार में इस तेज बढ़ोतरी की व्याख्या प्रायः छद्म रोजगार में बढ़ोतरी के रूप में की गई है। गैर-कृषि क्षेत्रों में लोगों को जब रोजगार नहीं मिलता है तो वे अपने गांव लौट जाते हैं, जहां उनके परिवार कृषि कार्यों से जुड़े होते हैं। ये प्रवासी अपने परिवार के लोगों के साथ कृषि कार्यों में जुट जाते हैं और कृषि कार्यों से जुड़े होने का दावा करते हैं। अतिरिक्त मानव श्रम के जुड? से उत्पादन में बहुत वृद्धि नहीं होती है इसलिए ऐसी स्थिति को छिपी बेरोजगारी का नाम दिया गया है।

छिपी बेरोजगारी की इस व्याख्या को बदलने की आश्यकता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान कृषि क्षेत्र का प्रदर्शन बढि?ा रहा है, इसलिए इसमें अतिरिक्त मानव श्रम को समाहित करने की क्षमता पहले से बढ़ गई है। वर्ष 2019-20 में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 5.5 प्रतिशत रही जबकि इसकी तुलना में गैर-कृषि क्षेत्रों की वृद्धि दर 3.5 प्रतिशत तक सीमित रही। वर्ष 2020-21 में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 3.3 प्रतिशत रही थी जबकि इसके विपरीत शेष अर्थव्यवस्था में 6.3 प्रतिशत की कमी आ गई। वर्ष 2021-22 में अर्थव्यवस्था के दूसरे क्षेत्रों में गतिविधियों में बड़ी गिरावट आई मगर कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 3.3 प्रतिशत बनी रही। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी कृषि क्षेत्र का प्रदर्शन प्रभावित नहीं हुआ और इसमें निरंतरता बनी रही। मार्च 2022 में किसानों का उपभोक्ता धारणा सूचकांक एक वर्ष पूर्व की तुलना में 18.1 प्रतिशत अधिक था। यह संपूर्ण सूचकांक में दर्ज 15.4 प्रतिशत वृद्धि से न केवल बहुत अधिक था बल्कि कारोबारी व्यक्तियों के समूह के सूचकांक में दर्ज 16.1 प्रतिशत तेजी से भी बेहतर रहा। एक वर्ष पहले मार्च 2021 में जब कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के कारण सभी समूहों के लिए उपभोक्ता धारणा सूचकांक कमजोर था तो किसानों का सूचकांक भी कम हुआ था मगर यह सबसे कम प्रभावित हुआ था। मार्च 2022 में किसानों के लिए उपभोक्ता धारणा सूचकांक कुल उपभोक्ता धारणा सूचकांक की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक था। यह कारोबार से जुड़े व्यक्तियों के सूचकांक से भी 25.5 प्रतिशत अधिक था। दूसरे सभी वृहद पेशेवर समूहों की तुलना में किसान वर्तमान और भविष्य को लेकर अधिक सकारात्मक सोच का परिचय दे रहे हैं।मार्च 2022 में 14.9 प्रतिशत किसान परिवारों ने कहा कि उनकी आय एक वर्ष पहले की तुलना में बेहतर रही। 23.2 प्रतिशत परिवारों ने कहा कि उनकी आय की स्थिति बदतर हुई है, जबकि शेष परिवारों ने कहा कि उनकी आय एक वर्ष पूर्व की तरह है। अप्रैल 2020 में लगाए गए लॉकडाउन के बाद से यह किसानों का बेहतरीन आंकड़ा रहा है। इसके अलावा सभी बड़े पेशेवर समूहों में किसानों का यह श्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस बात की पूरी संभावना है कि किसान आने वाली तिमाहियों में मजबूत धारणा का परिचय देते रहेंगे।

भारत में 2022 में भी लगातार पांचवें वर्ष गेहूं की बंपर पैदावार होने की उम्मीद है। सरकार की तरफ से भी खरीदारी बढ़ रही है और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लगातार बढ़ता जा रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू होने के बाद वैश्विक स्तर पर कीमत एक वर्ष पूर्व की तुलना में दोगुनी हो गई हैं। भारतीय मौसम विभाग ने कहा है कि 2022 में वर्षा दीर्घ अवधि के औसत की 99 प्रतिशत तक होगी।

# भक्ति किसकी?

**स्वामी सत्यानंद जी परमहंस**



**भक्ति** से ज्ञान और ज्ञान से वैराग्य होता है। लेकिन सवाल है कि भक्ति किसकी? भक्ति गुरु की होती है। ब्रम्ह्म विद्यालय एवं आश्रम छोटका राजपुर बक्सर बिहार का गुरु दरबार संसार में अपनी भक्ति के प्रचार प्रसार के लिये पूरी दुनिया में अनूठा है। जितने लंबे समय तक वहां गुरु भक्ति स्थापित हुई वैसा कहीं और देखने को नहीं मिलता है। स्वामी जी समाधि सरकार ने जिस प्रकार पचास साल तक तत्व ज्ञान का केन्द्र गंगा के किनारे स्थापित किया और महात्मा दर्शनानंद जी के साथ पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बनाने के लिये हर पल प्रयास किया उसका कोई दूसरा उदाहरण देखने को नहीं मिलता है। उन्होंने 40 वर्ष तक गुरु दरबार की सेवा की। वर्तमान समय में यह भक्ति दुर्लभ है जो मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार को त्याग कर गुरु आज्ञा में अपना सब कुछ समर्पित कर देता है उसे ही भक्ति के माध्मय से मुक्ति मिलती है। वर्तमान समय में हमारे महात्मा व्यासानंद जी भी 31 वर्ष से अपने आप को गुरु सेवा में समर्पित कर दिया है। उनका समर्पण आज भक्ति जगत का एक उदाहरण है। उनका त्याग ही इतना बलबती था कि उनके माता-पिता और परिजन में ब्रम्ह्म विद्यालय एंव आश्रम की सेवा में आ गये। किसी भी काल में यह एक अद्धितीय समर्पण है।

आज ब्रम्ह्म विद्यालय का जो तत्व ज्ञान का स्वरूप है वह कहीं और नहीं है। आज संसारिक अपने मन के प्रभाव में रहता है। जब तक अपना मन और बुद्धि सदगुरु के चरणों में समर्पित नहीं करेगा तब तक मुक्ति नहीं मिलेगी।

महर्षि विश्वामित्र ने अपने तपोबल से समाधि की अवस्था प्राप्त कर ली थी। उन्होंने अन्य जनों को भीइस समाधि का लाभ देना आंरभ कर दिया था। चारों ओर चर्चा हो गयी थी कि महर्षि ब्रम्ह्मज्ञानी हो गये हैं। लेकिन गुरु वशिष्ठ यह मानने को तैयार नहीं रहते थे कि विश्वामित्र ब्रम्ह्मज्ञानी हैं। इस बात को लेकिर विश्वामित्र को मन में क्रोध हुआ और उन्होंने तय किया कि वे गुरु वशिष्ठ की हत्या कर देंगे। कटार लेकन वे गुरु वशिष्ठ के कुटी तक पहुंच गये। संयोग से तब गुरु वशिष्ठ की पत्नी उनसे विश्वामित्र के बारे में ही बात कर रही थी कि जब पूरी दुनिया विश्वामित्र को ब्रम्ह्मज्ञानी मानती है तो आप क्यों नहीं मानते? विश्वामित्र ने कहा कि वह अहंकार से भरा है और समर्पण विशेषकर गुरु के आगे समर्पण का कोई भाव नहीं रखता है इस कारण उसका तपऔर समाधि परिपूर्ण नहीं माना जायेगा। कुटी के बाहर विश्वामित्र ने यह बात सुन ली। उन्होंने तुरंत अपना कटार फेंक दिया और गुरु वशिष्ठ के चरणों में जाकर साष्टांग दंडवत करते हुये कहा कि मैं विश्वामित्र गुरु वशिष्ठ के चरणों में अपने आप को समर्पित करता हूं। अपना सबकुछ आपको अर्पण करता हूं। तब गुरु वशिष्ठ ने कहा उठो ब्रम्ह्मज्ञानी विश्वामित्र अपने तपोबल से विश्व का कल्याण करो।

भक्ति का मूल गुरु के प्रति समर्पण में ही है। संपूर्ण समर्पण के भाव से गुरु के प्रति निवेदन से ही मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। ब्रम्ह्म विद्यालय एवं आश्रम यर्थात पर चलता है। 125 वर्ष से परमहंस दयाल जी ने तो मार्ग तय किया है कि भक्त आयेंगे सुनेंगे, समझेंगे उनकी जिज्ञासा बढ़ेगी और वे सन्यास मार्ग पर आगे जायेंगे। उनकी जन्म भूमि छपरा है। जब मैं उनसे मिला तब भी उनकी यह अपेक्षा थी कि छपरा की भक्ति छपरा चली जाये। उनकी वाणी थी वह आप पूरी हो गयी है छपरा की भक्ति छपरा पहुंच गयी है। आज नागंली वाले भी छपरा पहुंचते हैं भविष्य में जैसे बौद्ध गया में सभी बौद्धिस्ट देशों ने अपना मंदिर बनाया है वैसा छपरा में भी स्वामी परमहंस दयाल जी के सभी मानने वाले वहां जुटने लगेंगे। भक्ति का मर्म परमहंस दयाल जी ने पकड़ा।

स्वामी दयाल जी धर्म के व्यवहारिक स्वरूप को जितने अच्छे प्रकार से प्रतिपादित किया उससे उसका विस्तार होता ही जा रहा है। वे गंगा स्नान भी करते थे और कहते भी थे कि गंगा स्नान से मुक्ति नहीं होगी। वे जनसधारण के बीच के होकर अपने ज्ञान का विस्तार भी करते थे। उन्होंने छपरा से टेरी जो अब पाकिस्तान में है वहां तक की धर्म स्थापना के पुर्नजागरण की यात्रा की। फिर धर्म नांगली,गढ़वा घाट काशी, छोटका राजपुर होते हुए छपरा तक लौटा। यह उनके भक्ति बल का प्रभाव है कि आज भी तत्वज्ञान मूल रुप में छोटका राजपुर में ब्रम्ह्म विद्यालय आश्रम के रूप में जीवित है और प्रचार-प्रसार पा रहा है।

सत्य सदैव एक होता है। सत्य दो हो ही नहीं सकता। विज्ञान और धर्म में मेल है क्या? विज्ञान ने बुद्धि को ही आधार बताया है जबकि संसार बिंदु से आती हैऔर फिर वहीं लुप्त हो जाती है। आज अरबों साल से बिग बेन फेरी के सिद्धांत के अनुसार संसार विस्तार पा रहा है अनंत विस्तार। साढ़े तेरह अरब साल से विस्तार पा रहा है यह ब्रह्माण्ड। आत्मा मर जायेगी ऐसा तो होही नहीं सकता। चूंकि यह सर्वत्र है। इसका विस्तार व्यापक है।

गुरु व्यापक होता है। उसका विस्तार अनंत होता है। वह सबका होता है सबके लिये होता है। उसके पास कोई भेद भाव नहीं होता। जो ज्ञान गुरु से मिल सकता है वह दूसरे स्थान या किसी भी दूसरे प्रकार से नहीं मिल सकता है। हमारे स्वामी जी गुरुदेव का एक ही उदेश्य था कि संसार का दुख कैसे समाप्त किया जाए। मनुष्य की तन-मन औरधन की शक्ति सीमित होती है। आपको दुनिया का सबसे बड़ा आनंद भक्ति में मिलता है और यह भक्ति बिना सद्गुरु से ही प्राप्त होता है। गुरु जो सेवा देते हैं उसी का नाम है भक्ति। तर्क से फर्क मिट जाताहै। जिस प्रकार ताशके खेल में एक ट्रंप कार्ड होता है उसी प्रकार मनुष्य के जीवन में भक्ति एक ट्रंप कार्ड है।

**अस संयोग ईष्ट जब करही**

गुरु की कृपा भी प्रबल संयोग से ही प्राप्त होती है। मैंने अपने जीवन में कई प्रकार की धार्मिक कृत्यों का निर्वाह किया लेकिन जब हमें हमारे गुरुदेव मिले तब हमारे मन का शंका समाप्त होता गया और मैं अपने जीवन के उदेश्य को समझ पाया।

**गुरु जी की महिमा सब पर भारी। जो समझे सो अधिकारी।।**

हनुमान जीसे अगस्त मुनि ने कहा था राम आयेंगे और तुम राम का सेवक बनकर कार्य करना। हनुमान किनका काम कर रहें थे। हनुमान गुरुभक्ति कर रहें थे जबवे राम की सेवा कर रहें थे क्योंक यही उनके गुरु अगस्त जी का आदेश था। शबरी भी गुरु आज्ञा से ही राम जी का इंतजारकर रही थी।

(ब्रह्म विद्यालय आश्रम छोटका राजपुर बक्सर बिहार शाखा कुटी बसारगढ़ टीपूदाना रांची।)

# बच्चों में खाने की बेहतर आदत

**रश्मि सिन्हा**

**आजकल** बच्चे जंक फूड खाना ज्यादा पसंद करते हैं, जैसे पिज्जा, बरगर, न्यूडलस। लेकिन शायद आप यह नही जानते कि ऐसा खाना आपके बच्चे की सेहत को तो नुक्सान पहुंचाता ही हैं, साथ ही साथ दिमाग के विकास पर भी बुरा असर डालता है।

पैकड फूड और जंक फूड में हाई कैलोरी तो होती है लेकिन इसमें पौषक तत्वों की बहुत कमी होती है। जिससे उनका विकास रूक सकता है। बच्चे के खाने की आदत का उनके मानसिक स्वास्थ्य को भी बहुत प्रभवित करता है।

यादाशत और सोचने में कमी, सुस्ती, नींद न आना बच्चे के खाने की आदतों के ही सभी परिणाम होते हैं। शारीरीक और मानसिक तंदरुस्ती अच्छे खाने से ही आती हैं।

जो हैल्दी खाना बच्चे रोजाना खा रहें हैं, उसका उनके स्वास्थ्य मानसिक विकास और प्रतिरोधक क्षमता पर भी असर पड़ता है। हम बच्चों को घर पर बने हुए स्नैक्स और उनकी पसंदीदा जूस का फ्लेवर भी दे सकते है। जिसे उन्हें पूरा पोषण भी मिलेगा और खाने में भी टेस्टी होगें।

**बच्चों के लिए फायदेमंद आहार...**

**-शहद में कुदरती मिठास होती है और हैल्दी भी होता है।**

**-बादाम दिमाग के विकास के लिए बहुत अच्छे होते हैं। गर्मियों में रात को भिगो कर रखे हुए बादामों को दूध के साथ खाना फायदेमंद होता है।**

**-केला और दूध कैल्शियम से भरपूर होता है और बच्चे के विकास के लिए बहुत जरूरी है।**

**-पनीर और योगर्ट विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होते हैं।**

**-हरी सब्जियां और सी फूड बच्चे के खाने में जरूर शामिल करें।**

**-केला, बादाम और शहद खाने से बच्चों की स्टैमिना पावर पर अच्छा असर पड़ता है।**

**-ब्रोकली, गाजर को सलाद में जरूर शामिल करना चाहिए।**

**-दोपहर के खाने के बाद फलों को सेवन करना फायदेमंद होता है।**

**-मक्खन और घी बच्चों के खाने में देने से वह हैल्दी रहते हैं।**

# पांच ग्राम से अधिक नमक को ना कहें



**`जीवीएस शास्त्री**

नमक एक ऐसा खाद्य पदार्थहै, जिसके बिना किसी का भी काम नहीं चल सकता है। खाने में इसका इस्तेमाल सिर्फ स्वाद बढ़ाने के लिए ही नहीं किया जाता है बल्कि इसके कई फायदे भी हैं।

अगर आपके गले में खराश है, दर्द है या फिर सूजन, नमक के पानी से कुल्ला करने या गरारा करने से काफी राहत मिलती है। दरअसल, यह एक एंटीसेप्टिक की तरह काम करता है और संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। इस कोरोना काल में भी लोगों को नमक पानी से गरारा करने की सलाह दी जा रही है और नमक के बिना खाना तो एकदम बेस्वाद ही लगता है। लेकिन क्या कभी आपने ये सोचा है कि ज्यादा नमक नुकसानदायक भी हो सकता है?

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सलाह दी है कि लोगों को रोजाना मात्र पांच ग्राम ही नमक का सेवन करना चाहिए, जबकि अधिकतर लोग इसका दोगुना नमक रोज खाते हैं। संगठन का कहना है कि अधिक नमक खाने से हर साल तीन मिलियन यानी 30 लाख लोगों की मौत हो जाती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि अधिक नमक खाने से हृदय रोगों और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। संगठन की पिछले साल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वयस्कों के लिए प्रति दिन पांच ग्राम से कम नमक का सेवन रक्तचाप, हृदय रोग, स्ट्रोक और कोरोनरी हार्ट अटैक के जोखिम को कम करने में मदद करता है।

कई विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि अधिक नमक के सेवन से किडनी में पथरी होने की संभावना अधिक होती है, क्योंकि यह मूत्र में कैल्शियम का स्तर बढ़ाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर अगर नमक की खपत को अनुशंसित स्तर तक कम कर दिया जाए तो अनुमानित 2.5 मिलियन यानी 25 लाख मौतों को हर साल रोका जा सकता है।

अगर आप पैकेट बंद खाद्य पदार्थों (चिप्स वगैरह) का सेवन अधिक करते हैं, तो संभल जाइए, क्योंकि जाने-अनजाने में आप इसी के जरिए वो नमक की ज्यादा मात्रा ले लेते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। इसलिए ध्यान रखें और रोजाना तय मात्रा से अधिक नमक का सेवन न करें।

# बोतल का पानी है खतरनाक

**शशि**

**जल** ही जीवन है, ये बात हम बचपन से सुनते आ रहे हैं। हमारे शरीर के सभी अंग ठीक से काम करते रहें इसके लिए बॉडी में पानी का होना बहुत जरूरी है। खासतौर पर गर्मियों में पसीना ज्यादा निकल जाने से डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। इससे कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं।

शरीर में बैक्टीरिया, वायरस जैसे इन्फेक्शन होने पर भी डॉक्टर्स ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की सलाह देते हैं। अब सवाल यह उठता है, क्या पानी पीने का भी कोई सही या गलत तरीका होता है?

हालांकि इस बात का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है लेकिन आयुर्वेद में ऐसा माना जाता है कि खड़े होकर पानी पीने के नुकसान हो सकते हैं। बताया जाता है कि जब हम खड़े होकर पानी पीते हैं तो शरीर में तरल पदार्थों का बैलेंस बिगड़ जाता है। ऐसा होने पर जोड़ो से जुड़ी समस्या जैसी समस्याएं हो सकती हैं। हालांकि डॉक्टर्स की सहमति इस बात पर नहीं है।

अक्सर लोग बॉटल से डायरेक्ट पानी पी लेते हैं। घर के बड़े इसको लेकर टोकते भी हैं पर कोई ध्यान नहीं देता। बोतल से पानी पीना ठीक नहीं। हमें हमेशा ग्लास में पानी लेकर घूंट-घूंट करके पीना चाहिए। इसकी एक वजह यह बताई जाती है कि जब हम बॉटल से डायरेक्ट पानी पीते हैं तो एक-दो घूंट में उस वक्त के लिए गला तर हो जाता है और हम पानी कम पीते हैं। अगर आप ग्लास में लेकर पानी पीते हैं तो पूरा ग्लास खत्म करते हैं और शरीर में ज्यादा पानी पहुंचता है। पानी का एक छोटा सिप लें, इसको निगल लें फिर सांस लें। आयुर्वेद में पानी पीने का ये सही तरीका माना जाता है।

बहुत ठंडा पानी पीने से आपके डाइजेशन की प्रक्रिया डिस्टर्ब होती है। गुनगुना पानी पीने के कई फायदे हैं। पानी ना ज्यादा ठंडा, ना ज्यादा गर्म बल्कि कमरे के तापमान जितना होना चाहिए। जब आपको प्यास लगे तब पानी पिएं। रोजाना ढाई से तीन लीटर पानी पीने का लक्ष्य रखें।

# डायरिया से भी रहें सावधान

**कुमार गौरव**

**आजकल** के वातावरण में सफाई के लिए कहा जा रहा है। साफ-सफाई तो हमेशा जरूरी होती है। कोविड के इस दौर में डायरिया जैसी बीमारी से भी सावधान रहने की जरूरत है। झारखंडसहित देश का तापमान 40 डिग्री से उपर जा रहा है एसे में यह एक सामान्य रोग हो सकता है। वैसे विशेषज्ञ मुख्य वजह साफ-सफाई का अभाव ही मानते हैं। अगर दूषित खाना या अस्वच्छ जगह पर भोजन या खाने-पीने की कोई और चीज बनी हो तो वह डायरिया की मुख्य वजह हो सकती है।

असल में डायरिया को दस्त से जुड़ी समस्या के रूप में जाना जाता है लेकिन इसके हरेक केस में परिस्थितियां अलग-अलग होती हैं। इस संबंध में सीनियर फिजिशयन डॉ. शशांक शर्मा कहते हैं कि डायरिया मुख्य रूप से लोगों को तीन रूपों में परेशान करता है। अक्यूट डायरिया सबसे कम दिनों तक होता है। यह एक सप्ताह तक रह सकता है, जबकि, पर्सिस्टेंट डायरिया लगभग तीन सप्ताह तक बना रह सकता है। इसके साथ ही क्रॉनिक डायरिया मरीजो को चार सप्ताह से अधिक समय तक रह सकता है जो कि जानलेवा हो सकता है। डॉ शर्मा बताते हैं कि वयस्क, बच्चों और शिशुओं में डायरिया के लक्षण अलग-अलग होते हैं, जिसकी वजह से डायरिया का इलाज भी अलग-अलग तरह से किया जाता है।

**मुख्य लक्षण**

छोटे बच्चों में डायरिया की शिकायत होने पर थकान, सिरदर्द, पेशाब की कमी, चिड़चिड़ापन, रूखी त्वचा, बुखार, मल का रंग काला होना जैसे लक्षण दिखने लगते हैं। वहीं वयस्कों को डायरिया में जी मिचलाना, उल्टी, अनिद्रा, वजन कम होना जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इनके अलावा दस्त होना और उसमें खून आना आम लक्षण हैं जो सभी आयुवर्ग के मरीजों में पाए जा सकते हैं। इसलिए ऐसे लक्षण हों तो आपको डॉक्टर से सलाह लेकर उचित समय पर इसका इलाज करवा लेना चाहिए ताकि बीमारी आपको ज्यादा दिनों तक तंग न कर सके।

**डायरिया होने के कारण**

डायरिया होने के मुख्य कारण हैं आपके आहार एवं आसपास के वातावरण में स्वच्छता का अभाव तथा आंतों का कमजोर होना। क्योंकि खराब खानपान के कारण आंतों के कमजोर होने की समस्या सामने आती है।

इसके अलावा अगर व्यक्ति को किसी तरह की फूड एलर्जी है तो उस फूड को खाने पर भी डायरिया हो सकता है। विशेषज्ञ कई बार बताते हैं कि आप खान-पान की ऐसी चीज को समझें जिससे आपको दिक्कत होती है। कई बार हमें पता चल जाता है कि हमें कोई फल या किसी खास तरह की सब्जी नहीं पचती है तो उसकी पहचान कर उसे खाना बंद कर दें। डायरिया आंतों में संक्रमण के कारण भी हो सकता है। क्योंकि ये आपकी लैक्टोज पचाने में आई क्षमता में कमी को दशार्ता है। ऐसे लोग आसानी से डायरिया से ग्रस्त हो सकते हैं।

**डायरिया से बचाव**

सबसे पहले तो शरीर में हुई पानी की कमी दूर करने के लिए इलेक्ट्रोलाइट या स्पोर्ट्स ड्रिंक, लेना चाहिए। ओआरस भी ऐसे में दिया जाता है। क्रॉनिक डायरिया होने अथवा स्थिति ज्यादा बिगड़ जाने पर इंट्रावीनस के जरिए शरीर में तरल पदार्थ पहुंचाना पड़ सकता है। अतः डॉक्टर के पास जाने में देर मत करें। अगर डायरिया की शिकायत बैक्टीरिया के कारण हुई हो तो डॉक्टर एंटीबायोटिक दवा भी लिख सकते हैं। अपने आसपास और लिए जा रहे फूड्स में हाइजीन का हमेशा ख्याल रखें और आंतो को स्वस्थ रखने का प्रयास करें। समय से सोना-जागना, खाने के तुरंत बाद अधिक मात्रा में कोई लिक्विड लेने से परहेज, तनावमुक्त रहना और योग करना आपकी आंतों को हेल्दी रखने में सहायता करेगा। साथ ही रात में खाने और सोने के बीच एक से दो घंटे का अंतराल जरूर रखें।

# वैश्विक साझेदारी से पर्यावरण संकट का समाधान

**अरुण मायरा**

ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (तिलोर) नामक पक्षी का वजूद बचाए रखने के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के हालिया फैसले में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से मुक्त रहने को मानव के मूलभूत अधिकार जितना दर्जा दिया गया है। इस निर्णय ने नीति-निमार्ताओं एवं अक्षय ऊर्जा तंत्र विकसित करने वाले निमार्ताओं को विस्मित किया है। उनका कहना है कि न्यायाधीश वैज्ञानिक विशेषज्ञों की सलाह को दरकिनार कर रहे हैं और इससे जलवायु परिवर्तन को दुरुस्त करने हेतु बनाए जाने वाले तंत्र की स्थापना में देरी होगी। अदालत ने माना है कि जलवायु परिवर्तन अनचाहे क्षेत्रों में भी न्यायशास्त्र की दखल करवा रहा है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से वजूद पर बने संकट को पूंजीवादी अर्थव्यवस्था और बेढंगे विज्ञान के मौजूदा आदर्शों द्वारा समझा और सुलझाया नहीं जा सकता।

पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में, प्राकृतिक संपदा इसके मालिक की पूंजी है। राजा और जमींदार भूमि मालिक होते हैं और उनके इलाके की तमाम जलीय, वनीय और मत्स्य संपदा, पशु-पक्षी तक उनकी संपत्ति हैं। उनकी भूमि पर रह रहे और काम करने वाले नौकर या दासों द्वारा हुई उत्पादकता या पैदावार के मालिक भी वही हैं। जो मालिक अपनी मालिकाना भूमि पर घर बनाकर रहते हैं और लोगों से मेल-जोल रखते हैं, जहां उनके नौकर-चाकर पसीना बहाते हैं, वे अपनी निगरानी में वनों और फसलों को फलते-फूलते स्वयं देख सकते हैं। परंतु जो जमींदार अन्यत्र रहते हैं उन्हें कोई परवाह नहीं होती। उन्हें तो केवल मुनाफे से मतलब है फिर चाहे भूमि सूखाग्रस्त हो या बाढ़ग्रस्त, न ही नौकरों की मुश्किलों से कोई सरोकार होता है।

दुनिया की स्थिति का आकलन तालिकाओं (चार्ट) या डाटा से करते हैं कि किस वस्तु या शेयर का भाव मंडियों और स्टॉक बाजारों में ऊपर चढ़ा या गिरा। जब देहात से निकलकर कोई बंदा कारखानों में बतौर मजदूर काम करने लगता है तो वहां उसका मेहनताना काम के घंटों और इस दौरान दिखाई कारगुजारी के मुताबिक मिलता है। कारखाने के मालिक के लिए उसका कौशल और श्रम भी एक खरीदने लायक वस्तु भर है।

अर्थ-व्यवस्था और न्याय-शास्त्र में जायदाद पर हक आदिकाल से एक अधिकार है। मानवाधिकार को मान्यता तो कहीं बहुत बाद में जाकर मिली, जिसकी प्राप्ति राजनीतिक आंदोलन-अधिकांशतः हिंसा के बाद हुई। उद्देश्य था दासता खत्म करना, उचित मजदूरी पाना और काम करने के लिए सुरक्षित माहौल बनवाना। ह्यगिग वर्कह्न व्यवस्था श्रम को वस्तु में बदलने का 21वीं सदी का एक तरीका है, जिसमें केवल जरूरत पड़ने पर कामगार की सेवाएं लेना, जो काम हुआ उसी का मेहताना देना और अन्य किसी किस्म की कोई सामाजिक सुरक्षा नहीं होती, यह व्यवस्था मालिकान को तो खूब रास आती है लेकिन आम लोगों के लिए खराब है।

गारेट हार्डिन की ट्रेजेडी ऑफ द कॉमन्स नामक थ्योरी निजीकरण की विचारधारा को रेखांकित करती है। इस विचार या वाद में, जो सार्वजनिक संपत्ति साझी होती है उसकी देखभाल की जिम्मेवारी कोई नहीं उठाता। अतएव, सार्वजनिक और साझी संपत्ति को निजी हाथों को सौंप दिया जाए क्योंकि वे अधिक मुनाफा बनाने की चाहना से प्रेरित होकर अपने-अपने हिस्से का प्रबंधन अच्छी तरह करेंगे। वैश्विक पर्यावरण, जो कि सबका साझा है, उसको पहुंचा नुकसान विश्व-स्तरीय उभयनिष्ठ संकट बन गया है। इसका हल संपत्ति का आगे निजीकरण करके नहीं निकल सकता। ह्यवैश्विक साझेदारी का वायदाह्न ध्येय की प्राप्ति को प्रबंधन के नए सिद्धांतों की जरूरत है।

फ्रांसिस बैकॉन ने 17वीं सदी में यूरोपियन ज्ञानोदय के जन्म पर गर्व करते हुए कहा था कि अब विज्ञान मनुष्य को बेलगाम प्रकृति पर नियंत्रण पाने की ताकत प्रदान करेगा। भौतिकी, रसायन शास्त्र और जीव-विज्ञान में हुई नवीनतम खोजों ने मानव के पदार्थवादी फायदे हेतु पृथ्वी की संपदा का दोहन करने के ताकतवर औजार प्रदान किए जिसके चलते तकनीकी रूप से विकसित राष्ट्रों के नागरिकों का उच्च जीवन स्तर बाकियों के लिए ईर्ष्या बना। लेकिन अतिशयी दोहन ने पृथ्वी की सेहत को नुकसान पहुंचाया है। तकनीकी श्रेष्ठता के दर्प से चूर मानव ने हमारे ग्रह के पर्यावरण संतुलन और लोगों के आपसी सौहार्द्र की सततता को



साभार कॉर्टूनमूवमेंट डॉट कॉम

# चंदवारा में आधा दर्जन कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में हुये शामिल

## विकसित भारत के लिए तीसरी बार मोदी को बनाएं पीएम : जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने शनिवार को प्रचंड गर्मी के बीच बरही विधानसभा क्षेत्र के चंदवारा प्रखंड क्षेत्र के 09 पंचायतों के करीब दो दर्जन गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया । इस क्षेत्र के लोगों को 01 मई को नामांकन पत्र दाखिल के अवसर पर हजारीबाग पहुंचने का न्यौता दिया। जायसवाल ने दौरे की शुरूआत चंदावरा प्रखंड स्थित उरवां जामु खांडरी से किया। यहां पहुंचने पर बरही विधानसभा क्षेत्र और चंदवारा प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से फूल माला पहनाकर स्वागत किया। जायसवाल के चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान चंदवारा प्रखंड के आधा दर्जन से अधिक कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा। जिसमें ग्राम उरवां में रवि यादव, मुंशी यादव और ग्राम भोंडो में प्रदीप कुमार, किसुन साव, राजेश कुमार, कामेश गुप्ता, विनोद कुमार का नाम शामिल है। सभी कार्यकताओं का भाजपा परिवार में जायसवाल और



बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने फूल माला और पट्टा पहनाकर स्वागत किया। चंदवारा प्रखंड में जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस ने 62 सालों तक देश में राज किया लेकिन गरीबों के उत्थान के लिए कोई कारगर योजना नहीं बनाई जबकि पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में जो विकास हुआ और देश वासियों के लिए जितनी जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित हुई वह ऐतिहासिक है। भारत का डंका ना सिर्फ. संपूर्ण विश्व में गूंजा बल्कि देश के करोड़ों लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। सरकार की एक-एक जनकल्याणकारी योजनाएं जरूरतमंदों और निचले तबके के लोगों के घरों तक सीधे पहुंचा और उनके जीवन में बदलाव लाने का कार्य किया। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा कि स्वच्छ शासन के साथ विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए तीसरी बार मोदी सरकार बनाएं। बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि देश को नरेंद्र मोदी और हजारीबाग लोकसभा को मनीष जायसवाल जैसे नेता की जरूरत है। इसके लिए आप सभी मतदाता कमल फूल छाप पर प्रचंड बहुमत देकर इन्हें विजयी बनाएं और अपने भविष्य को सुरक्षित करते हुए संवारने का कार्य करें। जायसवाल के चुनावी दौरे में विशेषरूप से बरही विधानसभा चुनाव संचालन समिति के सह- संयोजक अर्जुन साव, भाजपा जिला महामंत्री सुनिल साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारिका राणा, जिप प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रभूषण साव, मनोज साव, महामंत्री नंदकिशोर सोनी, युवा नेता राजेश यादव, बालगोविंद स्वर्णकार, समाजसेवी प्रेमचंद राम, पंसस बैजू सिंह, राजेन्द्र साव, राजेन्द्र सोनी, राजेन्द्र यादव, बिनय यादव, बजन यादव, महेंद्र पंडित, भुनेश्वर पंडित, उमेश सोनी, अनिल सोनी, रामा यादव,कुलदीप यादव, कैलास यादव, रामप्रसाद यादव, लालदेव साव, टिंकू साव, राजेन्द्र यादव, अनील यादव, मुखिया पुष्पा देवी, बीरेंद्र यादव, संजय मोदी, इंटोनी सिंह, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सिमडेगा ने पाकुड़ को 57 रन से हराया



**रामगढ़।** अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का मैच शनिवार को छावनी क्रिकेट ग्राउंड में सिमडेगा बनाम पाकुड़ के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। पाकुड़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। सिमडेगा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में 41.3 ओवर मे 196 रन बनाया। सिमेडेगा की ओर से अधर्व कुमार ने 62 रन, अंकित राज ने 34 रन और फैजान खान ने 22 रन बनाया। पाकुड़ की ओर से गेंदबाज जफर अहमद 7.3 ओवर में 44 रन देकर 5 विकेट एवं जय रजक 10 ओवर में 49 रन देकर 2 विकेट , सुमीत सिंह 10 ओवर में 30 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकुड़ ने 43.2 ओवर में 139 रन बनाया और 57 रनों से मैच हार गई। पाकुड़ की ओर से बल्लेबाज अर्जुन गोश्वामी ने 37 रन, दिबांकर कुमार ने 28 रन, चिंटू सिंह ने 22 रन , जय रजक ने 16 रन बनाए। सिमडेगा की ओर से गेंदबाज फैजान खान 6.2 ओवर में 12 रन देकर 4 विकेट , दर्श जुरेल ने 9 ओवर में 22 रन देकर 2 विकेट, सूर्योत्तम कुमार 3 ओवर में 9 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किया।

### सीसीएलकर्मी ने की आत्महत्या

**बरकाकाना।** ओपी क्षेत्र के सीसीएल कॉलोनी में शुक्रवार को एक सीसीएल कर्मी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की। जानकारी पर पुलिस पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक राकेश कुमार मिश्रा सीसीएल केंद्रीय कर्मशाला में कार्य करते थे। वह सीसीएल कॉलोनी के बैंक मुहल्ला क्वार्टर संख्या 1बी/5 में पत्नी संतोषी मिश्रा और दो बेटों के साथ रहते थे। बड़ा पुत्र पढाई के लिए बाहर में रहता है। छोटा पुत्र डीएवी बरकाकाना में पढ़ता है। वे शुक्रवार शाम डयूटी से लौटे। उस दौरान पत्नी और पुत्र बाहर गए थे। वापस लौटने पर पत्नी ने घर का दरवाजा खुला पाया। जब वह अंदर गई तो पति के शव को रस्सी के सहारे पंखे से झूलते देखा।

### जुबिली कॉलेज में मतदाता जागरूकता



**भुरकुंडा ।** जुबिली कॉलेज में भारत सरकार के सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) के तहत शनिवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। छात्र-छात्राओ को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. महेन्द्र पांडेय ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए 18 प्लस के सभी मतदाताओं को अपना मतदान अवश्य करना चाहिए। मौके पर डॉ. अरूण सिंह झा, प्रो. अर्जुन मिश्रा, प्रो. मनोज कुमार, डॉ. बी रविदास सहित दर्जनों छात्र मौजूद थे।

### दो कुख्यात अपराधी जिला बदर

**रामगढ़।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार के न्यायालय द्वारा झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत विधि व्यवस्था व लोक शांति बनाए रखने तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कुख्यात अपराधी प्रदीप पासवान (भुरकुंडा, पतरातू) एवं कुख्यात अपराधी दीपक धोबी उर्फ दीपक रजक(जयनगर, पतरातू) के विरुद्ध निम्न आदेश जारी किए गए हैं। दोनों अभियुक्तों को 3 महीने अथवा आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने तक जो भी पहले हो को रामगढ़ जिला क्षेत्राधिकार से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है। अभियुक्तों को आदेश पारित होने के 24 घंटे के अंदर जिले की सीमा को छोड़ना होगा एवं अगले छह माह तक जिले की सीमा में बगैर लिखित पूर्वानुमति के प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई अनुज्ञप्ति लाइसेंस आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा कराएंगे एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्रधारित नहीं करेंगे।

### परवरिश में मनाया गया रेड डे



**कुजू।** परवरिश एजुकेयर स्कूल के नर्सरी से यूकेजी के नन्हे छात्रों के लिए शनिवार को रेड डे मनाया गया। सभी बच्चे लाल परिधान में काफी आकर्षक और उत्साहित नजर आए। निदेशक एवं प्रबंध निदेशक शैलेंद्र कुमार और विकास कुमार सिंह ने कहा कि बच्चे इस प्रकार की गतिविधियों से जल्द ही सीखते हैं और याद रख पाते हैं। किताबी ज्ञान के अलावा इस प्रकार की गतिविधि बच्चों के विकास में सहायक होते हैं, इसलिए हमारा विद्यालय इस पर विशेष ध्यान देते हुए दैनिक जीवन से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन करता रहता है।

### दोतल्ला पंचायत में मतदाता जागरूकता




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा के विभिन्न मतदान केंद्रों में शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मुखिया सत्यवंती देवी के नेतृत्व में राजकीय कन्या मध्य विद्यालय के मतदान केंद्र संख्या 373, 374, 375, 376, 377 एवं 378 में मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। बूथ अवेयरनेस ग्रुप (बीएजी) की चौथी बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया सत्यवंती देवी ने की। बैठक में 20 मई को होने वाली चुनाव में 18 वर्ष सहित सभी मतदाता को शत प्रतिशत मतदान कराने हेतु विचार-विमर्श कर रूप रेखा तैयार की गई। मौके पर बीएलओ किरण सिंह, रंजू सिंह, प्रेमी सलोमि तिर्की, एलिजाबेथ डोडराय, सोफिया कुजूर, रानी शर्मा, पूर्व मुखिया लव कुमार महतो, प्रधानाध्यापक रवीश कुमार, सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत


**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत चार माइल सड़क दुर्घटना में रेखा देवी 40 वर्ष पति दीपक रविदास की मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला अपने पति दीपक रविदास के साथ मोटरसाइकिल से शादी से लौट रहे थे। इसी दरम्यान अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर करियातपुर मुखिया मनोज कुमार बरही थाना पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और हर सम्भव मदद का भरोसा दिया।

# चौपारण में 18 गौवंश और मिनी ट्रक जब्त

## दो पशुओं की मौत, एक तस्कर गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चौपारण।** थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने चौपारण में आते ही तस्करों व अवैध धंधेबाजों में खलबली मचा दी है। लोग अब ये कहने लगे हैं कि चौपारण के सिंघम से तस्करों के बचना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन है। शुक्रवार रात में पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के द्वारा गुप्त सूचना दी गयी कि गया (बिहार) की ओर से एक डीसीएम वाहन पंजियन संख्या- यूपी-15 जीटी-6009 में गौवंशीय पशुओं को क्रूरता पूर्वक लोडकर तिरपाल से ढंककर तस्करी करने हेतु बंगाल वधशाला में ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर थाना प्रभारी के द्वारा एक छापामारी दल का गठन किया गया और त्वरित कार्रवाई हेतु छापामारी दल के साथ चोरदाहा चेकपोस्ट पहुंचकर गया (बिहार) की ओर से आने वाली वाहनों का सघन जांच किया जाने लगा। इसी दरम्यान समय करीब 4 बजे एक नारंगी रंग का डीसीएम वाहन तिरपाल ढंका हुआ आता हुआ दिखाई दिया, जिसके



नजदीक आने पर सूचनानुसार पंजियन संख्या- यूपी-15 जीटी-6009 देखकर वाहन चालक को वाहन रोकने का ईशारा किया तो वाहन चालक वाहन को तेजी से चलाते हुए चोरदाहा चेकपोस्ट से भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पकड़ने को पीछा करने पर वाहन का चालक अपना वाहन को साइड में खड़ा करके वाहन से कूदकर भागने ही वाला था कि साथ आये पुलिस बल के जवानों के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्ति के द्वारा नाम गुल्फाम , पिता-सादक अली ग्राम-सुल्तानपुर हापुड़ थाना-देहात जिला-हापुड़ (उत्तर प्रदेश) बताया। पूछताछ में बताया कि उसके वाहन के आगे-आगे एक छोटी वाहन स्कॉट करते हुए जा रही थी और पकड़ाये व्यक्ति के अनुसार गौवंशीय पशुओं के तस्करी में एक सींडिकेट शामिल है। काण्ड में जप्त वाहन से कुल 18 गौवंशीय पशु बैंल/सांढ़ को बरामद किया गया है, जिसमें क्रूरता का आलम यह था कि 02 पशु मृत पाये गये हैं। गौवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधि० दर्ज कर अनुसंधानभार पुअनि बिन्देश्वर महतो को सौंपा गया है।

### सरस्वती विद्या मंदिर में दादा-दादी और नाना-नानी सम्मान समारोह

**रजरप्पा ।** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा के परिसर में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह हुआ। इसका शुभारंभ रांची विभाग प्रमुख फणीन्द्र नाथ झा, प्राचार्य उमेश प्रसाद, आनंद महतो, उमेश महतो एवं राजकुमारी देवी के द्वारा संयुक्त रुप से किया । दादा, दादी, नाना, नानी को उनके नाती पोते एवं विद्यालय के भैया बहनों द्वारा पैर प्रक्षालन, आरती, तिलक लगाकर उन्हें स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भैया बहनों के द्वारा गीत, नृत्य, माइम एक्ट आदि की प्रस्तुति की गई। फणीन्द्र नाथ झा ने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में भारतीय संस्कारों के प्रति रुचि व अपने से बड़ों के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव विकसित करना है। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी ईश्वर के रूप होते हैं।

## पहले मतदान, फिर करें जलपान : उपेंद्र शर्मा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सरकारी दिशा-निर्देशानुसार सौंदा डी पंचायत अंतर्गत उच्च विद्यालय में मतदाता जागरूकता को लेकर शनिवार को बैठक हुयी। बैठक में बुथ संख्या 300, 301, 302, 303, 304 में बीएलओ ने सरकारी दिशा-निर्देश से समिति को अवगत कराया। बताया गया कि सौंदा डी में 4871 मतदाता हैं। मध्य विद्यालय में 3 बूथ एवं उच्च बिधालय में 2 बूथ होंगे। मौके पर मुखिया उपेंद्र शर्मा ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए 18 प्लस के सभी मतदाताओ को अपना मतदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने पहले मतदान फिर जलपान का नारा बुलंद करते हुए कहा कि खुद तो मतदान करें ही इसके लिए दूसरे को भी प्रेरित करें। ताकि अधिक से अधिक मतदान हो सके।

### फल दुकान में आग से हजारों रुपए का नुकसान

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मेन रोड गुरुद्वारा के समीप शुक्रवार रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे असामाजिक तत्वों ने झोपड़ीनुमा फल दुकान में आग लगा दी। दुकान में रखे हजारों रुपए लागत के फल जलकर खाक हो गया। दुकान के संचालक मो. इबरार ने भुरकुंडा ओपी में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने बताया कि वह रोज दुकान में सोता था शुक्रवार की रात भी लगभग 11 बजे दुकान बंद कर घर खाना खाने चला गया। लगभग साढ़े ग्यारह बजे दुकान के आसपास के लोगों ने फोन करके दुकान में आग लगने की जानकारी दी। दुकान पहुंचने पर देखा कि पूरा दुकान आग की लपटों में घिरी हुई है। इसके बाद घटना की सूचना भुरकुंडा पुलिस और दमकल विभाग को दिया गया। सूचना के बाद दमकल की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। इबरार ने बताया कि ढाई से तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

## 11 वाहनों से 2,57,000 रुपये वसूला जुर्माना



**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देशानुसार शुक्रवार रात को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में विभिन्न चौक चौराहे पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा माल वाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस,ओवरलोडिंग, आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई।

जांच के दौरान 11 वाहनों से 257000 रुपया जुर्माना वसूला। डीटीओ मनीषा वत्स ने सभी वाहन चालकों से अपील की सभी वाहन चालक अपने-अपने वाहन के पीछे रिफ्लेक्टिंग टैप का प्रयोग जरूर करें ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं की संभावनाओं को काम किया जा सके। मौके पर मुख्य रूप से विक्की आनंद, पुलिस बल के जवान सहित अन्य उपस्थित थे।

# बच्चों को हर क्षेत्र में बनायेंगे अव्वल : अंगद राय

▸▸ न्यू डॉन बास्को अकादमी जवाहर नगर में कई कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित न्यू डॉन बास्को अकादमी में शनिवार को हैंड वॉश, जल ही जीवन विषय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओ ने छोटे बच्चों को खाने से पहले हाथ धोने और समय-समय पर हाथ धाते रहने के फायदों से अवगत कराते कराया। साथ ही ठीक प्रकार से हाथ धोने के तरीके भी बताये। वहीं प्रोजेक्टर के माध्यम से जल बचाव जीवन बचाओ के महत्वपूर्ण बिन्दुओ से बच्चों को अवगत कराया गया। इस दौरान जल की बबार्दी न करने का सामुहिक शपथ भी लिया गया। मौके पर प्राचार्य अंगद राय ने कहा कि बेवजह पानी की बबार्दी न करें। अगर नल खुला दिखे तो बंद कर दें ताकि पानी की बबार्दी न हो। उन्होंने कहा कि जल है तो कल है, जल ही जीवन है। हर हाल में हमसबों को पानी की बचन करने का प्रयास करना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान हरियाणा द्वारा आयोजित अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सफल विधार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत करते हुए प्राचार्य श्री राय ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के प्रति विद्यालय प्रबंधन दृढ़संकल्पित है।

उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विद्यालय का उद्देश्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य अंगद राय, नेहा परवीन, साक्षी मिश्रा, प्रेरणा कुमारी, प्रीति वर्मा, रिया कुमारी, अंशु कुमारी, रवि, मुस्कान परवीन, अनीश कुमार आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।



## एक नजर में

### डीसी और एसपी ने किया बरही के कई बूथों का निरीक्षण, सुविधाओं का भी लिया जायजा



**बरही।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बरही एवं पदमा प्रखंड के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बरही, पदमा, केवाल, श्रीनगर में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। केंद्रों में बिजली, पानी, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की जांच करते हुए संबंधित अधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देश का पालन करते हुए हुए मतदान केंद्रों में साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने, मतदान केंद्रों में बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था कराने समेत विद्यालयों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और इसे ससमय पूरा कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त नैंसी सहाय ने केवाल बिरहोर टोला पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की। मतदान में सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। चुनाव को एक उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए। हर पात्र व्यक्ति को निर्भीक होकर मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी नैंसी सहाय एवं एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बच्चों के बीच चॉकलेट का भी वितरण किया। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने लोगों से मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में आकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पहले मतदान फिर जलपाल का संदेश लोगों को दिया जा रहा है। मौके पर एसडीओ जोहन टुडू, अपर पुलिस अधीक्षक सुरजीत कुमार, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, सीओ रामनारायण खलखो, बरही थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, पदमा थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह, जेपीएस सांवना मांझी सहित सभी मतदान केन्द्रों के बीएलओ एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

२७ है पी २ : जायजा लेते अधिकारी

### पोटमो व सीसामो में हाथियों ने मचाया उत्पात

चरही ।अंगो थाना क्षेत्र के पोटमो और सीसामो गांव में शुक्रवार रात जंगली हाथियों के 22 झुंडो ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों के आगमन से दोनों गावं के ग्रामीण रात भर दहशत में रहने को विवस रहे। हाथियों के झुंडों ने पोटमो निवासी अर्जुन मांझी का घर और सीसामो निवासी हेमलाल अगरिया के दीवार को पूरी तरह से तोड़-फोड़ करते हुए घर के अंदर प्रवेश कर रखे चावल तथा अन्य अनाजों को चट कर गए। हाथियों के झुंडों को दूर भगाने के लिए दोनों गावं के ग्रामीण एक जुट होकर खदेड दिए ।चुरचू प्रखंड के पूर्व प्रमुख दुर्योधन महतो ने बताया कि दोनों गावं में हाथियों झुंड अचानक पहुंचे ।जिसे देखकर ग्रामीणों में दहसत फैल गई ।लोग घर से निकलकर इधर-उधर भागने लगे ।इसकी जानकारी वन विभाग को दे दिया गया है। हाथियों के झुंड अभी गांव के जंगल में जमे हुए हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की जंगल की ओर नहीं जाएं ।और उनसे छेड़छाड़ नहीं करें।

### मतदाता जागरूकता को लेकर बाइक रैली

**बरही।** लोकतंत्र के महापर्व को खास बनाने के लिए बरही के प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा लगातार कई कार्य किए जा रहे है। इसी कड़ी में शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कर्मियों द्वारा मोटरसाकिल रैली निकाली गई और मतदाताओं को वोट के लिए जागरूक किया गया। रैली बरही बीडीओ सी.आर. इंदवार व सीओ रामनारायण खलखो के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल परिसर से निकाला गया, जो बरही चौक, कोनरा, पंचमधव, करियातपुर, धनवार, केवाल, रालो लठिया, दौरवा, कुंडवा, चार माइल, देवचंदा मोड होते हुए वापस प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में समापन किया गया। जिसमें मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मतदाता प्रतिज्ञा, मतदाता मार्गदर्शिका, बैनर, पोस्टर, तख्ती, स्लोगन आदि के माध्यम से 20 मई 2024 बरही में लोकसभा चुनाव में मतदान कर लोकसभा को मजबूती प्रदान करने की अपील की गई। कार्यक्रम में प्रखंड सह अंचल के पदाधिकारियों के साथ दर्जनों कर्मी मौजूद रहे।

### जंगल में आग लगने का सिलसिला हुआ शुरू

**बरही।** गर्मी के शुरू होते ही जंगलों में आग लगने का सिलसिला भी शुरू हो जाता है। पेड़ों से पत्ते गिर जाते हैं और तेज धूप में सूख जाते हैं। जिसके चलते ही गर्मी के दिनों में जंगलों में आग लगने के मामले बढ़ जाते हैं। कई बार महुआ फल चुनने को लेकर भी आग लगा दिया जाता है। लाख लोगों को जागरूक करने के बावजूद लोग जंगल में आग लगाना नही छोड़ रहे है। वनकर्मी बताते है कि जंगल मे आग से जंगली जानवरों को नुकसान पहुंचता है। उन्होंने जनता से आग्रह किया है कि जंगल मे आग न लगाएं।

### जांच दल बड़कागांव कस्तूरबा गांधी पहुंचा



**बड़कागांव।** राज्य स्तरीय जांच दल बड़कागांव कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पहुंचा जहां बैंड टीम ने स्वागत किया। जांच दल का नेतृत्व राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ममता लकड़ा कर रही थी। दल ने विद्यालय में चल रहे प्रोजेक्ट इंपैक्ट और प्रोजेक्ट प्रयास के तहत विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण व जायजा लिया ।विद्यालय परिसर हॉस्टल एवं कक्षाओं का भी निरीक्षण किया। बालिकाओं द्वारा विद्यालय परिसर प्रांगण की दीवारों में उकेरे गए सोहराय कला चित्र देख कर जांच दल काफी प्रभावित हुए। वार्डन सह शिक्षिका लीलावती कुमारी ने बताया कि विद्यालय में बाउंड्री वॉल न होने के कारण छात्राओं को सुरक्षा को लेकर भय बना रहता है। किचन गार्डन को जानवरों द्वारा खा जाने के कारण किचन गार्डन बचा नहीं पाने की बात बताई। जिसे संज्ञान में लिया गया। मौके पर जेसीआरटी नीलम कुमारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुनील लकड़ा, विद्यालय प्रभारी शैलेंद्र कुमार,बीआरपी अभय कुमार,सीआरपी दीपक कुमार, कनीय अभियंता कोलेश्वर महतो, लखेद्र कुमार,लेखपाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर सोनी मेहता,शिक्षिका किरण कुमारी,निशि रानी,अंशकालिक शिक्षिका रूबी कुमारी,विनीता कुमारी,सीताराम महतो,प्रमोद कुमार कुशवाहा, चिंतामणि महतो उपस्थित थे।

### बिरहोर टोला में मतदाता जागरूकता अभियान

बड़कागांव। रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षणिक एवं शोध संस्थान मोरहाबादी रांची झारखंड आरकेएमवीइआरआई के माध्यम से कांडतरी पंचायत के ग्राम सदबहिया (बिरहोर टोला) में यूनिवर्सिटी से र्सटी से आए 25 छात्र- छात्राओं द्वारा राजकीय मध्य विद्यालय सदबहिया में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर मतदान देने के विषय में बिरहोर लोगों को जागरूक किया। साथ ही रंगोली बनाकर शपथ ग्रहण किया ।मौके पर कांडतरी मुखिया सह मुखिया संघ जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ प्रसाद ने कहा कि हमारे ये लोकतंत्र की त्यौहार है ,हम लोगों को अपने पंचायत में 75 से 80 प्रतिशत वोट करना है। जिसके लिए यह जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है ।मौके परविकांत कुमार महतो, बीपीएम राम प्रकाश कुमार, सीसी टिंकू राणा, प्रोफेसर डॉक्टर दीपांकर चटर्जी, धीरज घोष और पीठिस मुखर्जी उपस्थित थे।

### महिला की गुमशुदगी को ले सनहा दर्ज

कटकमसांडी। महिला की गुमशुदगी को लेकर थाने में सनहा दर्ज कराई गई है। सनहा में लखनु निवासी व भाई अनवारूल खान द्वारा बताया गया कि करीब 65 वर्षीय बहन गुलशन खातुन कई वर्षो से मानसिक रूप से बीमार है। वह दिनभर गांव के गली में ही घूमते रहती थी और रात में अपने कमरे में आकर सोती थी ।25 अप्रैल को करीब दस बजे रात में घर से बाहर निकली और वापस नही लौटी। परिजन रात से ही चारो ओर उसकी खोजबीन की। मगर उसका कहीं पता नहीं चला।

# हिन्दुत्व में है 'मानवीय जीवन मूल्यों पर संकट का' समाधान

हृदयनारायण दीक्षित

**मानवीय** जीवन मूल्यों पर संकट है। इतिहास के किसी अन्य कालखण्ड में इस तरह का मानवीय संकट नहीं था। समाचार माध्यम भी जब कब विश्वयुद्ध की आशंका की बातें करते हैं। विचार ही मनुष्य जाति के वाह्य स्वरूप और आंतरिक उदात्त भाव के प्रसारक रहे हैं। विचार भी अपना प्रभाव खो रहे हैं। मानवीय सभ्यता आधुनिक काल का मनुष्य विरोधी प्रेरक तत्व बन गई है। वातावरण में निश्चिन्तता नहीं है। संदेह और अनिश्चितता का वातावरण है। मनुष्य जाति भविष्य के भय से डरी हुई है। धन का प्रभाव और धन का अभाव दोनों ही मारक हैं। मानवता का बड़ा भाग पर्याप्त भोजन से वंचित है। इस वर्ग में सामान्य चिकित्सा और शिक्षा, आश्रय-घर का अभाव है। आधुनिक सभ्यता के प्रभाव में अभावग्रस्त लोगों के सामने संकट है। विज्ञान के जानकार प्रकृति के तमाम रहस्य बता रहे हैं। निसंदेह वैज्ञानिक शोधों ने चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी उपलब्धियां हासिल की हैं। लेकिन आधुनिक वैज्ञानिक शोधों ने पृथ्वी ग्रह के अस्तित्व के समाप्त होने का खतरा पैदा कर दिया है।

युद्ध के तमाम आश्चर्यजनक हथियार पृथ्वी और मानव जाति के अस्तित्व के लिए खतरा बन गए हैं। परमाणु हथियार सहित अनेक आश्चर्यजनक अस्त्रों की खोजों से पृथ्वी के ही अस्तित्व पर खतरा है। पृथ्वी ग्रह संकट में है और उससे पोषण पाने वाली मानव जाति भी संकट में है। वैज्ञानिकों ने तमाम ग्रहों की गतिविधि का पता लगा लिया है। आशंका है कि किसी समय पृथ्वी चन्द्रमा के निकट पहुंच सकती है। सूर्य का ईंधन लाखों वर्ष से खर्च हो रहा है। सूर्य के ठंडा हो जाने से ही मनुष्य जाति नष्ट हो सकती है। हम इन्हें भविष्य की आशंकाएं कह सकते हैं। डॉक्टर राधाकृष्णन ने अपने चिंतन में 'धर्म और समाज' में 'धर्म की आवश्यकता' शीर्षक में कहा है, "अधिक सम्भावना इस बात की है कि मानव जाति स्वयं जानबूझकर किए गए कार्यों से, अपनी मूर्खता और स्वार्थ के कारण नष्ट हो सकती है। संसार आनंद के लिए है। हम युद्ध यंत्र जात की पूर्णतः तक पहुंचने में लगाई जा रही ऊजाओं के केवल थोड़े से हिस्से का ही इसके लिए प्रयोग करें तो सबको आनंदमय बनाया जा सकता है।"

सम्पूर्ण मानवता विषाद ग्रस्त जान पड़ रही है। आदर्श परम्पराएं, स्वतः प्रेरित अनुशासन और राष्ट्र राज्यों द्वारा स्थापित विधि व्यवस्था शिथिल हो रही हैं। डार्विन ने लिखा है, "मनुष्य जीवन सभ्यता में उन्नति करता जा रहा है। छोटे वर्ग समूह बड़े समुदायों में संगठित होते जाते हैं। त्यों-त्यों व्यक्ति को यह बात समझ में आती जाती है कि उसे अपनी सामाजिक सहज प्रवृत्तियों और संवेदनाओं का विस्तार अपने राष्ट्र के लिए कर लेना चाहिए।"




सभ्यता आखिरकार क्या है? मनुष्य के बौद्धिक विकास का सबसे बड़ा उपकरण संवाद है और संवाद की प्रारंभिक शर्त है प्रेम पूर्ण भाषा और वाणी। वैदिक काल में संवाद की अनेक संस्थाएं थी। सभा और समितियां विचार-विमर्श का मंच थी। सभा में विचार रखने वाले सभेय कहे जाते थे। इसी से शब्द बना है सभासद। सभा में प्रेमपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने वाले व्यक्ति को सभ्य कहा जाता था। किसी समूह का शब्द आचरण और सौन्दर्यबोध सभ्यता है लेकिन प्रेमपूर्ण संवाद घटा है।

प्रकृति और मनुष्य के मध्य परस्परावलंबन है। मनुष्य प्रकृति का भाग है। हमारे और प्रकृति के मध्य आत्मीयता होनी चाहिए। प्रकृति की सभी शक्तियों के लिए चित्त में आत्मीय भाव के साथ आदर भाव की भी आवश्यकता है। लेकिन प्रकृति और मनुष्य के बीच अंतर्विरोध भी हैं। आंधी, तूफान और ऐसी ही तमाम प्राकृतिक आपदाएं मनुष्य को व्यथा देती हैं और जीवन के लिए खतरा भी बनती हैं। ऐसी घटनाओं को प्राकृतिक मानकर अपना जीवनयापन करने की बात सही है। लेकिन अनेक संकट आधुनिक सभ्यता ने भी पैदा किए हैं। भूमण्डलीय ताप, भूगर्भ जल स्तर का गिरना, वायु प्रदूषण आदि आपदाएं उपभोक्तावादी आचरण से पैदा होती हैं।

सीबी जुंग ने अपनी पुस्तक 'मॉडर्न मैन इन सर्च ऑफ अ सोउल' में लिखा है, "आधुनिक सभ्यता और मनुष्य उन्नति की चरम सीमा पर है। भविष्य में लोग उससे भी आगे निकल जाएंगे।" यह बात ठीक है कि वह एक युगव्यापी विकास का अंतिम परिणाम है। लेकिन साथ ही यह मानव जाति की आशाओं की दृष्टि से अधिकतम निराशाजनक भी है। आधुनिक मनुष्य को इसकी जानकारी भी है। उसने देख लिया है कि विज्ञान, शिल्प और संगठन कितने लाभकारी हैं और वे कितने विनाशकारी हो सकते हैं। ईसाई चर्च, मनुष्यों का भाईचारा, अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संगठन और आर्थिक हितों की एकता सब के सब खोटे सिद्ध हुए हैं। मनोविज्ञान की भाषा में कहें तो लगभग प्राणान्तक आघात पहुंचा है। परिणामस्वरुप मनुष्य अनिश्चितता में जी रहा है।

परिदृश्य चिन्ताजनक है। मनुष्य की वाह्य समृद्धि बढ़ी है। मनुष्य यंत्र हो रहा है। उसकी आत्मा खो गई है। वह खोई हुई आत्मा की पुनः प्राप्ति का प्रयास नहीं कर रहा है। भारत की प्राचीन सभ्यता में तमाम भौतिक अभावों के बावजूद मनुष्य आनंदित था। राष्ट्र के प्रति उसकी निष्ठा थी। सभी रिश्तों में आत्मीयता थी। मनुष्य में मनुष्येत्तर प्राणियों और सम्पूर्ण जगत के प्रति भी आत्मभाव था। भारत के मनुष्य की दृष्टि और जीवन की गतिविधि सामूहिक थी। सुख-दुख सामूहिक थे। पर्व उत्सव सामूहिक उत्सव आनंद का स्रोत थे। परिवार आनंद मठ था। यत्र तत्र सर्वत्र आनंद था। आधुनिक सभ्यता के प्रभाव में जीवन का आनंद रस सूख गया है। आधुनिक सभ्यता द्वारा मनुष्य को नितांत व्यक्तिवादी और मशीन बनाया है।

वैदिक सभ्यता और संस्कृति में सम्पूर्ण विश्व को परिवार जाना गया है। वसुधैव कुटुम्बकम वैदिक संस्कृति का लोकप्रिय सूत्र है। विश्व के अणु और परमाणु के प्रति श्रद्धा और आदरभाव रहा है। शांति मानवता की प्यास है। वैदिक साहित्य में शांति को जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया है। भारतीय समाज के चिन्तकों, विद्वानों और वैदिक काल के ऋषियों ने शांति की उपासना की है। ऋग्वेद में विश्व शांति की प्रार्थना है। यह भारतवासियों की शांति की प्यास को सुंदर अभिव्यक्ति देती है। शांति मन्त्र में कहते हैं, 'अंतरिक्ष शांत हों। पृथ्वी शांत हों। आकाश शांत हों। वनस्पतियां औषधियां शांत हों। शांति भी शांत हों।" यहां केवल मनुष्यों के बीच परस्पर सद्भाव वाली शांति की ही बात नहीं है। यहां पृथ्वी से लेकर आकाश तक शांति स्थापित होने की प्रार्थना है। शांति-अशांति की अनुपस्थिति नहीं है। शांति मौलिक रूप में मानव मन की प्राकृतिक प्यास है। अशांत चित्त से सृजन संभव नहीं होते। अशांत चित्त विध्वंसक होता है और शांत चित्त सर्जक।विश्व तनाव में है। हिन्दुत्व परिपूर्ण जीवन दृष्टि है। पूरी जीवन दृष्टि आतंरिक आत्मीयता के आधार पर विकसित हुई है। धरती माता है। आकाश पिता है। जल माताएं हैं। जल से जीवन का उद्भव ऋग्वेद में उल्लिखित है। जलमाताओं ने ही संसार को जन्म दिया। नदियां माताएं हैं। सूर्य संरक्षक हैं। परोपकार और सदाचार उत्कृष्ट जीवन मूल्य हैं। दुख और वैराग्य के स्थान पर आनंद और प्रवृत्ति हैं। संसार त्याज्य नहीं है। संसार धर्म क्षेत्र, कर्म क्षेत्र है। जीवन कर्म प्रधान है। जीवन में पलायन का कोई भाव नहीं। वनस्पतियां भी प्रणाम के योग्य हैं। उन्हें देवता कहा गया है। वैदिक सभ्यता में विचार विविधता है। जीवन और जगत को समझने के लिए पूर्व मीमांसा, सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, बुद्ध और जैन 8 दर्शन हैं। भारतीय दर्शन किसी देवदूत की घोषणा नहीं है। आधुनिक सभ्यता की सभी विसंगतियों के उपचार का केंद्र हिन्दुत्व में हैं।

**(लेखक, यूपी विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

## आइएनडीआइए गठबंधन के लिए सोशल मीडिया बना जातिगत द्वेष फैलाने का माध्यम

- सुयश त्यागी

**पिछले छह** महीने से जहां एक ओर चुनावी सरगर्मी बढ़ रही थी तो वहीं दूसरी तरफ सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म पर जैसे जातिगत एकाउंट्स की बाढ़ सी आने लगी । एक्स से लेकर फेसबूक और इंस्टाग्राम से लेकर व्हाट्सएप्प तक जाति आधारित समूह व एकाउंट का निर्माण होने लगा । प्रारंभिक दौर में एकाउंट के निर्माण के बाद अपनी जाति के प्रेरक किस्से, नायकों का व्यक्तित्व एवं समाज से जुड़ी जानकारियां साझा की जाने लगीं । जैसे जैसे चुनाव नजदीक आने लगे इनका स्वरूप बदलने लगा सारे एकाउंट्स जाति के बाहर आकर अन्य विषयों पर टिका टिप्पड़ी करने लगे और धीरे-धीरे अपनी दिशा अपनी जाति को सर्वश्रेष्ठ दिखाकर अन्य को छोटा दिखाने का प्रयास शुरू किया जाने लगा ।

परिणामस्वरूप एक जाति का हैंडल दूसरी जाति को कोसता, तो दूसरी जाति का हैंडल पहले वाले को और इन दोनों हैंडल्स पर आकर सहभागिता देते हुए अपनी-अपनी जाति का समर्थन करते लोग कब दूसरी जाति की निंदा प्रारंभ कर देते हैं, उन्हें उसका आभास ही नहीं रहता और वह सभी एक प्रकार के बुने हुए आभासी जाल में फंस जाते हैं। कई मामलों में देखने में आया हैं कि इन एकाउंट्स को संचालित करने वाले व्यक्ति का उस जाति से ही कोई वास्ता नहीं रहता और कभी-कभी एक ही व्यक्ति को अलग-अलग जातियों के नाम से एकाउंट बनाकर चलाते हुए पाया गया है ।

इस पूरी योजना के पीछे विरोधियों का हिन्दू समाज का वर्गीकरण करना है, जिससे समाज की एकता से देश में हो रहे बड़े निर्णयों को रोका जा सके और इस वक्त देश में हो रहे लोकसभा चुनाव में राष्ट्रवादी दल को जीत की चौखट से दूर किया जा सके ' एक ऐसे मौहाल का निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा है जिससे जनता अपने प्रत्याशी में देश का स्वर्णिम भविष्य की जगह अपनी जाति का उम्मीदवार ढूंढे । दिमाग में योजनाबद्ध तरीके से पूर्व में निर्मित करवाये गए विचार को हवा देकर एक जातिगत द्वेष की अग्नि को भड़काना मुख्य लक्ष्य है ।

वस्ततः ऐसे वातावरण में विभिन्न समाजों के लोगों को समझना होगा, आजादी के इतने वर्ष बाद भी 2014 के पूर्व देश किस स्थिति में था और आज किस पायदान पर खड़ा है । जाति से ऊपर उठकर सम्पूर्ण हिन्दू समाज का चिंतन कर देश में हो रहे सांस्कृतिक व धार्मिक अभ्युदय का साथ देना होगा । व्यक्तिगत व जातिगत स्वार्थ से ऊपर देखना होगा व प्रत्याशी में जाति देखने के बजाय देश की बागडोर सम्हालने वाले प्रधानमंत्री का नेतृत्व कौशल देखना होगा । भारत अपने स्वर्णिम काल की ओर बढ़ रहा है और यह गठबंधन उसे आजादी से पूर्व की तरह स्थिति में ढ़केलने का प्रयास कर रहा है । इसीलिए सभी सोशल मीडिया के उपयोगकर्ता इन जातिगत हैंडल्स के ठेकेदारों की बातों में ना आकर व उनका समर्थन ना कर समाज में बढ़ रही खाई को रोकने में अपनी सहभागिता निभाएं ।


(लेखक सोशल मीडिया एक्टविस्ट हैं)हिन्दुस्थान समाचार/मयंक

## राम पूजनीय भी अनुकरणीय भी

ऋचा सिंह

**श्रीराम** को सनातन धर्म में विष्णु का अवतार माना गया है । लोग उनको भगवान और आराध्य मान कर पूजार्चन करते हैं, लेकिन जब हम राम के सम्पूर्ण जीवन का अवलोकन करते हैं तो पाते हैं कि राम केवल पूजा के विषय नहीं हैं वह अनुकरणीय हैं। हर स्थिति काल में जीवन को दिशा प्रदान करने वाले प्रेरणा पुंज हैं । ऐसा इसलिए क्योंकि राम ने स्वयं को एक राजा और भगवान के अवतार के रूप में नहीं अपितु जननायक के रूप में स्थापित किया। हम उनके संपूर्ण जीवन में देखते हैं कि कैसे उन्होंने कठिन स्थितियों में भी मयार्दा के नूतन आयाम स्थापित किए । राजकुल में जन्म लेने के बाद भी राम ने अपना जीवन राजसी वैभव में नहीं बिताया । उनका बाल्यकाल आश्रम में व्यतीत हुआ, गुरुकुल में वह राजकुमारों की भांति नहीं अपितु समान्य बालकों की भांति अपने और आश्रम के सारे कार्य करते थे । जब वह युवा हुए और राज्याभिषेक का समय आया तो उन्हें पिता के वचन के लिए वनगमन करना पड़ा । राम का जीवन मानवीय संबंधों के मार्गदर्शन में प्रेरणा देता आया है जिसके कारण वह लोक चेतना और परम्परा में सदैव जीवंत रहते हैं ।

जो लोक में व्याप्त है वह कालजयी है, वही सर्वमान्य है ,वही अनुकरणीय है, वही वंदनीय है। लोक परंपरा में भी हम पाते हैं कि जन्मोत्सव ,विवाह , हवन, कीर्तन, मांगलिक अयोजन आदि में महिलाएं जो मंगल गीत गाती हैं उसमें भी राम का नाम और उनका संबंध मूल्य ही समाहित है । ऐसे मयार्दा पुरुषोत्तम राम जो लोक के मन में हैं जो जन-जन के हृदय में बसते हैं । देखें तो राम ही त्यौहार हैं ,उल्लास हैं उत्सव हैं ,भक्ती हैं ,शक्ति हैं ,पूजा हैं ,ज्ञान हैं , प्रेरणा हैं और जीवन के प्रकाश स्तम्भ हैं । राम केवल जन-जन की भावना नहीं या सनातन धर्म को मानने वालों की आस्था का केंद्र नहीं बल्कि भगवान राम तो जीवन जीने का तरीका है । फिर चाहे वह संबंध मूल्यों को निभाना हो धर्म के मार्ग पर चलना हो या फिर अपने दिए हुए वचन को पूर्ण करने के साथ कर्तव्य निर्वहन हो । राम सिर्फ कहने में ही मयार्दा पुरुषोत्तम नहीं है बल्कि हर मायने में वह एक उत्तम और आदर्श पुरुष है वह जीवन के मार्ग को प्रशस्त करने वाले प्रकाश हैं । राम के जीवन आदर्शों को अनुकूल स्थिति में अपने आचरण में लाना जीवन को सरल और सहज बनाता है। राम का जीवन आदर्श, नैतिकता और व्यवहार का उच्चतम मापदंड है जो हर स्थिति में प्रासंगिक हैं । गुरु-शिष्य,राजा-प्रजा, स्वामी-सेवक,पिता-पुत्र ,पति-पत्नी, भाई-भाई, मित्र-मित्र के आदर्शों के साथ धर्म नीति ,राजनीतिक, अर्थनीति के साथ सत्य, त्याग, सेवा, प्रेम, क्षमा, शौर्य, परोपकार, दान आदि मूल्यों का सुंदर, समन्वित आदर्श रूप राम के संपूर्ण जीवन में देखने को मिलता है।



आज ज्ञान, विज्ञान , तकनीकी ने कितनी भी प्रगति कर ली हो लेकिन जब व्यक्ति भावनात्मक रूप से खुद को कमजोर पाता है तब वह श्रीराम के जीवन आदर्शों में ही समाधान ढूंढने का प्रयास करता है। राम तो प्रभु का अवतार थे लेकिन जब उन्होंने भी मानव शरीर में धरती पर जन्म लिया तब उन्हें भी सामाजिक, पारिवारिक, सांसारिक बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ा, लेकिन राम ने हर स्थिति में स्थितप्रज्ञ होकर कभी मयार्दा का उल्लंघन नहीं किया। उनके जीवन में यह विशेष और अनुकरणीय है । राम का जीवन हर मानव के हृदय में मन मस्तिष्क में इसलिए बसा हुआ है क्योंकि उनकी कथाएं लोक में व्याप्त हैं । हजारों वर्षों से राम कथा का जतन एवं संवर्धन कलाओं के माध्यम से ,गीतों के माध्यम से, मंचन के माध्यम से आम जनमानस के बीच होता रहा है । देखा जाए तो लोक संस्कृति के विभिन्न प्रकारों में रामायण प्रदर्शित होता है जिसमें अपनी भिन्न-भिन्न परंपराएं,अपनी विशिष्ठ वेशभूषा , भाषा के साथ जन जीवन के कई आयाम देखने को मिलते हैं । जिससे जनमानस अपने आप को समृद्ध करता आया है । लोकमंगल की भावना में भी राम के जीवन की अनंत कहानियों द्वारा बच्चों में मूल्यों को रोपित करने की परम्परा चली आ रही हैं। राम के नाम के सहारे अनंत गीतों ,कहानियों, मनोभावों की जनमानस भावाभिव्यक्ति करता आया है।

राम केवल लोगों की भावनाओं में समाए हुए देव नहीं है जिनके प्रति सिर्फ आस्था रखकर पूजा किया जाय बल्कि राम सही मायने में उत्तम पुरुष हैं जो हमें जीवन जीना सिखाते हैं। राम का चरित्र ,आदर्श ,धर्म पालन ,नैतिकता और मानवीय संबंधों के मार्गदर्शन हमें सदैव प्रेरणा प्रदान करता आया है,इसीलिए जनजीवन हर आयाम में हर कलाओं में राम के जीवन को उनके आदर्शों को प्रकट करता रहा है। हम देखें तो राम का जीवन ही ऐसा है जो जनमानस से रिश्ता जोड़कर रखता है।

श्रीराम के लिए समाज के सभी वर्ग समान थे, उनके लिए कोई छोटा या बड़ा नहीं था जैसा हम उनके जीवन में पाते हैं कि निषाद राज , केवट , शबरी माता, जटायु बानर सेना इसके उदाहरण हैं । उनके राज्य में सभी वर्गों में समानता और समान अवसर प्राप्त थे सभी को अपने विचार अभिव्यक्त की स्वतंत्रता प्राप्त थी। राम ने समाज के प्रत्येक वर्ग को आपस में जोड़कर रखने का संदेश दिया उन्होंने प्रेम ,भाईचारे का संदेश दिया । राम का व्यक्तित्व ऐसा था जहां प्रेम और विश्वास में भिलनी माता शबरी अपने राम के लिए चख कर मीठे बेर एकत्र करती थीं इस आस में की भक्ति और प्रेम के भूखे उनके राजा राम एक दिन उनकी कुटिया में अवश्य आयेंगे। राम प्रेम के जूठे बेर ग्रहण कर ऐसे नैतिकता के सुकृत संदेश प्रेषित करते हैं जो लोक चेतना में आज भी जीवंत होकर व्यक्ति को नर से नारायण बनने की प्रेरणा देते हैं ।

श्रीराम का जीवन सामाजिक चेतना, समृद्धि ,सद्गुण और सहानुभुति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरणा स्रोत है। राम को पिता के वचन के लिए वैभवशाली जीवन त्याग करने में एक क्षण नहीं लगा । आज के युग में अपने छोटे से अधिकार को लोग त्यागना नहीं चाहते लेकिन राम ने समाज ,परिवार में पुत्र और भाई के रूप में एक आदर्श प्रस्तुत किया। राज्य छोटे भाई को सौंप कर राम ने भरत से न ही कभी ईर्ष्या की ओर न ही द्वेष बल्कि हमेशा भरत के प्रति प्रेम रखा और उन्हें राज संभालने के लिए प्रेरणा देते रहे। राम का व्यक्तित्व इतना विराट था कि उनमें संपूर्ण प्राणियों के लिए स्नेह और सम्मान का भाव था । राम मनुष्य से ही नहीं पशु ,पक्षियों और प्राकृति के प्रति भी स्नेह और लगाव रखते थे ।

कुछ प्रसंगों द्वारा हमें यह ज्ञात होता है कि माता सीता का हरण होने के बाद राम पशु पक्षियों और प्रकृति से भी संवाद कर रहे हैं और माता सीता के बारे में पूछ रहे हैं , राम सेतु निर्माण में गिलहरी से संबंधित एक अत्यंत रोचक प्रसंग है , ऐसे अनगिनत प्रसंग हमें राम के जीवन से जुड़े हुए दिखाई और सुनाई पड़ते हैं जो समरसता, स्नेह और प्रेम के पर्याय हैं।

## गर्मी में परिवार संग छुट्टियां मनाने के लिए बेहतरीन 10 पर्यटन स्थल

मनोज कुमार सिन्हा



**भारत** में परिवार के साथ गर्मियों की छुट्टियां न केवल बंधन का समय है, बल्कि रोमांच और अन्वेषण का भी समय है। यह एक ऐसा समय है जब परिवार एक साथ मिलकर स्थायी यादें बनाते हैं और रोजमर्रा की ज़िंदगी की भागदौड़ से दूर बिताए गए बेहतरीन समय का आनंद लेते हैं। चाहे वह शांत पहाड़ियों पर जाना हो, धूप से नहाए समुद्र तटों पर आराम करना हो, या देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में खो जाना हो, हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। परिवार रोमांचकारी रोमांच का आनंद ले सकते हैं, प्रकृति के बीच आराम से टहल सकते हैं।

### शिमला, हिमाचल प्रदेश

हिमालय में बसा शिमला एक आकर्षक हिल स्टेशन है जो अपनी औपनिवेशिक वास्तुकला, प्राकृतिक सुंदरता और सुखद जलवायु के लिए जाना जाता है। परिवार मॉल रोड पर आराम से सैर का आनंद ले सकते हैं, वाइसरीगल लॉज जैसे ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा कर सकते हैं और कुफरी और मशोबरा जैसे आस-पास के आकर्षणों की सैर कर सकते हैं।

### .मनाली, हिमाचल प्रदेश

मनाली बर्फ से ढके पहाड़ों, हरी-भरी घाटियों और घुमावदार नदियों के लुभावने दृश्य प्रस्तुत करता है। परिवार पैराग्लाइडिंग, रिवर राफ्टिंग और ट्रेकिंग जैसी साहसिक गतिविधियों का आनंद ले सकते हैं। इस शहर में प्राचीन मंदिर, गर्म पानी के झरने और जीवंत बाजार भी हैं।

### दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल

चाय के बागानों और हिमालय के शानदार नजारों के लिए मशहूर, दार्जिलिंग प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक समृद्धि का एक बेहतरीन मिश्रण है। परिवार प्रतिष्ठित दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे की सवारी कर सकते हैं, चाय बागानों की यात्रा कर सकते हैं, बौद्ध मठों की खोज कर सकते हैं और टाइगर हिल से मनोरम दृश्यों का आनंद ले सकते हैं।

### गंगटोक, सिक्किम

सिक्किम की राजधानी गंगटोक अपने शांत वातावरण, बौद्ध मठों और लुभावने नजारों के लिए प्रसिद्ध है। परिवार रमटेक मठ, त्सोमो झील और नामग्याल इंस्टीट्यूट ऑफ तिब्बतोलॉजी जैसे आकर्षणों की यात्रा कर सकते हैं। रोमांच के शौकीन लोग ट्रैकिंग या रिवर राफ्टिंग भी कर सकते हैं।

### ऊटी, तमिलनाडु

ऊटी, जिसे उधगमंडलम के नाम से भी जाना जाता है, नीलगिरी पहाड़ियों में एक आकर्षक हिल स्टेशन है। परिवार बॉटनिकल गार्डन की सैर कर सकते हैं, नीलगिरी माउंटेन रेलवे पर सवारी कर सकते हैं, सुरम्य ऊटी झील की सैर कर सकते हैं और डोड्डाबेट्टा पीक से मनोरम दृश्यों का आनंद ले सकते हैं।

### कोडाईकनाल, तमिलनाडु

पश्चिमी घाटों के बीच स्थित, कोडाईकनाल शांत झीलों, हरे-भरे जंगलों और धुंध भरी घाटियों से भरपूर है। परिवार कोडाईकनाल झील पर नौका विहार का आनंद ले सकते हैं, पिलर रॉक्स और कोकर्स वॉक जैसे सुंदर नजारों पर ट्रेकिंग कर सकते हैं और ब्रायंट पार्क और कुरिंजी अंडावर मंदिर जैसे आकर्षणों की खोज कर सकते हैं।

### मुन्नार, केरल

मुन्नार अपने विशाल चाय बागानों, धुंध भरी पहाड़ियों और प्रचुर वन्य जीवन के लिए प्रसिद्ध है। परिवार चाय संग्रहालय जा सकते हैं, मट्टुपेट्टी बांध के शांत पानी में नाव की सवारी का आनंद ले सकते हैं, इको पॉइंट तक ट्रेक कर सकते हैं

### नैनीताल, उत्तराखंड

सुंदर पहाड़ों से घिरा और खूबसूरत झीलों से युक्त, नैनीताल परिवारों के लिए एक आदर्श स्थान है। नैनी झील पर नौका विहार, नैना देवी मंदिर के दर्शन, स्नो व्यू पॉइंट तक हवाई रोपवे की सवारी और पंगोट और जिम कॉर्बेट गुरनी हाउस की खोज यहाँ की कुछ लोकप्रिय गतिविधियाँ हैं।

### लेह-लद्दाख

लेह-लद्दाख एक उच्च-ऊंचाई वाला क्षेत्र है जो अपने शानदार लेकिन मनमोहक परिदृश्यों, बौद्ध मठों और साहसिक अवसरों के लिए जाना जाता है। परिवार शे पैलेस, थिक्से मठ, पैंगोंग झील और नुब्रा घाटी जैसे आकर्षणों की यात्रा कर सकते हैं, तथा ऊँट सफारी और जांस्कर नदी में राफ्टिंग जैसी गतिविधियों का आनंद ले सकते हैं।

### मैकलॉडगंज, हिमाचल प्रदेश

मैकलॉडगंज, जिसे लिटिल ल्हासा के नाम से भी जाना जाता है, दलाई लामा और निर्वासित तिब्बती सरकार का निवास स्थान है। परिवार नामग्याल मठ और त्सुगलागखांग कॉम्प्लेक्स जैसे मठों में जाकर, धौलाधार रेंज में ट्रेकिंग करके और स्थानीय बाजारों में तिब्बती हस्तशिल्प और कलाकृतियों की खरीदारी करके तिब्बती संस्कृति और आध्यात्मिकता का पता लगा सकते हैं।

स्पीड न्यूज

## अपहरण कर ले जाते चार आरोपी गिरफ्तार

**चांडिल।** नीमडीह थाना क्षेत्र के लावा गांव से एक व्यक्ति को अपहरण कर ले जाते वक्त चार लोगों को नीमडीह पुलिस ने रंगेहाथ दबोचा है। नीमडीह थाना प्रभारी तंजिल खान ने बताया कि अपहरण की सुचना पर पुलिस ने दबिश देकर चांडिल थाना क्षेत्र के भुईंयाडीह गांव के रहने वाले चार लोगों को अपहरण कर ले जाते वक्त पुलिस ने नीमडीह थाना क्षेत्र के रामनगर गांव से रंगेहाथ दबोचा है। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए लोगों का उम्र लगभग 55,40,30 एवं 25 वर्ष है। उन्होंने कहा अपहरण के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस हर पहलू पर छानबीन कर रही है। इस संबंध में गिरफ्तारी का पुष्टि करते हुए चांडिल एसडीपीओ सुनिल कुमार राजवाड़ ने कहा पुलिस हर पहलू पर जांच कर कार्रवाई कर रही है।

## मोबाइल छिनतई गिरोह के पांच गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस के द्वारा टाटानगर रेलवे स्टेशन के आस-पास तथा बागबेड़ा थाना अंतर्गत मोबाइल एवं पर्स छिनतई करने वाले गिरोह का पर्दाफास करते हुए 05 अपराधियों को 04 मोबाइल एवं अन्य सामानों के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। गिरफ्तार आरोपियों में रजनीश कुमार गुप्ता उर्फ मोदी,सोनू कुमार उर्फ पादा, विजय साहू उर्फ काला तिल, सागर यादव और रिकी कुमार चंद्रवंशी शामिल हैं।

## ब्राउन सुगर की खरीद-बिक्री करते दो गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा थाना अंतर्गत रेलवे ट्रैफिक दुर्गा पंडाल के पीछे ब्राउन शुगर की खरीद- बिक्री की सूचना पर जमशेदपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 02 अपराधी को 27 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। गिरफ्तार लोगों की पहचान कीताडीह निवासी 26 वर्षीय गुरमीत सिंह और बागबेड़ा संजय नगर निवासी 30 वर्षीय निकेश शर्मा के रूप में हुई है।

## सांसद ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**चांडिल।** शुक्रवार को एनएच 32 चांडिल रेलवे स्टेशन रोड पर भाजपा का ईंचागढ़ विधानसभा स्तरीय चुनाव कार्यालय का सांसद संजय सेठ ने फिता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा चांडिल डैम निर्माण के नाम पर हजारों करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है। उन्होंने कहा चांडिल डैम निर्माण कार्य का उन्होंने सदन में सीबीआई जांच का मांग किया है। सीबीआई जांच होने पर चार जुन के बाद स्वर्णरेखा परियोजना के दर्जनों अधिकारी होटवार जेल में बंद होंगे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि विशाल चौधरी, दिवाकर सिंह, दिपु जयसवाल, बोनु सिंह सरदार, प्रभात पोद्दार, बाहादुर कुम्हार, सारथी महतो, मधु गोराई, महेश कुंडु व कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में झामुमो महिला नेत्री की मौत

**चांडिल।** चांडिल थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय रजमार्ग 33 पर सड़क दुघर्टना में झामुमो महिला नेत्री मल्लिका महतो की मौत हो गई जबकि पति तारापद महतो गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार तारापद महतो अपनी पत्नी के साथ किसी काम से जमशेदपुर जा रहा था।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# चलने लगी लू, गर्मी और लू से बचने के लिए सावधान रहें

**डा सरिता कुमारी**

**जमशेदपुर।** गर्मी का मौसम सभी चार मौसमों में सबसे गर्म और प्रकाशमय होता है, जहां दिन लंबे और रातें छोटी होती हैं। दिन और रात के समय उच्च तापमान की लंबी अवधि मानव शरीर में बढ़ते शारीरिकतनाव उत्पन्न करती है जो वैश्विक स्तर पर मृत्यु के शीर्ष कारणों में से एक है। अत्यधिक गर्मी से सभी मनुष्यों पर व्यापक शारीरिक प्रभाव पड़ता है, जो अक्सर मौजूदा समस्याओं को बढ़ाता है और समय से पहले मृत्यु और विकलांगता का कारण बनता है। गर्मी के नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों का अनुमान लगाया जा सकता है और विशिष्ट जन स्वास्थ्य कार्यों के साथ काफी हद तक इसे रोका जा सकता है।

हमें इस गर्मी से निपटने और गर्मियों के मौसम में खुद को उसी हिसाब से तैयार करने की जरूरत है। चूंकि गर्म लहरें पहले ही हम पर अपनी गर्मी बरसाना शुरू कर चुकी हैं, इसलिए हमें गर्मी सेबचने के लिए तैयार रहने की जरूरत है।

■ **प्रचंड गर्मी से कौन प्रभावित होगा :** इनमें बुजुर्ग, शिशु और बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बाहर और शारीरिक श्रम करने वाले लोग, एथलीट व गरीब शामिल हैं।

■ **गर्मी स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करती है :** औसत से अधिक गर्म परिस्थितियों के संपर्क में आने के कारण बढ़ती गर्मी से शरीर की तापमान को नियंत्रित करने की क्षमता कम हो जाती है और इससे कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं, जिनमें हीट क्रैंप, गर्मी से थकावट, हीटस्ट्रोक और हाइपरथर्मिया शामिल हैं। तापमान की चरम सीमा पुरानी बीमारियों की स्थिति और बिगाड़ सकती है, जिसमें हृदय, श्वसन और मस्तिष्क संबंधी रोग और मधुमेह से संबंधित बीमारियां शामिल हैं।

**(लेखिका डा सरिता कुमारी टाटा मेन हॉस्पिटल, जमशेदपुर में सीनियर रजिस्ट्रार (मेडिसीन) के पद पर कार्यरत हैं।)**

### लोगों को क्या कदम उठाने चाहिए

- अपने रहने की जगह को ठंडा रखने का लक्ष्य रखें। आदर्श रूप से, कमरे का तापमान दिन के दौरान 32 डिग्री सेल्सियस से कम और रात के दौरान 24 डिग्री सेल्सियस रखा जाना चाहिए।
- अपने घर को ठंडा रखने के लिए रात में हवा आने दें। रात और सुबह के समय जब बाहर का तापमान कम होता है, तो सभी खिड़कियां और शटर खोलें।
- दिन के समय खासकर उन खिड़कियों और शटर (यदि उपलब्ध हों) को बंद करें, जो सूरज की तरफ हों।
- कमरे की हवा को ठंडा करने के लिए गीले तौलिये लटकाएँ। लेकिन ध्यान दें कि इससे हवा की नमी बढ़ जाती है।
- यदि आपका घर वातानुकूलित है, तो दरवाजे और खिड़कियां बंद रखें और अपने आपको ठंडा रखने के लिए जरूरी बिजली बचायें, ताकि बिजली उपलब्ध रहे और पूरे समुदाय में बिजली गुल होने की संभावना कम हो।





### गर्मी का स्वास्थ्य पर प्रभाव: गर्मी से संबंधित बीमारियां

सामान्य मानव शरीर का तापमान 364 सेल्सियस से 372 सेल्सियस (975 एफ से 989 एफ) के बीच होता है। उच्च आउटडोर औरध्इंडोर तापमान के संपर्क में आने से हीट स्ट्रेस हो सकता है,जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से गर्मी से संबंधित बीमारियां हो सकती हैं। हीट स्ट्रेस, श्वसन, गुर्दे की बीमारियों जैसी पुरानी बीमारियों को भी बढ़ा सकता है

### ऐसे रहें हाइड्रेटेड

- जब भी संभव हो, पर्याप्त पानी पीयें, भले ही प्यास न लगी हो।
- यात्रा करते समय पीने का पानी साथ रखें।
- ओरल रिहाइड्रेशन सल्यूशन (ओआरएस) का उपयोग करें और घर में बने पेय पदार्थ जैसे नींबू पानी, छाछ-लस्सी, नमक मिलाए हुए फलों के रस का सेवन करें।
- तरबूज, खरबूजा, संतरा, अंगूर, अनानास, खीरा, सलाद पत्ता या अन्य उपलब्ध स्थानीय फल और सब्जियां, जिसमें ज्यादा मात्रा में पानी हो, वैसे मौसमी फल और सब्जियां खायें।
- ठंडे पानी से नहायें। विकल्प के रूप में कोल्ड पैक और रैप, तौलिये, स्पोंजिंग, फुट बाथ आदि शामिल हैं।
- प्राकृतिक मटेरियल से बने हल्के, ढीले-ढाले कपड़े पहनें। अगर बाहर जाते हैं, तो चौड़ी किनारी वाली टोपी या कैप और धूप का चश्मा पहनें।
- जितना संभव हो सके घर के अंदर/छाया में रहें।
- अच्छी तरह हवादार और ठंडी जगहों पर रहें।

सीधी धूप और गर्म लहरों को रोकें:

- दिन के समय खिड़कियां और पर्दे बंद रखें, खास तौर पर अपने घर के धूप वाले हिस्से में। ठंडी हवा आने के लिए रात में उन्हें खोलें।

# जमशेदपुर सीट पर नामांकन कल से

- नामांकन के वक्त डीसी के चैम्बर में प्रत्याशी के साथ मात्र 5 समर्थकों को ही मिलेगा प्रवेश
- डीसी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक
- पेड न्यूज और चुनावी व्यय को लेकर किया सावधान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



नामांकन को लेकर बैठक करते उपायुक्त व उपस्थित अन्य पदाधिकारी।

**जमशेदपुर।** स्वतंत्र, पारदर्शी एवं निष्पक्ष लोकसभा निर्वाचन संपादित करने के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। गौरतलब है कि 29 अप्रैल (सोमवार) को 09-जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन हेतु अधिसूचना जारी करने की तिथि निर्धारित है। बैठक में उपस्थित सदस्यों को नामांकन पत्र कैसे प्राप्त करेंगे, अनारक्षित व आरक्षित वर्ग के प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र क्रय करने हेतु जमा की जाने वाली राशि, नामांकन का समय एवं पूरी प्रक्रिया के साथ-साथ पेड न्यूज, सोशल मीडिया मनिटरिंग, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के संबंध में जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन हेतु प्रत्येक प्रत्याशी के लिए अधिकतम 95 लाख खर्च करने की राशि चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित है। चुनाव प्रचार के दौरान प्रत्याशी को अपने तथा पार्टी के खर्च का रिकर्ड कैसे संधारित करना है, निर्वाचन व्यय कोषांग को किस प्रपत्र में जमा करना है इसके संदर्भ में स्पष्ट जानकारी होना चाहिए। जिला स्तर पर गठित व्यय लेखा कोषांग की टीम प्रत्याशियों के चुनावी खर्च का लेखा-जोखा रखेगी, जिसका निर्धारित तिथि को प्रत्याशी के प्रतिनिधि एवं प्रशासन की टीम आपस में मिलान करेंगे। जिला नजारत शाखा से नामांकन पत्र 29 अप्रैल से मिलना शुरू हो जाएगा। नामाकंन की अतिम तिथि 06 मई होगी। नामांकन के समय प्रत्याशी के साथ अधिकतम 5 लोगों को ही निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त के कार्यालय में प्रवेश करने की अनुमति होगी। पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक प्रत्याशी अपना नामांकन कर सकेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिला स्तर पर गठित एमसीएमसी कोषांग के माध्यम से पेड न्यूज पर निगरानी रखी जा रही है साथ ही सोशल मीडिया मनिटरिंग सेल भी एक्टिव है। सभी तरह के प्रचार-प्रसार समाग्री का प्री सर्टिफिकेशन कराते हुए लागत राशि को अपने चुनावी खर्च में जरूर जोड़ें। आदर्श आचार संहिता का अक्षरशय अनुपालन करने का भी निर्देश दिया गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एडीएम (एसओआर) महेन्द्र कुमार, निदेशक एनईपी अजय साव, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह प्रभारी पदाधिकारी मीडिया कोषांग श्री पंचानन उरांव तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### चिन्मया स्कूल साउथ पार्क में रामचरित मानस पाठ



**जमशेदपुर।** चिन्मया विद्यालय साउथ पार्क में रामचरितमानस के कंठस्थ पाठ प्रतियोगिता की गयी, जिसमें कक्षा प्रथम से दसवीं तक के 210 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता को ए बी सी के श्रेणियों में बांटा गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय की प्राचार्य मिकी सिंह तथा कोऑर्डिनेटर विनीता मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। निर्णायक मंडली में विद्यालय की शिक्षिकाएं विनीता सिंह तथा अर्चना शर्मा उपस्थित थी। कार्यक्रम के सफल संचालन में संगीत शिक्षिका मोमिता, मणि पांडेय तथा बेबी प्रसाद का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय के वाइस चेयरमैन सर बी सुरेंद्र नाथ ने बच्चों के योगदान की सराहना की तथा अपने आशीर्वचन दिये।

### तुलसी भवन में युवा रचनाकार पर सेमिनार संपन्न




**जमशेदपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन तुलसी भवन द्वारा संस्थान के मुख्य सभागार में हिन्दी रचनाधर्मिता पर आधारित एकदिवसीय कार्यशाला 'युवा रचनाकार' आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता संस्थान के न्यासी श्री अरुण कुमार तिवारी एवं संचालन पुनम महानंद ने की। जबकि स्वागत सह विषय प्रवेश मानद महासचिव डॉ प्रसेनजित तिवारी तथा सत्र के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रकाश मेहता ने किया। मुख्य अतिथि सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह मंचासीन रहे। कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं श्रीमती माधवी उपाध्याय के सस्वर सरस्वती वंदना से हुई। नगर के विद्यालयों से छात्र-छात्राएं, उनके शिक्षकगण तथा नगर के ख्यातिलब्ध साहित्यकारों ने भाग लिया। विभिन्न सत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में काव्य सत्र के विशेषज्ञ शेषनाथ सिंह 'शरद' तथा समन्वयक ब्रजेन्द्रनाथ मिश्र , कथा सत्र के विशेषज्ञ साहित्य समिति तुलसी भवन के भाषाविद्, पुरातत्वविद् एवं साहित्यकार दिव्येन्दु त्रिपाठी तथा समन्वयक वसंत जमशेदपुरी एवं पत्रकारिता सत्र के विशेषज्ञ स्थानीय हिन्दी दैनिक 'प्रभात खबर' के वरिष्ठ सम्पादक संजय मिश्र तथा समन्वयक सुरेश चन्द्र झा रहे।

### पूर्व सैनिक सेवा परिषद की वार्षिक बैठक में शामिल होने रायपुर रवाना



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की 47वी राष्ट्रीय प्रतिनिधि सभा की बैठक दिनांक 28 अप्रैल को रायपुर में आयोजित की जा रही है। झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष कर्नल अखौरी रंजन सिन्हा के नेतृत्व में प्रदेश उपाध्यक्ष कर्नल नीलांबर झा, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पांडेय, प्रदेश महामंत्री सिद्धनाथ सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सार्जेंट राजेश कुमार, सैन्य मातृशक्ति प्रदेश महासचिव श्रीमती मंजुला, एवम प्रदेश संयोजिका श्रीमती पूनम सहित अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर के 6 सदस्यों की टोली दिनांक 27 अप्रैल को रायपुर के लिए रवाना हुई। इस राष्ट्रीय अधिवेशन की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल विष्णु कांत चतुर्वेदी करेंगे एवम सैन्य मातृ शक्ति का नेतृत्व राष्ट्रीय सैन्य मातृशक्ति अध्यक्षा श्रीमती कौल करेंगी।

### भाजपा महिला मोर्चा की संपर्क टोली घर-घर जाकर मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनायेंगी



**जमशेदपुर।** भाजपा महिला मोर्चा के जमशेदपुर लोकसभा स्तरीय महिला संपर्क अभियान टोली की जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत छह विधानसभा में गठित महिला संपर्क टोली के साथ समन्वय बैठक शनिवार को साकची स्थित लोकसभा चुनाव प्रधान कार्यालय में सम्पन्न हुई। इस दौरान जमशेदपुर लोकसभा के संयोजक सह प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद एवं सह संयोजक राजकुमार श्रीवास्तव समेत राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष कल्याणी शरण, महिला मोर्चा जमशेदपुर जिलाध्यक्ष ज्योति अधिकारी समेत कई अन्य मुख्यरूप से शामिल हुए। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका को लेकर रणनीति बनाई गई। तय किया गया कि महिलाओं के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं पर चर्चा की।

## अल-कबीर पॉलीटेक्रिक के छात्र वायु सेना में अवसर से अवगत



छात्रों को अग्निवीर वायु के बारे में बताते हुए विनेंद्र रेड्डी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अल कबीर पलिटेक्निक कपाली मानगो में आज दोपहर में विद्यार्थियों के लिए वायु सेवा में संभावनाओं से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 10 एयरमैन सिलेक्शन सेंटर एयर फोर्स स्टेशन बिहटा, बिहार के भर्ती अधिकारी विनेंद्र रेड्डी प्रमुख वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे। श्री रेड्डी ने विद्यार्थियों के साथ भारतीय वायुसेना के तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र की विस्तार पूर्वक चर्चा की। बताया कि कैसे युवाओं के लिए यहां सुनहरा करियर उपलब्ध है। कार्यक्रम के आरंभ में संस्थान के प्राचार्य वारिस सरवर इमाम ने विनेंद्र रेड्डी का स्वागत गुलदस्ता एवं स्मृति चिह्न देकर किया। अपने वक्तव्य में श्री रेड्डी ने रोचक जानकारियां दीं एवं प्रश्नों से विद्यार्थियों की जिज्ञासा को दूर कर वायुसेना के वीर वीरांगनाओं की बहादुरी स्वागत कराया। उन्होंने बिहटा केंद्र द्वारा आयोजित किए जाने वाले अग्नि वीर वायु पद पर नियुक्ति के संबंध में संपूर्ण जानकारी दी।

## जमशेदपुर सीट पर 30 को नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे विद्युतवरण महतो

- बोधि मंदिर मैदान में भाजपा प्रत्याशी की विशाल जनसभा
- नामांकन को ले कार्यकर्ताओं एवं आमजनों में उत्साह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




भाजपा प्रत्याशी विद्युतवरण महतो।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सह निवर्तमान सांसद विद्युत वरण महतो आगामी 30 अप्रैल (मंगलवार) को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। विद्युत वरण महतो के नामांकन को लेकर भारतीय जनता पार्टी एवं आमजनों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी विद्युत वरण महतो के नामांकन समारोह को ऐतिहासिक रूप से सफल एवं भव्य बनाने को लेकर व्यापक तैयारी कर रही है। जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता साकची स्थित बोधि मंदिर मैदान में एकत्रित होंगे। जहां नामांकन से पूर्व विशाल जनसभा आयोजित की जाोगी। नामांकन के दौरान भाजपा एवं एनडीए के कई बड़े नेता भी मौजूद रहेंगे। जमशेदपुर लोकसभा मीडिया प्रबंधन विभाग के अनिल मोदी एवं प्रेम झा ने संयुक्त रूप से बताया कि 30 अप्रैल को सांसद विद्युत वरण महतो एवं अन्य नेतागण सुबह 10 बजे साकची स्थित बोधी मंदिर मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके लिए सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर कार्यकर्ताओं का जुटना प्रारंभ हो जाएगा। वहीं, नामांकन समारोह में एनडीए के घटक दलों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ शहर के कई सामाजिक संगठन से जुड़े लोग शामिल होंगे। इस विशाल जनसभा में भाजपा के वरीय नेताओं के संग एनडीए के कई अन्य नेताओं के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि नामांकन समारोह की सफलता के निमित्त जमशेदपुर लोकसभा संयोजक सह प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद एवं भाजपा जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा की देखरेख एवं विशेष मार्गदर्शन में कार्य किया जा रहा है।

## पोटका बीडीओ की शिकायत सीएम चंपई सोरेन के पास पहुंची

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



सी एम को ज्ञापन सौंपते मुखिया अनिता मुर्मू।

**जमशेदपुर।** पोटका के बीडीओ अभय कुमार द्विवेदी के द्वारा मुखियाओं के साथ अभद्र व्यवहार, गाली गलौज करने की शिकायत को लेकर शनिवार को डोमजूरी पंचायत की मुखिया अनिता मुर्मू मुखिया संघ के बैनर तले मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पास पहुंची। श्री मति मुर्मू ने मुख्यमंत्री को मुखिया द्वारा हस्ताक्षरित एक ज्ञापन भी सौंपा। जिसमे बीडीओ के अविलंब स्थानांतरण की मांग की गयी है। अन्यथा चुनाव कार्य प्रभावित होने कभी बात कहा गया है। सी एम चंपई सोरेन ने अविलंब कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। सी एम को दिये गये ज्ञापन में कहा गया है कि पोटका के बीडीओ अक्सर मुखियाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते रहते है। हमेशा मुखिया को धमकी देते हुए कहते है की सभी मुखिया को रोड में कटोरा लेकर भीख मांगने पर मजबूर कर दूंगा। जाति सूचक गाली देते हुए कहते हैं कि सभी को मुखिया से हटा दूंगा। सबका पावर सीज करा दूंगा।

## सोनारी राजस्थान भवन में संगीतमय सुंदरकांड पाठ, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** शनिवार की देर शाम को शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था भायली महिला मंडल सोनारी एवम श्री श्री श्याम भटली परिवार जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में संगीतमय सुंदरकांड पाठ सोनारी राजस्थान भवन में किया गया। वहां श्री हनुमानजी का दरबार सजा था। यजमान मंजु-प्रदीप अग्रवाल और पायल-गगन रूस्तगी ने पूजा की और विपिन पंडित ने विधिवत रूप से पूजा करायी और सबको रक्षा सूत्र बांधा। सबसे पहले भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की गयी। साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक कार्यो में उत्कृष्ट सेवा के लिए रानी गुप्ता एवं सुष्मिता सरकार को भायली महिला मंडल द्वारा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

# मोदी जी और प्रत्याशी गीता कोड़ा की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचायें : कर्मवीर सिंह

- भाजपा के झारखंड प्रदेश संगठन सचिव ने चाईबासा में की विधानसभा स्तरीय बैठक
- गीता कोड़ा की मेहनत और ब्रांड मोदी के आगे सिंहभूम सीट पर इंडी गठबंधन पस्त : डॉ गोस्वामी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



चाईबासा में बैठक को संबोधित करते कर्मवीर सिंह।

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा कार्यालय में चाईबासा विधानसभा स्तरीय बैठक में पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे,उन्होंने बैठक में चाईबासा विधानसभा के शक्ति केंद्रों,सभी 284 बूथ कमेटी, मंडल कार्यालय के साथ संगठन शशक्तिकरण पर समीक्षा किये। उन्होंने बूथों में भारतीय जनता पार्टी को पहले से मिले 10 प्रतिशत वोट बढ़ाने के साथ 370 वोट सभी बूथों में लाने का मूल मंत्र दिए।कर्मबीर जी ने बैठक में आये संचालन समिति के सदस्यों, शक्ति केंद प्रभारियों, वरीय कार्यकर्ताओं से कहा कि मोदीजी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है, मोदीजी ने 400 पार का नारा दिया है, जिसके लिये बूथों में काम करना है, प्रधानमंत्री जी के लाभार्थियों से मिलना है और उनसे मोदीजी के बारे में ,अपने प्रत्याशी गीता कोड़ा के बारे बात करना है। चाईबासा के बाद कर्मवीर सिंह, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी और जेबी तुबिद सरायकेला पहुंचे और वहां भी जिला भाजपा की चुनावी तैयारियों की समीक्षा की।

लोकसभा संयोजक डा दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता प्रत्याशी घोषित होते ही पार्टी को जिताने के लिए तत्परता से लग गए। भारतीय जनता पार्टी का संघठन 12 महीने

## 10 वर्ष में पीएम मोदी ने बदल कर रख दी है ग्रामीण भारत की तस्वीर : गीता कोड़ा



बंदगांव जनसंपर्क के दौरान महिलाओं से मिलती भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा।

**जमशेदपुर/चाईबासा।** नरेंद्र मोदी जी विगत 10 वर्षों से आदिवासियों की लगातार चिंता कर कार्य कर रहें है। इस दौरान पीएम ने ग्रामीण भारत की तस्वीर बदल कर रख दी हैं। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी गीता कोड़ा ने आज बंधगांव प्रखंड के जनता से समर्थन के लिए चाकी बाजार, हेसाडीह, सावनियां, बंधगांव, जलसर गांव के ग्रामीणों से जनसम्पर्क के दौरान कहीं। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि मोदीजी देश पहले प्रधानमंत्री हैं जो भगवान बिरसा मुंडा जी के घर जाकर उनके वंशजो को प्रणाम किये,मोदीजी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने एक आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनावाया।

# दिल्ली ने मुंबई को 10 रन से हराया

## दिल्ली ने बनाया आइपीएल का अपना सबसे बड़ा स्कोर, तिलक-पांड्या और टिम डेविड की मेहनत पर फिरा पानी

**एजेसी**

**नयी दिल्ली।** आइपीएल 2024 के 43वें मैच दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को 10 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ दिल्ली अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई। टीम के खाते में अब 10 अंक हो गए। वहीं, मुंबई छह अंकों के साथ नौवें पायदान पर है। इस मैच में रसिख सलाम ने घातक गेंदबाजी की। उन्होंने मुंबई के बड़े चेहरों को पवेलियन का रास्ता दिखाया।

**तिलक-पांड्या की मेहनत पर फिरा पानी**

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवर में चार विकेट खोकर 257 रन बनाए। जवाब में मुंबई इंडियंस 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 247 रन बना सकी। मुंबई के लिए तिलक वर्मा ने दमदार प्रदर्शन किया। युवा बल्लेबाज ने 63 रनों की दमदार पारी खेली। हालांकि, वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। इस मैच में एमआइ ने पावरप्ले में तीन विकेट खो दिए थे। रोहित शर्मा आठ, ईशन किशन 20 और सूर्यकुमार यादव 26 रन बनाकर लौटे। इसके बाद कप्तान हार्दिक पांड्या ने मोर्चा संभाला। उन्होंने 46 रनों की तूफानी पारी खेली। दिल्ली के खिलाफ नेहल ने चार, टिम डेविड ने 37, मोहम्मद नबी ने सात, पीयूष चावला ने 10 और ल्यूक वुड (नाबाद) ने नौ रन बनाए। दिल्ली के लिए रसिख सलाम और मुकेश कुमार ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। वहीं, खलील अहमद ने दो विकेट चटकाए।

**दिल्ली के बल्लेबाजों ने बनाया मुंबई के गेंदबाजों को निशाना**

दिल्ली ने मुंबई के खिलाफ 20 ओवर में चार विकेट खोकर 257 रन बनाए। आइपीएल इतिहास में यह दिल्ली द्वारा तैयार किया गया सबसे बड़ा स्कोर है। जैक फ्रेजर मैकगर्क ने पारी की शुरूआत में चौके-छक्कों की झड़ी लगाई। पहले विकेट के लिए उन्होंने पोरेल के साथ 114 रनों की साझेदारी निभाई। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने 27 गेंदों में 84 रनों की तूफानी पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 11 चौके और छह छक्के निकले। वहीं, उनका स्ट्राइक रेट 311.11 का रहा। इसके अलावा पोरेलने 36 रन बनाए। तीसरे विकेट के लिए शाई होप और ऋषभ पंत के बीच 53 रनों की साझेदारी हुई जिसे वुड ने तोड़ा। हो 17 गेंदों में 41 रन बनाने में कामयाब हुए। वहीं, कप्तान दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 29 रन बनाने में कामयाब हुए। पंत और स्टब्स के बीच 55 रनों की पार्टनरशिप हुई। स्टब्स 25 गेंदों में 48 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, अक्षर पटेल ने 11 रनों की नाबाद पारी खेली। इस मैच में वुड, बुमराह, पीयूष चावला और मोहम्मद नबी को एक-एक विकेट मिला।

**दिल्ली ने 12 साल पहले के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा**

दिल्ली ने मुंबई के खिलाफ अपने इतिहास का ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। दिल्ली के लिए मैकगर्क के अलावा ट्रिस्टन स्टब्स ने 25 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 48 रन और शाई होप के 17 गेंदों पर पांच छक्कों की मदद से 41 रन का योगदान दिया। दिल्ली ने इस तरह 12 साल पहले के अपने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। दिल्ली ने इससे पहले पंजाब के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 2011 में चार विकेट पर 231 रन बनाए थे जो उसका आईपीएल में सर्वोच्च स्कोर था। टीम ने 2020 में शारजाह में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ खेले गए मैच में चार विकेट पर 228 रन बनाए थ, जबकि उसने इस सीजन गुजरात टाइटंस के विरुद्ध चार विकेट पर 224 रन का स्कोर खड़ा किया था।



**महंगे साबित हुए तेज गेंदबाज**

दिल्ली की पारी की खास बात यह रही है कि उसके बल्लेबाजों ने स्पिन गेंदबाजों की तुलना में तेज गेंदबाजों को निशाने पर लिया। मुंबई के तेज गेंदबाज इस मैच में काफी महंगे साबित हुए और इन्होंने 14 ओवर कुल फेंके और 14.29 की इकॉनोमी रेट से 200 रन दिए और दो विकेट अपने नाम किए। दूसरी ओर, मुंबई के स्पिनरों ने छह ओवर में 56 रन देकर दो विकेट चटके और इस दौरान उनकी इकॉनोमी 9.33 रही।




**दिल्ली 257/4 (20 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| मैकगर्क कै. नबी बो. चावला | 84 | 27 | 11 | 06 |
| पोरेल कै. किशन बो. नबी | 36 | 27 | 03 | 01 |
| शाइ होप कै. तिलक बो. ल्यूक | 41 | 17 | 00 | 05 |
| पंत कै. रोहित बो. बुमराह | 29 | 19 | 02 | 02 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 48 | 25 | 06 | 02 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 11 | 06 | 00 | 01 |

**अतिरिक्त** : 12

**विकेट पतन** : 114-1, 127-2, 180-3, 235-4.

**गेंदबाज** : ल्यूक वुड : 4-0-68-1, जसप्रीत बुमराह : 4-0-35-1, नुवान तुषारा : 4-0-56-0, पीयूष चावला : 4-0-36-1, हार्दिक पंड्या : 2-0-41-0, मोहम्मद नबी : 2-0-20-1.

**मुंबई 247/9 (20 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| किशन कै. अक्षर बो. मुकेश | 20 | 14 | 04 | 00 |
| रोहित कै. होप बो. खलील | 08 | 08 | 01 | 00 |
| सूर्यकुमार कै. लिजाड बो. खलील | 26 | 13 | 03 | 02 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 63 | 32 | 04 | 04 |
| हार्दिक कै. मुकेश बो. रसिख | 46 | 24 | 04 | 03 |
| वधेरा कै. पंत बो. रसिख | 04 | 02 | 01 | 00 |
| डेविड एलबीडब्ल्यू मुकेश | 37 | 17 | 02 | 03 |
| नबी कै. होप बो. रसिख | 07 | 04 | 00 | 01 |
| चावला कै. होप बो. मुकेश | 10 | 04 | 01 | 01 |
| ल्यूक वुड नाबाद | 09 | 03 | 00 | 01 |

**अतिरिक्त** :17

**विकेट पतन** : 35-1, 45-2, 65-3, 136-4, 140-5, 210-6, 223-7, 234-8, 247-9.

**विकेट पतन** : लिजाड विलियम्स : 3-0-34-0, खलील अहमद : 4-0-45-2, मुकेश कुमार : 4-0-59-3, कुलदीप यादव : 3-0-47-0, अक्षर पटेल : 2-0-24-0, रसिख दार : 4-0-34-3.

**आइपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल**

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 09 | 08 | 01 | 00 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 08 | 05 | 03 | 00 | 10 | +0.972 |
| हैदराबाद | 08 | 05 | 03 | 00 | 10 | +0.577 |
| लखनऊ | 09 | 05 | 04 | 00 | 10 | +0.059 |
| दिल्ली | 10 | 05 | 05 | 00 | 10 | -0.276 |
| चेन्नई | 08 | 04 | 04 | 00 | 08 | +0.415 |
| गुजरात | 09 | 04 | 05 | 00 | 08 | -0.974 |
| पंजाब | 09 | 03 | 06 | 00 | 06 | -0.187 |
| मुंबई | 09 | 03 | 06 | 00 | 06 | -0.261 |
| बेंगलुरु | 09 | 02 | 07 | 00 | 04 | -0.721 |


**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बेंगलुरु | 430 |
| सैमसन | राजस्थान | 385 |
| राहुल | लखनऊ | 378 |
| पंत | दिल्ली | 371 |
| नरेन | कोलकाता | 357 |

**पर्पल कैप**


| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| बुमराह | मुंबई | 14 |
| हर्षल | पंजाब | 14 |
| चहल | राजस्थान | 13 |
| मुकेश | दिल्ली | 13 |
| कुलदीप | दिल्ली | 12 |

## हैदराबाद के खिलाफ जीत के लिए बेताब है चेन्नई




**चेन्नई।** लगातार हार का सामना करने वाली गत चैंपियन सीएसके रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) मैच में मजबूत सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगी। नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई में सत्र में अच्छी शुरूआत करने वाली सीएसके को पिछले दो मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने दो बार हराया है। सीएसके को अपने ही मैदान चेपक स्टेडियम में हारते हुए देखना बहुत ही विरले होता है लेकिन मार्कस स्टोइनिस के शानदार शतक की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने 210 का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। सीएसके आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से तालिका में पांचवें स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के भी आठ अंक हैं। इसलिये सीएसके अपनी लय में वापसी के लिए बेताब होगी क्योंकि अब प्लेऑफ की दौड़ तेज हो जायेगी।

## बेंगलुरु के खिलाफ गुजरात की निगाहें सुधार करने पर




**हमदाबाद।** गुजरात जायंट्स को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार की जरूरत है और रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) मैच में उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मध्यक्रम की आक्रामकता से सतर्क रहना होगा। गुजरात की टीम नौ मैच में आठ अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर काबिज है। अगर उसे चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स से आगे पहुंचना है तो उसे जीत हासिल करनी होगी। इन दोनों टीम के भी आठ अंक हैं। गुजरात जायंट्स को अपने तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन में सुधार की दरकार है। इस पूरे आईपीएल में उनकी तेज गेंदबाजी इकाई काफी कमजोर रही है। मोहित शर्मा (10 विकेट, इकोनोमीः 10.35), उमेश यादव (7 विकेट, 10.55), संदीप वारियर (5 विकेट, 10.85) ने काफी रन लुटाए हैं जबकि स्पेंसर जॉनसन और अजमतुल्लाह उमरजई जैसे बैकअप तेज गेंदबाज भी ज्यादा आत्मविश्वास से गेंदबाजी नहीं कर पाए हैं।

## प्लेऑफ की दहलीज पर पहुंचा राजस्थान, सैमसन ने खेली कप्तानी पारी

**एजेंसी**

**लखनऊ।** राजस्थान रॉयल्स ने कप्तान संजू सैमसन और ध्रुव जुरेल की शानदार अर्धशतकीय पारी की मदद से लखनऊ सुपरजाएंट्स को उसी के होम ग्राउंड पर सात विकेट से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। सैमसन और जुरेल ने तीसरे विकेट के लिए 121 रनों की अविजित साझेदारी की जिसके दम पर राजस्थान ने नौ मैचों में आठवीं जीत दर्ज की। राजस्थान की टीम इस जीत से प्लेऑफ के करीब पहुंच गई है और उसका नॉकआउट में पहुंचना लगभग तय हो गया है। लखनऊ सुपरजाएंट्स ने कप्तान केएल राहुल के 48 गेंदों पर आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 76 रन और दीपक हुड्डा के 31 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 50 रनों की पारी के दम पर 20 ओवर में पांच विकेट पर 196 रनों का स्कोर बनाया। जवाव में राजस्थान के लिए सैमसन ने 33 गेंदों पर सात चौकों और चार छक्कों के दम पर नाबाद 71 और जुरेल ने 34 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों के सहारे नाबाद 52 रन की पारी खेली जिसके मदद से राजस्थान ने 19 ओवर में तीन विकेट पर 199 रन बनाकर जीत दर्ज की।

**शीर्ष पर बरकरार राजस्थान**

इस जीत के साथ ही राजस्थान की टीम प्लेऑफ के काफी करीब पहुंच गई है। राजस्थान नौ मैचों में आठ जीत और एक हार के साथ 16 अंक लेकर शीर्ष पर बनी हुई है, जबकि मुकाबला हारने के बाद केएल राहुल की अगुआई वाली टीम पांच जीत के साथ चौथे स्थान पर है।



**यशस्वी-बटलर ने दिलाई मजबूत शुरूआत**

लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान को यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर की जोड़ी ने शानदार शुरूआत दिलाई। पिछले मैच में शतक जमाने वाले यशस्वी अच्छी लय में नजर आए और उनका बटलर ने दूसरे छोर से बखूबी साथ निभाया। इन दोनों बल्लेबाजों ने 35 गेंदों पर 60 रन जोड़ लिए थे, लेकिन पावरप्ले खत्म होने से एक गेंद पहले ही यश ठाकुर ने बटलर को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। बटलर 18 गेंदों पर चार चौके और एक छक्के की मदद से 34 रन बनाकर आउट हुए। इसके दो गेंद बाद ही मार्कस स्टोइनिस ने यशस्वी को आउट किया। यशस्वी 18 गेंदों पर तीन चौके और एक छक्के के सहारे 24 रन बनाकर पवेलियन लौटे। फिर इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे रियान पराग अमित मिश्रा की गेंद पर गैर-जिम्मेदाराना शॉट खेल तीसरे बल्लेबाज के रूप में पवेलियन लौटे। पराग ने 11 गेंदों पर एक छक्के की मदद से 14 रन बनाए।

**सैमसन-जुरेल ने राजस्थान को संभाला**

अच्छी शुरूआत के बाद लखनऊ ने नियमित अंतराल पर तीन झटके देकर राजस्थान को लड़खड़ा दिया था, लेकिन सैमसन ने एक बार फिर धैर्य का परिचय देते हुए शानदार बल्लेबाजी की और टीम को मुश्किल से बाहर निकाला। उनका साथ ध्रुव जुरेल ने दिया जिन्होंने बीच-बीच में हाथ खोले और रन गति का भी ध्यान रखा। जुरेल और सैमसन ने चौथे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की जो राजस्थान के लिए चौथे या इससे निचले स्थान पर की गई सबसे बड़ी साझेदारी रही। इन्होंने युसूफ पठान और पारस डोगरा द्वारा 2010 में बनाए गए 107 रन की साझेदारी को पीछे छोड़ा। इस बीच सैमसन ने इस सीजन का अपना चौथा पचासा जड़ा और इसके कुछ देर बाद जुरेल भी अर्धशतक लगाने में कामयाब रहे। लखनऊ के गेंदबाज इस साझेदारी को नहीं तोड़ सके और सैमसन ने छक्का लगाकर राजस्थान को जीत दिलाई।

**लखनऊ 196/5 (20 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| डी कॉक बोल्ड ट्रेंट बोल्ट | 08 | 03 | 02 | 00 |
| राहुल कै. बोल्ट बो. आवेश | 76 | 48 | 08 | 02 |
| स्टोइनिस बोल्ड संदीप शर्मा | 00 | 04 | 00 | 00 |
| हूडा कै. पॉवेल बो. अश्विन | 50 | 31 | 07 | 00 |
| पूरन कै. बोल्ट बो. संदीप शर्मा | 11 | 11 | 01 | 00 |
| आयुष बदोनी नाबाद | 18 | 13 | 01 | 00 |
| क्रुणाल पंड्या नाबाद | 15 | 11 | 01 | 00 |

**अतिरिक्त** : 18

**विकेट पतन** : 8-1, 11-2, 126-3, 150-4 , 173-5.

**गेंदबाज** : ट्रेंट बोल्ट : 4-0-41-1, संदीप शर्मा : 4-0-31-2, आवेश खान : 4-0-42-1, रविचंद्रन अश्विन : 4-0-39-1, युजवेंद्र चहल : 4-0-41-0.

**राजस्थान 199/3 (195 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| जयसवाल कै. बिश्नोई बो. मार्कस | 24 | 18 | 03 | 01 |
| जोस बटलर बोल्ड यश ठाकुर | 34 | 18 | 04 | 01 |
| संजू सैमसन नाबाद | 71 | 33 | 07 | 04 |
| पराग कै. बदोनी बो. अमित मिश्रा | 14 | 11 | 00 | 01 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 52 | 34 | 05 | 02 |

**अतिरिक्त** :04

**विकेट पतन** : 60-1, 60-2, 78-3.

**विकेट पतन** : मैट हेनरी : 3-0-32-0, मोहसिन खान : 4-0-52-0, यश ठाकुर : 4-0-50-1, मार्कस स्टोइनिस : 1-0-3-1, क्रुणाल पंड्या : 4-0-24-0, अमित मिश्रा : 2-0-20-1, रवि बिश्नोई : 1-0-16-0.

## हार्दिक को ज्यादा तवज्जो देने की जरुरत नहीं : इरफान पठान

**मुबंई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सदस्य इरफान पठान का मानना है कि भारतीय टीम को हार्दिक पांड्या को इतना महत्व नहीं देना चाहिए। स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम शो, टिकट टू वर्ल्ड कप में पठान ने कहा हार्दिक पंड्या के बारे में मैं जो महसूस करता हूं वह यह है कि भारतीय क्रिकेट को यह स्पष्ट करने की जरूरत है कि उन्हें उसे उतनी प्राथमिकता नहीं देनी चाहिए जितनी उन्होंने अब तक दी है, क्योंकि हमने अभी भी विश्व कप नहीं जीता है और अगर आपको लगता है कि आप एक प्राथमिक ऑलराउंडर हैं, तो आपको अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उस तरह का प्रभाव डालना होगा। जहां तक ऑलराउंडर की बात है तो उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उतना प्रभाव नहीं डाला है।

## ओलंपिक चयन ट्रायल 1 और 2 खत्म, भोपाल में होगी अब निशानेबाजों के बीच प्रतिस्पर्धा

**नयी दिल्ली।** राइफल/पिस्टल में पहला ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) 1 और 2 यहां डॉ कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में संपन्न हुआ और अंतिम दिन हवाई स्पधाओं में चार नए विजेता सामने आए। अर्जुन सिंह चीमा ने दिन का पहला फाइनल (पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी2) जीता, उसके बाद ईशा सिंह (महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी2), दिव्यांश सिंह पंवार (पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल ओएसटी टी2) और अंत में एलावेनिल वलारिवन ने क्लिफ-हैंगर में महिलाओं की 10एम एयर राइफल ओएसटी टी2 फाइनल में बाजी मारी। ओएसटी के लिए क्वालीफाई करने वाले 37 निशानेबाजों में से किसी का भी पेरिस ओलंपिक टिकट अभी तक सुनिश्चित नहीं हुआ है और अगले महीने भोपाल में होने वाले अंतिम दो ट्रायल निश्चित रूप से रोमांचक होंगे, जिनमें सभी को भाग लेना होगा।

## जहीर खान ने टी20 विश्व कप के लिए चुनी अपनी भारतीय टीम

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में ऋषभ पंत को एकमात्र विकेटकीपर के रूप में चुना है जबकि वह बायें हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल को आक्रमण में एक नया आयाम जोड़ने के लिए अंतरराष्ट्रीय पदार्पण की जिम्मेदारी सौंपना चाहते हैं। जहीर का सबसे दिलचस्प चयन 26 वर्षीय दयाल का रहा जो घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश और इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का प्रतिनिधित्व करते हैं। जहीर ने अपनी टीम चुनते समय मोहम्मद शमी की चोट को भी ध्यान में रखा है। जहीर ने कहा, यश दयाल का स्थान फ्लोटिंग स्पॉट' (अस्थायी) होगा क्योंकि मोहम्मद शमी टूनामेंट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। उन्होंने कहा, वह एक ऐसा गेंदबाज है कि अगर आप कभी भी किसी को गेंदबाजी के लगाना चाहते हैं तो उसे इस्तेमाल किया जा सकता है जैसे अगर सिराज की फॉर्म सही नहीं है।

## युवराज बने टी20 विश्व कप 2024 के ब्रांड एमबेस्डर

**नयी दिल्ली।** महान भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह को आइसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 का ब्रांड एम्बेसडर के रूप में नामित किया गया है। टी20 क्रिकेट के प्रमुख वैश्विक आयोजन के शुरू होने में केवल 36 दिन शेष हैं। यह घोषणा भारत के विजयी पुरुष टी20 विश्व कप 2007 अभियान के दौरान एक ओवर में छह छक्के लगाने की युवराज की प्रतिष्ठित उपलब्धि के जश्न में की गई है। युवराज वेस्टइंडीज के आइकन क्रिस गेल और आठ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता उसेन बोल्ट के साथ टूनार्मेंट के लिए घोषित होने वाले पहले एम्बेस्डर के रूप में शामिल हुए। युवराज संयुक्त राज्य अमेरिका में टी20 विश्व कप से पहले और उसके दौरान विभिन्न प्रचार कार्यक्रमों में भाग लेंगे जिसमें 9 जून को न्यूयॉर्क में बहुप्रतीक्षित भारत बनाम पाकिस्तान मैच भी शामिल है।

# शंघाई में भारतीय तीरंदाजों का जलवा, चार स्वर्ण पदक जीते

**एजेंसी**

**शंघाइ।** एशियन गेम्स की चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम के नेतृत्व में भारतीय तीरंदाजों ने शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप 2024 में कंपाउंड स्पधाओं में दांव पर लगे पांच स्वर्ण पदकों में से चार पदक अपने नाम किए। दूसरी वरीयता प्राप्त ज्योति सुरेखा वेन्नम ने फाइनल में जगह बनाई और शूट-ऑफ में 2023 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता और शीर्ष वरीयता प्राप्त मैक्सिको की एंड्रिया बेसेरा को हराकर महिला कंपाउंड तीरंदाजी में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। पांच सेटों की समाप्ति के बाद स्कोर 146 की बराबरी पर रहा। इस स्वर्ण पदक के साथ, ज्योति सुरेखा वेन्नम ने अक्टूबर में मैक्सिको के त्लाक्सकाला में होने वाले तीरंदाजी विश्व कप फाइनल के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। इस बीच, मौजूदा विश्व चैंपियन अदिति गोपीचंद स्वामी क्वार्टर-फाइनल में एंड्रिया बेसेरा से 144-142 से हार गईं। अवनीत कौर क्वार्टर-फाइनल में ज्योति के खिलाफ 143-142 से हार गईं, जबकि परनीत कौर तीसरे दौर में बाहर हो गईं। पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड में, प्रियांश को ऑस्ट्रिया के 2021 विश्व चैंपियन निको वीनर से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जिन्होंने 150 का परफेक्ट स्कोर बनाया, जबकि प्रियांश 147 का स्कोर बनाने में सफल रहे। प्रथमेश फुगे क्वार्टर-फाइनल में हार गए, जबकि भारतीय दिग्गज अभिषेक वर्मा और रजत चौहान दूसरे दौर में ही हारकर बाहर हो गए। इससे पहले दिन में, भारत ने तीनों कंपाउंड टीम स्पधाओं में स्वर्ण पदक जीते। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति गोपीचंद स्वामी और परनीत कौर ने शीर्ष वरीयता प्राप्त होने के बाद इटली पर 236-225 से जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता।



चौथी वरीयता प्राप्त अभिषेक वर्मा, प्रियांश और प्रथमेश फुगे ने पुरुषों की कंपाउंड टीम स्पर्धा में नीदरलैंड को 238-231 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। मिश्रित टीम फाइनल में अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेन्नम ने भी मिलकर एस्टोनिया को 158-157 से हराया और स्वर्ण पदक जीता। वेन्नम, स्वामी और कौर ने महिला टीम के फाइनल में इटली के खिलाफ मुकाबला करने के लिए शीर्ष वरीयता प्राप्त की थी। तीनों तीरंदाज पहले तीन एंड में सिर्फ दो बार परफेक्ट 10 स्कोर से चूकीं और 178-171 से आगे हो गईं। फिर भारतीय महिला टीम ने चौथे एंड पर केवल दो अंक गंवाए, लेकिन इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ा क्योंकि शीर्ष वरीयता प्राप्त तीरंदाजों ने 11 अंकों के अंतर से स्वर्ण पदक जीत लिया। पुरुष टीम ने चौथी वरीयता के तौर पर क्वालीफाई किया था और पहले एंड में 60 के स्कोर के साथ शानदार शुरूआत की थी। अगले दो एंड पर दो अंक गंवाने के बावजूद, भारतीय पुरुष टीम ने चौथे एंड को 60 अंक के एक और परफेक्ट स्कोर के साथ पूरा किया और सात अंकों के अंतर से स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद वेन्नम और वर्मा ने एस्टोनिया के खिलाफ मिश्रित टीम फाइनल में संयुक्त रूप से शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने अपने स्वर्ण पदक के अभियान में केवल दो अंक गंवाए। दोनों ने चारों एंड पर लगातार बढ़त बनाए रखी और पहले और तीसरे एंड पर परफेक्ट स्कोर हासिल किया। रविवार को तीन बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी महिला व्यक्तिगत रिकर्व सेमीफाइनल में उतरेंगी। तरूणदीप राय, प्रवीण जाधव और धीरज बोम्मदेवरा की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम स्वर्ण पदक के लिए रिपब्लिक ऑफ कोरिया से भिड़ेगी।

# तीसरे चरण की चार सीटों पर इंडी के नवोदित प्रत्याशी राजग के सांसदों को देंगे चुनौती

एजेंसी

**पटना।** बिहार लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में पांच सीट झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) के टिकट पर पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के वर्तमान सांसदों को चुनौती देंगे। बिहार लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण का मतदान 07 मई को झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में होने जा रहा है। इनमें से चार सीट झंझारपुर, सुपौल, अररिया और मधेपुरा पर इंडिया गठबंधन के बैनर तले पहली बार लोकसभा के रण में उतरे प्रत्याशी, राजग के वर्तमान सांसदों को चुनौती देंगे। झंझारपुर संसदीय सीट पर इंडिया गठबंधन में शामिल विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के उम्मीदवार सुमन महासेठ पहली बार लोकसभा के रण में उतरे हैं। श्री महासेठ इस सीट पर वर्तमान सांसद रामप्रीत मंडल से मुकाबला करने के लिये तैयार हैं।सुमन कुमार उर्फ सुमन कुमार महासेठ इससे पूर्व वर्ष 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान मधुबनी विधानसभा सीट से वीआईपी के प्रत्याशी रह चुके हैं, तब, उन्हें राष्ट्रीय जनता दल (राजद) उम्मीदवार समीर कुमार महासेठ ने हराया था। सुपौल संसदीय सीट पर इंडिया गठबंधन में शामिल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रत्याशी, सिंहेश्वर विधानसभा के विधायक चंद्रहास चौपाल पहली बार लोकसभा में अपनी किस्मत आजमाने के लिये तैयार है। श्री चौपाल की चुनावी टक्कर इस सीट पर जदयू के वर्तमान सांसद दिलकेश्वर कामत से है। अररिया से पूर्व केंद्रीय गृहराज्य मंत्री तस्लीमुद्दीन के पुत्र और जोकीहाट के विधायक शाहनवाज आलम इंडिया गठबंधन में शामिल राजद के बैनर तले पहली बार लोकसभा के चुनावी मैदान में उतरे हैं।

श्री आलम का मुकाबला इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद प्रदीप कुमार सिंह से होगा। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में अररिया संसदीय सीट से प्रदीप कुमार सिंह ने भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था। इस सीट पर श्री सिंह की टक्कर राजद प्रत्याशी पूर्व केन्द्रीय मंत्री तस्लीमुद्दीन से हुयी। श्री तस्लीमुद्दीन ने श्री सिंह को चुनावी मैदान में मात दी।श्री तस्लीमुद्दीन के निधन के बाद अररिया लोकसभा सीट पर वर्ष 2018 में उप चुनाव हुआ। उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप सिंह का मुकाबला श्री तस्लीमुद्दीन के बड़े पुत्र राजद प्रत्याशी सरफराज आलम से हुआ। भाजपा के श्री सिंह को इस चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार प्रदीप सिंह ने राजद प्रत्याशी सरफराज आलम को पराजित कर बाजी अपने नाम कर ली। इस बार के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्री सिंह की चुनावी टक्कर स्वर्गीय तस्लीमुद्दीन के दूसरे पुत्र राजद प्रत्याशी शाहनवाज आलम से होने जा रही है। मधेपुरा संसदीय सीट से भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति रहे पूर्व सांसद डॉ. रमेन्द्र कुमार यादव रवि के पुत्र और संविधान सभा के सदस्य कमलेश्वरी प्रसाद यादव के पौत्र कुमार चंद्रदीप मधेपुरा सीट से पहली बार राजद के टिकट पर चुनावी रण में उतरे हैं। श्री चंद्रदीप की चुनावी टक्कर जदयू सांसद दिनेशचंद्र यादव से है।

## दो चरणों के चुनाव के बाद एनडीए डिप्रेशन में : तेजस्वी

एजेंसी

**पटना।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम व राजद नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर कड़ा प्रहार किया। तेजस्वी यादव ने कहा कि दो चरण के लोकसभा चुनाव बाद एनडीए के नेता- कार्यकर्ता लोग डिप्रेशन यानि अवसाद में है। देश के किसान, नौजवान, महिला, छात्र, व्यापारी और कर्मचारी जान चुके है कि नरेंद्र मोदी हैं तो नौकरी मिलना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मुद्दे की बात छोड़ कर सिर्फ समाज में जहर घोलने का काम करते है। दो चरणों के चुनाव के बाद ही प्रधानमंत्री की 400 पार वाली फिल्म फ्लॉप हो चुकी है।

**प्रधानमंत्री मुद्दों पर नहीं करेंगे बात :** तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधनमंत्री पढ़ाई, दवाई, कमाई, सिंचाई, कार्रवाई, सुनवाई, शिक्षा, रोजगार, बेरोजगारी, नौकरी, किसान और महंगाई पर बात नहीं करेंगे। यह बस हिन्दू-मुसलमान और मंदिर-मस्जिद पर बात करेंगे।



यह अन्य किसी और मुद्दे पर बात नहीं करेंगे। अब देश की जनता इन्हें जान चुकी है।

**मोदी है तो मुश्किल है : तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म** एक्स पर भी लिखा कि देश की जनता अब जान चुकी है कि मोदी है तो बेरोजगारी हटना मुश्किल है, मोदी है तो महंगाई कम होना मुश्किल है, मोदी है तो मुद्दों पर बात होना मुश्किल है, मोदी है तो स्कूल-अस्पताल पर चर्चा मुश्किल है, मोदी है तो किसानों की आय दुगुनी होना मुश्किल है।

**पीएम के पास बोलने के लिए कुछ नहीं बचा :** तेजस्वी यादव ने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दो जगह बिहार में थे। इस दौरान एक बार भी उन्होंने अपने 10 वर्षों की किसी एक भी उपलब्धि का जिक्र नहीं किया। कोई उपलब्धि होगी तो ना जिक्र करेंग?

## छह लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत

**पटना।** बिहार के बेगूसराय में पिछले 24 घंटे के भीतर 06 लोगों की जान सड़क हादसों में चली गई है। पहली घटना लाखो थाना क्षेत्र के सांई मंदिर के पास एनएच-31 की है, जहां शुक्रवार की देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन युवक को कुचल दिया। तीनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। डायल 112 की पुलिस टीम ने घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। किशन कुमार की स्थिति गंभीर देखते हुए परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक बलिया थाना क्षेत्र के सदानंदपुर का रहने वाला था। मौत के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है। दूसरी घटना वीरपुर संजात पथ पर पकड़ी के समीप सड़क हादसे में भवानंदपुर पंचायत का मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना शुक्रवार मध्य रात की है । तीसरी घटना शनिवार सुबह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एसएच- 55 खम्हार गौतम धाम के निकट आमने-सामने दो बाइक की टक्कर में दो लोगों की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं घायल तीसरे युवक की अस्पताल में मौत हो गई।

## ज्ञान निकेतन में सेमिनार का आयोजन



कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कन्वेंट (10+2) स्कूल में मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यालय के सभागार में सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि भारत लोकतंत्र प्रणाली का जननी है। यह देश विश्व में सबसे बड़ा लोकतांत्रिक व्यवस्था वाला देश है। आप सभी कल के युवा और जिम्मेदार नागरिक बनने की ओर हैं। आप सभी को सफल मतदान और मतदाता के कार्य और अधिकार जानने की आवश्यकता है। ताकि इसी लोकसभा चुनाव में आप अपने सगे संबंधियों, माता पिता और गांव मुहल्ले में बस्ती वाले को मतदान में जाने के लिए प्रेरित करें, मतदान का महत्व की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि सही मतदान और ईमानदार छवियों वाले उम्मीदवारों का चुनाव भी एक देशभक्ति ही है। जिसकी आयु 18 वर्ष का हो जाता है वह मतदान करने का अधिकार रखता है, ऐसा हमारा संविधान ने अधिकार भारत के युवा वर्ग को दे रखी है। मौके पर उप प्राचार्य बसंत ठाकुर, शिक्षक संजीव कुमार, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, नीरा शमी, सरिता दूबे, सुनीता कुमारी, सुषमा तिवारी, अभिषेक पांडेय, संतोष प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## खलिहान में भूसा में छुपाकर रखा गया एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की बीती रात्रि थाना क्षेत्र के धनीमंडरा स्कूल के समीप एक खलिहान में भूसा में छुपाकर रखा गया एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद कर अज्ञात के ऊपर प्राथमिकी दर्ज किया है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात्रि धनीमंडरा में स्कूल के पास खलिहान में हथियार छुपा कर रखने की सूचना थी। सूचना के आलोक में किए गए छापेमारी में हथियार बरामद कर लिया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है। बताते चले कि पुलिस के द्वारा अब तक थाना क्षेत्र के ानीमंडरा के कामेश्वर पासवान के घर से एक कट्टा और सात जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया था, सिंदुरिया टोला के आलोक साव के घर से दो देशी कट्टा व पांच जिंदा कारतूस, धनीमंडरा गांव से दो देशी कट्टा व सात कारतूस तथा पंडरिया से एक देशी कट्टा सहित कुल पांच अवैा देशी हाथियार व कारतूस बरामद करते हुए अभी तक दो अपराायों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## महिला ने कुल रकम कैशियर को लौटाकर दिया मानवता का परिचय

**रमना।** भारतीय स्टेट बैंक के कैशियर द्वारा गर्मी और शादी के मौसम का भीड़ में भूलवस लेनदेन के अभाव में बंद खाते के ाारक निर्मला देवी को छह हजार रूपये का भुगतान कर दिया गया। इस बात का पता कैशियार को तब चला ज़ब बैंक बंद कर पुरे दिन के लेखा-जोखा कर रहे थे, जिसमें कुल बचत राशि में छह हजार रूपये कम होने लगे, फिर सभी जमा पर्ची और निकासी पर्ची को मिलाया गया तो, इस गड़बड़ी का पता चला की निर्मला देवी बंद खाता धारक को छह हजार का निकासी कर दिया गया हैं। उक्त खाता धारक का पूरा पता लेकर कैशीयर और एटीएम गार्ड लोगो से खाता ाारक निर्मला देवी का घर का पता पूछ कर शाम को प्रदीप कुमार के सहायता से उक्त ग्राहक के घर पहुंचे और पैसे के बारे में ग्राहक को बताया। उक्त महिला ने कुल रकम कैशियर को लौटा दिया और मानवता का परिचय दिया, कैशियर नें महिला की विनम्रता और सत्यता के लिए धन्यवाद दिया।

## जलमीनार का मोटर चार माह से खराब, ग्रामीण परेशान



जानकारी देते ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** सरकार के नल-जल योजना को गांव-गांव पहुंचाया जाने की उद्देश्य थी कि जिससे ग्रामीण इलाकों में पानी की किल्लत न हो और लोगों को आसानी से पानी मिल सके। लेकिन सरकार की मंशा फलीभूत नहीं हो रही है। इसका जीता जागता उदाहरण प्रखंड कार्यालय से डेढ़ किलोमीटर दूर बुका के भुईयां टोला के तीन कोणीया मोड़ पर लगा जल मीनार का मोटर चार माह से खराब होने से ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है। जहां नल-जल योजना के माध्यम से किसी भी घर में नल से एक बूंद पानी नहीं टपक रहा है। प्रखंड के ग्रामीण को जल आपूर्ति के लिए चलाई जा रही नल जल योजना का लोगों का लाभ नहीं मिल रहा है। भूईया टोली में संचालित नल जल योजना का मोटर खराब हो जाने के कारण ठप पड़ी हुई है। इसके चलते ग्रामीण पेयजल के लिए परेशान हैं। इन दिनों गर्मी अपने चरम पर है और लोगों को पीने के लिए पानी भी न मिल पाना, यह शासन और प्रशासन दोनों के लिए एक चुनौती से कम नहीं है। लोगों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी ग्रामीणों की शिकायतों को दूर करने का प्रयास ही नहीं करते हैं। जिसके कारण ही लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है।

## दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कार्यशाला

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सेमिनार कक्ष में शनिवार को आगिम सहायक सामग्री (टीएलएम) पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान प्रशिक्षकों को अधिगम सहायक सामग्री की उपयोगिता, उनको चार्ट और मडल में अंतर एवं चार्ट और मडल तैयार करने की विाि बताई गई। मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुनीता गुप्ता ने कहा कि प्रशिक्षण में आगिम सहायक सामग्री का उपयोग करने की आवश्यकता सभी को है, क्योंकि यह सीखने की गति को तीव्र बनाती है। विश्वविद्यालय के कुलाापिति दिनेश प्रसाद सिंह, कुलपति प्रोफेसर डॉ एमके सिंह, कुलसचिव डॉ ललन सिंह ने ऐसे कार्यक्रम करने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर प्रायापकों में अरविंद तिवारी, जनार्दन शुक्ला, शशिकान्त सिंह यादव, बीएन सिंह तथा एसएन ठाकुर, डॉ आशुतोष कुमार मिश्रा, आनंद कुमार चौबे आदि उपस्थित रहे।

## यज्ञशाला में रहने वाले महादलित की मौत



अंतिम संस्कार के लिए जाते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** लंबी अवधि से कांडी पोखरा पर स्थित यज्ञशाला में रहने वाले महादलित व्यक्ति की बीती रात मौत हो गई। मुखिया ने इस ओड़ व्यक्ति के शव के अंतिम संस्कार की व्यवस्था बनाई। उक्त महादलित (मुसहर) व्यक्ति दिनभर विभिन्न गावों में खाने के लिए मांगता व यज्ञशाला में ही रहता था। अचानक उसकी मृत्यु हो गई। शनिवार सुबह उसे मृत पाया गया। उसकी लाश वहीं यज्ञशाला में पड़ी हुई थी। उसकी उम्र करीब 50 साल थी। इस मृतक के दाह संस्कार के लिए कुछ नहीं था। कांडी पंचायत के मुखिया विजय राम के द्वारा एक गाड़ी बुक करके शव को अंतिम संस्कार के लिए कई लोगों के साथ कफन में लपेटकर अन्य सामग्री के साथ सोन नदी स्थित श्मशान घाट पर भेजा गया। भीषण गर्मी को देखते हुए उक्त अवाि के लिए लोगों को पानी की एक पेटी भी खरीदकर दी गई। खोजबीन करने पर मुखिया ने उक्त व्यक्ति की पहचान रमेश राम पिता नान्हू राम 50 वर्ष ओखरगाड़ा प्रखंड गढ़वा बतायी। इस मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

# शरद, लालू और पप्पू के रंग में रंगे मधेपुरा की सियासी जंग इस बार बेरंग!

(प्रेम कुमार से)

**पटना।** बिहार की हाईप्रोफाइल सीटों में शुमार मधेपुरा संसदीय सीट कभी दिग्गज राजनेता शरद यादव, लालू प्रसाद यादव और पप्पू यादव के रंग में रंगी नजर आती थी, लेकिन इस बार के चुनाव में इन तीन राजनेताओं में किसी के भी नहीं होने पर यहां की सियासी जंग 'बेरंग' हो गयी है। मधेपुरा संसदीय क्षेत्र समाजवाद वाली राजनीति के जरिए जनता के बीच अलग पहचान बनाने वाले दिग्गज राजनेता शरद यादव का गढ़ रहा है। मधेपुरा में अपना ह्यरंगह्ल जमाने में माहिर शरद यादव, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और बाहुबली पूर्व सांसद पप्पू यादव के बीच की सियासी जंग भी यहां के वोटरों के लिए हमेशा रुचि का विषय रहा है।वर्ष 1991 से लेकर वर्ष 2019 तक मधेपुरा में हुये लोकसभा चुनाव में शरद यादव ने तो लगातार मधेपुरा से अपनी किस्मत आजमायी वहीं राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और पप्पू यादव ने भी कुछ मौके पर मधेपुरा से चुनाव लड़ा। तैतीस वर्षो में यह पहली बार हो रहा है जब मधेपुरा संसदीय सीट पर न तो शरद, न तो लालू और न ही पप्पू नजर आ रहे हैं। देश की राजनीति को प्रभावित करने वाले मंडल मसीहा के नाम से प्रसिद्ध शरद यादव ने 12 जनवरी 2023 को अंतिम सांस ली। वहीं, चारा घोटाला मामले में सजा होने के कारण राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव चुनाव लड़ने से वंचित हैं। पप्पू यादव ने वर्ष 2019 में मधेपुरा में हुयी करारी हार के बाद अपना रणक्षेत्र बदल लिया और इस बार उन्होंने पूर्णिया से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अपनी किस्मत आजमायी है। ऐसे में यहां के मतदाताओं को शरद-लालू और पप्पू की कमी खल रही है। मधेपुरा का चुनावी ह्यरंगह्ल और सियासी ह्यजंगह्ल बेरंग हो गया है।

बिहार की सियासत में एक बड़ा ही प्रचलित नारा है, 'रोम है पोप का, मधेपुरा है गोप का।' वर्ष1962 के लोकसभा चुनाव में यह नारा इतना मशहूर हुआ कि मामला कोर्ट तक पहुंच गया। वर्ष 1962 में तीसरा आम चुनाव था, जब सोशलिस्ट पार्टी का प्रतिनिधित्व करने वाले भूपेन्द्र नारायण मंडल (बी.एन.मंडल) ने सहरसा लोकसभा से प्रसिद्ध कांग्रेस के कद्दावर नेता ललित नारायण मिश्रा (पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्रा के बड़े भाई) को हराया था, लेकिन, फैसले को इस आरोप के आधार पर अदालत में चुनौती दी गई थी कि बी.एन. मंडल ने अपने एक पैम्फलेट में जातिवादी नारा ह्लरोम है पोप का, मधेपुरा है गोप काह्व का इस्तेमाल किया था, जिसने सांप्रदायिक भावनाओं को हवा दी थी। मामला कोर्ट तक पहुंचा और अदालत ने 1962 के चुनाव परिणाम को अमान्य करार दिया और बी.एन.मंडल को कोई भी चुनाव लड़ने से रोक दिया। हालांकि, बाद में उन्होंने केस जीत लिया। वर्ष 1964 में सहरसा सीट पर उपचुनाव हुये। इस चुनाव में कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे लहटन चौधरी ने संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी उम्मीदवार बी.एन.मंडल को पराजित किया। वर्ष 1962 का यह नारा आज भी मधेपुरा की सच्चाई है।मधेपुरा लोकसभा के चुनावी इतिहास में तो यादव जाति के अलावा कोई सांसद बना ही नहीं।यहां का यादव वोटर ही किसी भी दल के नेता के चुनावी हार-जीत का रुख तय करते हैं।

कहा जाता है कि मधेपुरा की राजनीति पूरे कोसी इलाके को दिशा देती है।सुपौल,मधेपुरा और खगड़िया लोकसभा सीटों पर सियासी एजेंडा सेट करने का काम मधेपुरा ही करता रहा है। देश में मंडलवादी राजनीति की प्रयोग भूमि और 'यादव लैंड' के नाम से मशहूर यह क्षेत्र समाजवादी पृष्ठभूमि के नेताओं के लिए उर्वर रहा है। मधेपुरा लोकसभा सीट से (राजद) सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ,जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय शरद यादव , मंडल कमीशन के अध्यक्ष बिन्देश्वरी प्रसाद (बी. पी.मंडल),राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव जैसे राजनीतिक धुरंधर अपनी किस्मत आजमा चुके हैं।

मधेपुरा पहले सहरसा संसदीय क्षेत्र में शामिल था। वर्ष 1967 में मधेपुरा संसदीय क्षेत्र अस्तित्व में आया।

## खबर एक नजर में

### पोस्को एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त के घर चिपका इस्तेहार

**केतार।** थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णवाल ने शनिवार को केतार थाना के कांड संख्या 17/23 दिनांक 26/03/2023 धारा 366ए/506 आईपीसी की धारा और 12 पोस्को एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त कोसडीहरा ग्राम निवासी वसिष्ठ पासवान के पुत्र मनोज पासवान के घर पर ग्रामीणों की उपस्थिति में इस्तेहार चिपकाया गया।

### चूल्हे की चिंगारी से लगी आग में जले तीन घर, दो लाख की संपति जलकर राख

**कांडी।** थाना क्षेत्र के लमारी कला गांव में शनिवार की शाम अचानक तीन घरों में आग लगने से लगभग दो लाख की संपति जलकर राख हो गई। आग कैसे लगी स्पष्ट पता नहीं चल पा रहा है किन्तु चूल्हे से निकलने वाली चिनगारी कारण बताया जा रहा है। एक घर में आग लगने से उसके नजदीक के दो घर भी जल गए। भाजपा नेता रवीन्द्र चंद्रवंशी ने बताया कि अनिल राजवार, सुखाड़ राजवार व चरितर रजवार के घर में रखा चौकी, खटिया, साईकिल, कपड़ा, राशन सहित सारा समान जल गया जिससे तीनों घरों के परिवार बेघर व लाचार हो गए। फिलहाल ग्रामीणों द्वारा पंप लगाकर काफी मशक्क्त के बाद आग पर काबू पाया गया। भाजपा नेता रवीन्द्र चंद्रवंशी ने कांडी सीओ को इस बावत जानकारी देते हुए उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

### 26 अप्रैल ने तय कर दिया है कि पूर्णिया का असली बेटा संतोष ही है : संतोष कुशवाहा

**पूर्णिया।** मंत्री लेशी सिंह ने 26 अप्रैल को लोकतंत्र का महापर्व को सफल बनाने के लिए पूर्णिया के मतदाताओं और एनडीए कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। शनिवार को उन्होंने सांसद कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पूर्णियावसियों का आभार जिन्होंने एनडीए के पक्ष में बढ़-चढ़ कर मतदान किया।पूर्णिया के मतदाताओं ने न्याय के साथ विकास पर मुहर लगाया है।मैं लोगों को आश्वस्त करना चाहती हूं कि हम सभी मिलकर आगे भी पूर्णिया के विकास को गति देने का काम करेंगे। इस मौके पर एनडीए के सभी घटक दल के जिलाध्यक्ष भी मौजूद थे। एनडीए प्रत्याशी संतोष कुशवाहा ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में पूर्णिया संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं ने न्याय किया है।निश्चित रूप से चुनाव परिणाम यह साबित करेगा कि विकास और अमन-चैन की धरती पूर्णिया में अराजक और विकास -विरोधी ताकतों की कोई जगह नही है।धनबल और बाहुबल की पराजय और सच की जीत हुई है।हम आभारी हैं देवतुल्य मतदाताओं के और जिला प्रशासन और चुनाव आयोग का जिनकी वजह से पूर्णिया में सच की जीत हुई है। प्रदेश के बाहर के लोगों को इस बात की चिंता सता रही थी कि क्या फिर से पूर्णिया में वर्ष 2005 से पहले की स्थिति तो पैदा नही हो जाएगी लेकिन पूर्णियावसियों ने स्पष्ट कर दिया कि यहां मंगलराज ही रहेगा और पूर्णिया का विकास-रथ गतिमान रहेगा। कुशवाहा ने कहा कि 26 अप्रैल को मतदाताओं ने तय कर दिया है कि पूर्णिया का असली बेटा संतोष ही है, चुनाव परिणाम पूर्णतः एनडीए के पक्ष में जा रहा है और हम फिर एक बार रिकॉर्ड मतों से विजयी होंगे। इसके लिए हम सभी एनडीए के साथी, शीर्ष नेतृत्व और खासकर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदींजी, मुख्यमंत्री अभिभावक नीतीश कुमार जी और चुनाव-प्रचार में पूर्णिया आए सभी मंत्री,सांसद,विधायक और नेतागण के आभारी है जिनके सहयोग के बिना यह जीत सम्भव नही था। सदर विधायक विजय खेमका ने कहा कि नरेंद्र भाई मोदी की गारंटी पर पूर्णिया में जीत की मुहर लगी है। हमारे प्रत्याशी संतोष कुशवाहा की जीत तय है और हम सभी 06 विधानसभा क्षेत्र में जीत दर्ज करेंगे।वहीं विधायक कृष्ण कुमार ऋषि ने कहा कि मोदी जी और नीतीश जी के कार्यों पर जनता ने एनडीए प्रत्याशी संतोष कुशवाहा को अपना आशीर्वाद दिया है।इस जीत का श्रेय स्थानीय जनता को जाता है।

### क्रिकेटर जय सिंह के परिवार को मिला न्याय, हत्यारे को मिला आजीवन कारावास

**पूर्णियां।** क्रिकेटर और समाजसेवी जय सिंह के हत्यारे को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा दी है। जय सिंह पूर्णिया जिला क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष थे। एक अच्छे समाज सेवी भी थे। उनकी हत्या से पूरा क्रिकेट जगत तथा समाज हतप्रभ था। इस हत्या के मामले में अभियुक्त पूर्णिया के रहने वाले नवल यादव कोर्ट ने आजीवन कारावास एवं 20 हजार रुपए आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। अभियुक्त को आर्म्स एक्ट में भी दोषी पाए जाने के बाद 3 वर्ष कारावास एवं 10 हजार रुपए आर्थिक दंड की सजा सुनाई गई है। दोनों ही सजा साथ-साथ चलेंगी। यह सजा पंचम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभिषेक रंजन की अदालत ने सुनाई है। जय सिंह की हत्या के बाद थाने में मुकदमा मृतक जय कुमार सिंह के बड़े भाई शमानंद सिंह सा० अड़गड़ा चौक, वार्ड नंबर 2, थाना के० हाट (मधुबनी) जिला पूर्णिया ने दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 23 जनवरी 2021 की रात्रि 09.15 बजे जय कुमार सिंह अड़गड़ा चौक पर सड़क किनारे खड़ा था। इसी बीच अभियुक्त उसके पास आकर गाली गलौज करते हुए कहा कि तुम मेरे भतीजा सौरभ यादव की हत्या पर खुशी मना रहे थे। तुमको भी दुनिया से विदा कर देंगे। इतना कहते ही अभियुक्त ने उसके गर्दन में गोली मार दी। इलाज के दौरान 24 जनवरी 2021 को उसका देहांत हो गया। इस मुकदमे के सह अभियुक्त मनोज यादव को साक्ष्य के अभाव में न्यायालय द्वारा रिहा कर दिया गया। अभियोजन पक्ष द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत गवाहों की गवाही एवं अभिलेख पर उपलब्ध अन्य साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त को दोषी पाए जाने के बाद उपरोक्त सजा सुनाई गई। इस मुकदमे को आयोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक अताउर रहमान संचालित कर रहे थे । इस खबर की सूचना से पूर्णिया क्रिकेट के सभी खिलाड़ियों एवं समाजसेवियों ने कोर्ट को साधुवाद दिया है।

### पीठासीन पदाधिकारी, पी वन, पीटू व पी थ्री कर्मियों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया

**सहरसा।** आगामी सात मई को होने वाले मधेपुरा लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन अंतिम तैयारी कर रहा है। इसके तहत मतदान कर्मियों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण गुरुवार से अनुग्रह नारायण सिंह उच्च विद्यालय मे शुरू किया गया।दूसरे चरण में कर्मचारियों को विधानसभा वार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रत्येक मतदान के लिए प्रतिनियुक्त चार पदाधिकारी पीठासीन पदाधिकारी, पी वन, पी टू एवं पी थ्री को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शनिवार को आयोजित दो पालियों के प्रशिक्षण में 74


## पेज एक का शेष

### भीषण गर्मी से झारखंड बेहाल, पारा 45 पार

**केंद्र सरकार ने दी सलाहः** प्रचंड गर्मी को देखते हुए केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने झारखंड को भी जरूरी दिशा निर्देश भेजा है। उसी आधार पर उप श्रमायुक्त रांची की ओर से सभी जिलों को शनिवार को श्रमिकों के मामले में कुछ जरूरी बिंदुओं का ध्यान रखने को कहा गया है। केंद्र के निर्देश पर होगा श्रमिकों का लगातार हेल्थ चेक अप जरूरी है। जितने भी प्रतिष्ठान, बिल्डर, निर्माणकर्ता, नियोजक हैं, उनसे कहा गया है कि वे कामगारों के काम के घंटे या समय को पुनर्निर्धारित करें। कार्य स्थल पर भरपूर पानी की व्यवस्था हो, आराम करने को छायादार व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा किट, ओआरएस वगैरह हो। दवा और आपातकाल के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था हो। हीट वेव (लू) से बचाव के लिए बाहरी गतिविधि के लिए विश्राम अवकाश की आवृत्ति और बढ़ायी जाये। लू से पीड़ित कामगार को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जायें। गर्भवती महिलाओं और चिकित्सकीय स्थितिवाले श्रमिकों पर अतिरिक्त ध्यान दिया जाये। कर्मचारियों को लू की चेतावनी के बारे में सूचित करें।

# स्पीड न्यूज

## फिल्म खेल खेल में छह सितंबर को होगी रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में 06 सितंबर को रिलीज होगी। मुदस्सर अजीज द्वारा निर्देशित 'खेल खेल में' में अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, वाणी कपूर, एमी विर्क, आदित्य सील, प्रज्ञा जयसवाल और फरदीन खान की मुख्य भूमिका है।यह फिल्म 06 सितंबर को स्क्रीन पर रिलीज होगी।

## जापान में भूकंप के शक्तिशाली झटके

**टोक्यो।** जापान के बोनिन और ओगासावारा द्वीप समूह के पश्चिमी तट पर शनिवार को शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किये गये। देश की मौसम एजेंसी के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.9 मापी गयी। भूकंप के झटके मध्य टोक्यो में महसूस किये गये।

## हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में दागीं मिसाइलें

**यरुशलम।** एक बार फिर यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से गुजर रहे जहाज पर शुक्रवार को मिसाइलें दागी, हालांकि यह उससे कुछ दूरी पर गिरीं। कुछ दिनों के विराम के बाद अब फिर से हूती विद्रोहियों ने हमले तेज कर दिए हैं। गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध के दौरान क्षेत्र में नौवहन मार्ग पर हूती विद्रोहियों ने हमलों की शुरूआत की थी। निजी सुरक्षा फर्म एंब्रे ने कहा कि हमले में तीन मिसाइलें दागी गईं, जो पनामा-का ध्वज लगे एक टैंकर के करीब गिरीं।

## भदोही में दामाद ने सास को मारी गोली

**भदोही।** कोइरौना थाना क्षेत्र के रामकिशुनपुर बसही गांव में पत्नी की विदाई न होने से नाराज पति ने शुक्रवार की देर रात अपनी सास को गोली मार दिया। रामकिशुनपुर बसही गांव निवासी रामधनी बिंद का दामाद शिवकुमार अपनी पत्नी सीमा देवी की विदाई के लिए आया था। वह शुक्रवार की देर रात अपनी सास पान कुमारी (40) से पत्नी की विदाई के लिए कह रहा था। इस दौरान सास ने कहा कि बेटी से ससुराल में अधिक काम लिया जाता, इसलिए वह विदाई नहीं करेगी। इसी बात पर सास और दामाद में कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। गुस्साए दामाद ने अवैध असलहे से सास के सिर में गोली मार फरार हो गया।

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह को मिली बेल

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को जमानत दे दी है, लेकिन उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जौनपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने अपहरण और जबरन वसूली मामले में उनको सात साल की सजा सुनाई थी। सजा बरकरार रहने से धनंजय सिंह चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।

## मुंबई लोकल ट्रेन की जगह अब वंदे भारत मेट्रो चलेगी

**नयी दिल्ली।** मुंबई की लोकल ट्रेनों को अगले तीन से चार साल के भीतर वंदे भारत मेट्रो ट्रेन सेट से बदल दिया जाएगा जिससे मुंबई के दैनिक यात्रियों को मेट्रो की तर्ज पर वातानुकूलित एवं स्वचालित गेट वाली सुरक्षित सेवा मिलेगी। रेलवे बोर्ड के सूत्रों ने बताया कि कपूरथला स्थिति रेल कोच फैक्ट्री में वंदे भारत मेट्रो ट्रेन का पहला रैक करीब -करीब तैयार है और अगले महीने परीक्षण के लिए बाहर आएगा। सूत्रों के अनुसार वंदे भारत मेट्रो के 50 रैक बनने के बाद 400 और रैक के निर्माण का आर्डर दिया जाएगा।

# किये गये वादे निभाने में मोदी सरकार विफल : खड़गे

- किसानों की आय दोगुनी करने में भाजपा नाकाम कृषि और अन्य आवश्यक वस्तुओं पर लगाया जीएसटी
- लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए लड़ रही कांग्रेस

एजेंसी




**गुवाहाटी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केन्द्र की मोदी सरकार पर हमला बोला है। खड़गे ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार पिछले 10 वर्षों में किए गए वादों को निभाने में विफल रही है। कांग्रेस महंगाई, बेरोजगारी और विकास के लिए लड़ती रही है, लेकिन भाजपा ने इन मुद्दों पर मुंह मोड़ लिया है। खड़गे ने शनिवार को गुवाहाटी के बड़झार स्थित एक होटल में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने में भाजपा नाकाम रही है। कृषि और अन्य आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी लगाया है। खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह हमेशा सबका साथ, सबका विकास की बात करते हैं, लेकिन विकास बहुत दूर है। लोकसभा चुनाव को लेकर खड़गे ने कहा कि यह चुनाव देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह चुनाव व्यक्तिगत चुनाव नहीं है। देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए चुनाव है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र और देश के संविधान की रक्षा के लिए लड़ रही है। कांग्रेस ने लोगों को पांच न्याय और 25 गारंटी देने का वादा किया है। उनकी पार्टी इन सभी वादों और गारंटियों को पूरा करने का दावा करती है। संवाददाता सम्मेलन में असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी जितेंद्र सिंह, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा, देबब्रत सैकिया और गुवाहाटी से पार्टी उम्मीदवार मीरा बरठाकुर मौजूद थे।

## कांग्रेस के घोषणा पत्र को मिला नया स्तर: चिदंबरम

**नयी दिल्ली ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने पार्टी के घोषणा पत्र की लगातार आलोचना करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर शनिवार को कहा कि पहले चरण के मतदान में अपनी हार सुनिश्चित देखते हुए श्री मोदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को महत्व देना शुरू किया है। श्री चिदंबरम ने कहा कि श्री मोदी द्वारा लगातार की जा रही आलोचना से कांग्रेस के घोषणा पत्र को नया स्तर मिला है और इसको लेकर जनता में जो चर्चा शुरू हुई है उससे कांग्रेस की बात लोगों के बीच पहुंची है और इसके लिए वह श्री मोदी का धन्यवाद करते हैं। कांग्रेस के वरिष्ट नेता ने एक्स प्लेटफॉर्म पर लिखा कि गौर करने वाली बात यह है कि गत 05 अप्रैल से 19 अप्रैल के बीच श्री मोदी कांग्रेस के घोषणापत्र को बराबर नजरअंदाज करते रहे लेकिन 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान की बाद वह लगातार कांग्रेस के घोषणा पत्र पर कड़ी प्रतिक्रिया कर रहे हैं।पूर्व वित्त मंत्री ने इसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के बाद अपनी हार सुनिश्चित देखी हुई है उन्होंने जो आलोचना शुरू की है उससे घोषणापत्र को एक नया कद मिला है। उन्होंने तंज करते हुए कहा कि मोदी सरकार चली गयी। कुछ दिनों के लिए बीजेपी सरकार थी कल से एनडीए सरकार है। क्या आपने 19 अप्रैल के बाद से हुए नाटकीय बदलाव पर ध्यान दिया है।

## मुंबई उत्तर -मध्य से उज्जवल निकम बने भाजपा के उम्मीदवार




**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र के मुंबई उत्तर-मध्य लोकसभा चुनाव सीट से भाजपा ने वरिष्ठ वकील उज्जवल देवराओ निकम को उम्मीदवार बनाया है। मौजूदा सांसद पूनम महाजन का टिकट कट गया है। भाजपा ने शनिवार को उज्जवल निकम को इस सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। उल्लेखनीय है कि उज्जवल निकम 26/11 मुंबई हमले के आतंकी अजमल कसाब के खिलाफ केस लड़ने के बाद चर्चा में आए थे। कसाब के मामले में विशेष लोक अभियोजक बनकर उन्होंने कसाब को फांसी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कसाब को 2012 में फांसी दी गई थी। निकम ने 1993 बॉम्बे बम धमाका, हिट-एंड-रन मामला और पुणे सीरियल बम धमाके के मामले में भी अभियोजक रहे हैं।

# आदिवासी भाइयों पर नहीं लागू होगा यूसीसी : शाह

कहा- बार-बार मुस्लिमों को आरक्षण देकर एससी, एसटी, ओबीसी के हक छीनने की बात करती है कांग्रेस

एजेंसी



**भरुच(गुजरात)।** केन्द्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शनिवार को दूसरी जनसभा भरुच के खंडोली में की। उन्होंने कांग्रेस को आदिवासी विरोधी पार्टी करार दिया। यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) के संबंध में उन्होंने कहा कि यह आदिवासी भाइयों के लिए पहले से बने कानून पर लागू नहीं होगा। भरुच से भाजपा उम्मीदवार मनसुख वसावा को जिताने की अपील करते हुए उन्होंने जनता से कहा कि यदि उन्होंने गड़बड़ी की तो अर्बन नक्सली आदिवासी क्षेत्र को तहस-नहस कर देंगे। भरुच के खंडोली में अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बार-बार मुस्लिमों को आरक्षण देकर एससी, एसटी, ओबीसी के अधिकार छीनने की बात करती है। हमने अपने घोषणापत्र में कहा कि कोई भी आरक्षण धर्म आधारित नहीं हो सकता है। मुस्लिम रिजर्वेशन के जितने भी प्रयास हुए हैं, भाजपा ने इन सभी प्रयासों को समाप्त कर आदिवासी, दलित और ओबीसी समाज को देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने गारंटी दी है कि मोदी आदिवासी, दलित और ओबीसी के आरक्षण पर कभी हाथ नहीं लगाएगा और किसी को लगाने देगा भी नहीं। भरुच से कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के संयुक्त उम्मीदवार चैतर वसावा का जिक्र कर शाह ने कहा कि वे चैतर वसावा को अच्छी तरह से पहचानते हैं। भूल नहीं करना नहीं तो वर्षों पुराना उसका यहां फिरौती का बिजनेस था, जो बंद हो गया है, वह फिर से चालू हो सकता है। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार मनसुख वसावा के बारे में कहा कि इस क्षेत्र को उनके जैसा जनप्रतिनिधि नहीं मिलेगा। यदि आप मतदाताओं ने गड़बड़ी की तो अर्बन नक्सली आ जाएंगे और आदिवासी क्षेत्र को तहस-नहस कर देंगे। केन्द्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए शाह ने कहा कि उनकी सरकार 70 साल से अधिक उम्र के लोगों का मुफ्त इलाज करेगी। नागरिक रोडपति हो या करोड़पति हो, सभी की दवा का खर्च मोदी ने माफ करने की घोषणा की है।

## सबको जेल में डाल देगी भाजपा : अखिलेश यादव



**कानपुर।** कन्नौज लोकसभा में आने वाली रसूलाबाद विधानसभा में शनिवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार आपको और हमें भी जेल में डाल देगी। समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की कन्नौज लोकसभा सीट पर पहले तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार बनाया था। इसके बाद अखिलेश यादव को यहां से लड़ने की मांग तेज हो गई तो सपा अध्यक्ष ने अपना नामांकन करा लिया। अब इस लोकसभा सीट पर सबकी नजर बनी हुई है। भाजपा सांसद सुब्रत पाठक हैं। नामांकन के बाद शनिवार को अखिलेश रसूलाबाद विधानसभा में एक रोड शो का आयोजन कर भाजपा पर जमकर निशाना साधा। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने भ्रष्टाचारों के लिए एक गोदाम खोल रखा है। जितने भी भ्रष्टाचारी हैं इस समय भाजपा के गोदाम में हैं, जिसके चलते भ्रष्टाचार चरम पर है।

## आतंकियों की राम नाम सत्य भी करते हैं : योगी

यूपी के सीएम बोले-यदि कोई पटाखा भी फूटता है तो पाक देता है सफाई, यही है नया भारत




**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस, सपा, और बसपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हम राम मंदिर ही नहीं बनाते आतंकवादियों की राम नाम सत्य भी करते हैं। योगी ने देश के विकास को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा उम्मीदवार ठा. विश्वदीप सिंह के पक्ष में मतदान कर देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो चरणों का चुनाव संपन्न हो चुका हैं और चारों तरफ मोदी की लहर चल रही है। यह लहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले 10 वर्षो में उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों की लहर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारतवासियों को दुनिया में सम्मान की नजरों से देखा जाता है। देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। देश से नक्सलवाद, आतंकवाद समाप्त हुआ है। कांग्रेस सरकार में आतंकवाद की घटनाएं होती थी तो कांग्रेस कहती थी कि देखते है और यही सपा, बसपा के लोग कांग्रेस को समर्थन देते थे लेकिन आज यदि कोई पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान सफाई देता है। यही नया भारत है। उन्होंने कहा कि हम राम मंदिर ही नही बनाते आतंकवादियों की राम नाम सत्य भी करते हैं। उन्होंने कहा कि जिन आतंकवादियों ने श्री राम जन्मभूमि, संकट मोचन मंदिर और न्यायपालिका पर हमला किया। सीआरपीएफ कैंप, रामपुर पर हमला किया। उनके मुकदमों को भी समाजवादी पार्टी ने वापस लेने का कुत्सित प्रयास किया था।

## सरकार बनी तो वन अधिकार कानून लागू करेंगे : प्रियंका

- आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों को अनुसूचित क्षेत्र घोषित करेगी कांग्रेस, सभी सुविधाएं मिलेगी

एजेंसी



**धरमपुर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को गुजरात के वलसाड जिले के धरमपुर स्थित दरबार गढ़ कम्पाउंड में सभा को संबोधित किया। सूरत हवाईअड्डे पर पहुंचने के बाद यहां हेलिकॉप्टर खराब होने से वे सड़क मार्ग से धरमपुर पहुंची। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में कांग्रेस मेनिफेस्टो की खूब चर्चा है, इसे न्याय पत्र नाम दिया गया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि पिछले 10 सालों से लोगों के जीवन में तरक्की नहीं आई, लोगों को न्याय नहीं मिला है। कांग्रेस ने जो न्याय पत्र बनाया है इसमें काफी स्कीम और गारंटी लाए हैं, उसे पूरा करेंगे। जहां-जहां हमारी सरकारें हैं या थीं वहां हमने जो भी गारंटी दी, उसे पूरा किया। हमारी सरकार आएगी तो वन अधिकार का कानून लागू करेंगे और पट्टों से संबंधित मामलों का फैसला एक साल के अंदर करवाएंगे। एससी-एसटी का सब प्लान लागू करेंगे। आदिवासी समाज की जहां अधिक जनसंख्या है, उसे अनुसूचित क्षेत्र घोषित करेंगे, ताकी सब सुविधाएं मिले।

## दो चरणों के बाद एनडीए 2-0 से आगे

- दो गोल के बाद अब तीसरे की जिम्मेदारी कोल्हापुर के लोगों पर आ गयी है : मोदी

एजेंसी



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कोल्हापुर में कहा कि फुटबाल की भाषा में कहें तो लोकसभा चुनाव के दो चरणों के बाद भाजपा नीत एनडीए गठबंधन 2-0 से आगे है। कांग्रेस और उसका गठबंधन शून्य पर है और हमने चुनाव में बढ़त बना ली है। मोदी शनिवार को कोल्हापुर जिले में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार धैर्यशील माने और संजय मांडलिक के समर्थन में सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने जगत भारी कोल्हापुरी कहकर अपने संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि मुझे पता चला कि कोल्हापुर में फुटबॉल मशहूर है। यानी फुटबॉल की भाषा में कहें तो पहले दो चरण के चुनाव के बाद एनडीए और बीजेपी 2-0 से आगे हैं। मोदी ने कहा कि दो गोल करने के बाद अब तीसरे गोल की जिम्मेदारी कोल्हापुर पर आ गई है। कोल्हापुरकर ऐसा गोल करेंगे कि कांग्रेस मोर्चे का माथा ठनक जाएगा। दूसरी ओर, इंडी अघाड़ी ने राष्ट्र-विरोधी और नफरत की राजनीति के दो आत्म-लक्ष्य बनाए हैं। इससे यह तय है कि मोदी सरकार दोबारा आएगी। नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उनके समर्थक नेता पहले दो चरणों के बाद भ्रमित हैं। अब वे ध्रुवीकरण की भाषा बोलने लगे हैं। अगर देश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार आती है तो वे जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को फिर से लागू करने की सोच रहे हैं। वे सीएए कानून को भी रद्द कराना चाहते हैं। लेकिन मुझे उनसे एक बात कहनी है। क्या वे उस सरकार के दरवाजे तक भी पहुंच सकते हैं, जिसके तीन अंकों की संख्या में सांसदों के चुने जाने की उम्मीद है? प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी अघाड़ी के लोग अब देश पर गुस्सा निकाल रहे हैं। कर्नाटक और तमिलनाडु में उनके नेता दक्षिण भारत को बांटने की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन क्या यह संभव है? छत्रपति शिवाजी महाराज के समय में जिस धरती पर अहद पेशावर, ताहद तंजावुर, हिंदवी स्वराज्य' का उद्घोष किया गया था, क्या वह इंडी अघाड़ी के मंसूबों को पूरा करेगी? मोदी ने मतदाताओं से विभाजनकारी भाषा बोलने वालों को करारा जवाब देने का आग्रह किया है।




# रायबरेली में 17 बार रहा है कांग्रेस का कब्जा

**महासमर**

- भाजपा के अशोक सिंह ने दो बार जीत दर्ज की थी
- 1977 में जनता पार्टी के राज नारायण हुये थे विजयी
- 2024 में अभी तक कांग्रेस और भाजपा ने नहीं किया है उम्मीदवारों का एलान

एजेंसी

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट पर हमेशा ही कांग्रेस का दबदबा रहा है। इस वीआईपी जिले की सीट पर 17 बार कांग्रेस पार्टी ने जीत दर्ज की है, जिसमें से कांग्रेस (आई) दो बार जीत दर्ज की है। भाजपा के अशोक सिंह ने दो बार जीत दर्ज की है। एक बार जनता पार्टी के राज नारायण ने जीत दर्ज की है। सपा और बसपा को इस सीट पर जीत नही मिली। 2019 के लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी जीती थीं, लेकिन इस बार सोनिया राजस्थान से राज्यसभा पहुंचीं। रायबरेली में नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इसके बावजूद अभी तक प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। इस बार चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा नहीं करके सीधे नामांकन करने पहुंचेगी। इस बात की लोगों तक सूचना जाएगी कि कौन यहां से चुनाव लड़ेगा।

चर्चा है कि प्रियंका गांधी रायबरेली लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ सकती हैं। वहीं, भाजपा भी रायबरेली में अपने प्रत्याशी की घोषणा अभी तक नहीं की है। भाजपा ने इस सीट पर वरुण गांधी को लड़ने का ऑफर दिया था, लेकिन उन्होंने मना कर दिया है। 2019 में कांग्रेस की सोनिया गांधी ने चुनाव जीता था। उन्हें 534918 वोट मिले थे, जबकि भाजपा उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह को 367740 वोट मिले थे। तीसरे पर अशोक प्रताप मौर्य एबीपीडी के प्रत्याशी को 9459 वोट मिले थे।



### मोदी लहर में भी नहीं ढहा किला

कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाली उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है। 2014 के चुनाव में कांग्रेस की तत्कालीन अध्यक्ष सोनिया गांधी ने यह सीट हासिल की थी। उन्हें 526434 वोट मिले थे, भाजपा के उम्मीदवार अजय अग्रवाल को 173721 वोटों के साथ दूसरे नंबर पर थे।

| वर्ष | नाम | पार्टी |
|---|---|---|
| 1957 | बैजनाथ कुरील | कांग्रेस |
| 1957 | फिरोज गांधी | कांग्रेस |
| 1960 | आरपी सिंह | कांग्रेस |
| 1962 | बैजनाथ कुरील | कांग्रेस |
| 1967 | इंदिरा गांधी | कांग्रेस |
| 1971 | इंदिरा गांधी | कांग्रेस |
| 1977 | राज नारायण, | जनता पार्टी |
| 1980 | अरुण नेहरु | कांग्रेस (आई) |
| 1980 | इंदिरा गांधी | कांग्रेस (आई) |
| 1984 | अरुण नेहरु | कांग्रेस |
| 1989 | शीला कौल | कांग्रेस |
| 1991 | शीला कौल | कांग्रेस |
| 1996 | अशोक सिंह | भाजपा |
| 1998 | अशोक सिंह | भाजपा |
| 1999 | कैप्टन सतीश शर्मा | कांग्रेस |
| 2004 | सोनिया गांधी | कांग्रेस |
| 2006 | सोनिया गांधी | कांग्रेस |
| 2009 | सोनिया गांधी | कांग्रेस |
| 2014 | सोनिया गांधी | कांग्रेस |
| 2019 | सोनिया गांधी | कांग्रेस |

## गुजरात व राजस्थान में 300 करोड़ रुपये की नशीली दवा जब्त

**नयी दिल्ली ।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गुजरात पुलिस के आतंकवाद रोधी दस्ते के साथ मिलकर गुजरात और राजस्थान में नशीली दवा बनाने वाली तीन अत्याधुनिक गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ कर 300 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की दवा जब्त की हैं। ब्यूरो ने शनिवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि इस संयुक्त कार्रवाई में मुख्य रूप से मेफेड्रोन नाम की नशीली दवा बनाने वाली तीन गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ किया गया है । ब्यूरो ने कहा है कि अभी चौथी प्रयोगशाला पर छापेमारी जारी है। रात भर कई राज्यों में चले ऑपरेशन में 149 किलोग्राम मेफेड्रोन , 50 किलोग्राम एफेड्रिन और 200 लीटर एसीटोन जब्त किया गया। इस अभियान में सात व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं और सरगना की पहचान कर ली गयी है।

